हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

आरा, औरंगाबाद एवं रांची से प्रकाशित हिंदी दैनिक

● आरा ● वर्ष -08 ● अंक - 299 ● शनिवार 13 अप्रैल 2024 ● रजि नं. - BIHHIN/2017/72765 ● पृष्ठ - 12 ● मूल्य : 2 रुपये

## प्रधानमंत्री मोदी का कांग्रेस को चैलेंज आर्टिकल 370 को वापस लाकर दिखाएं

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जम्मू कश्मीर के उधमपुर में प्रचार करने पहुंचे। पीएम मोदी ने यहां पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के समर्थन में प्रचार किया। इस दौरान पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित कर कहा, मैं उधमपुर पिछले कई दशकों से आ रहा हूं। जम्मू-कश्मीर की धरती पर मेरा आना जाना पिछले 5 दशक से चल रहा है। मुझे याद है 1992 में एकता यात्रा के दौरान यहां आपने भव्य स्वागत और सम्मान किया था। आप भी जानते हैं कि तब हमारा मिशन लाल चौक पर तिरंगा फहराने का था, तब यहां माताओं-बहनों ने बहुत आशीर्वाद दिया था। उन्होंने कहा कि साल 2014 में माता वैष्णो देवी के दर्शन करके आया था और तभी मैंने आपको गारंटी दी थी कि जम्मू कश्मीर की अनेक पीढ़ियों ने जो कुछ सहा है, मैं उससे आपको मुक्ति दिलाऊंगा। आज आपके आशीर्वाद से मोदी ने वहां गारंटी पूरी कर दी है। उन्होंने कहा कि वे दिन दूर नहीं जब जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव होने है। मैंने आपके लिए बहुत बड़ा सपना देखा है, विधानसभा चुनाव कराने जा रहे हैं। हम राज्य का दर्जा



बहाल करने वाले है। पीएम मोदी ने कहा कि दशकों बाद ये पहला चुनाव है, जब आतंकवाद, अलगाववाद, पत्थरबाजी, बंद, हड़ताल, सीमा पार से गोलीबारी, ये चुनाव के मुद्दे ही नहीं हैं। तब माता वैष्णो देवी यात्रा हों या अमरनाथ यात्रा, ये सुरक्षित तरीके से कैसे हों इस लेकर ही चिंता होती थी। आज स्थिति एकदम बदल गई है। आज जम्मू कश्मीर में विकास भी हो रहा है और विश्वास भी बढ़ रहा है। इसकारण आज जम्मू कश्मीर के चप्पे-चप्पे से एक ही गूंज सुनाई दे रही है, फिर एक बार मोदी सरकार। रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस सहित इंडी गठबंधन पर तीखा हमला किया।

### नवरात्र में नानवेज खाते हैं, लोगों की भावना का ख्याल नहीं

प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान तेजस्वी यादव पर भी सवाल उठाकर कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को भी लपेट दिया। पीएम मोदी ने कहा कि इन्हें देश के लोगों की भावनाओं का भी ख्याल नहीं है। एक नेता हैं, जो सावन के महीने में भ्रष्टाचार के आरोपी नेता के यहां जाते हैं और मटन तैयार करते हैं। वहीं एक नेता हैं, जो नवरात्रि के मौके पर दिखाते हैं कि मछली खा रहे हैं। इसका बाकायदा वीडियो भी शेयर होता है। पीएम मोदी ने कहा कि यह किसी का भी हक है कि वे जो चाहें खाएं, लेकिन लोगों की भावनाएं भी हैं। पीएम मोदी ने कहा, नवरात्रि के दिनों में नॉन वेज खाने की वीडियो दिखाकर, लोगों की भावनाओं को चोट पहुंचाकर ये किस खुश करने का खेल कर रहे हैं। आज जब मैं ये बोल रहा हूं, उसके बाद ये लोग मुझपर गालियों की बौछार कर देने वाले हैं।

### तीसरी बार मोदी सरकार बना दो, हम भारत को तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बना देंगे: शाह

**मुरादाबाद**। जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव मतदान के दिन करीब आ रहे हैं। चुनाव प्रचार जोर पकड़ता जा रहा है। सभी पार्टियां अपने-अपने स्टान प्रचारों को चुनाव प्रचार के लिए मैदान में उतार चुकी हैं। वहीं यूपी में भी भाजपा चुनाव प्रचार में तेजी से जुटी हुई क्योंकि भाजपा को इस बार 370 सीटें हासिल करनी हैं इसी को लेकर भाजपा हर सीट पर अपनी पूरी ताकत झोंक रही हैं। वहीं आज केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यूपी के मुरादाबाद में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद जनता से कहा कि इस बार ना 73 और ना ही 65 पूरी की पूरी 80 सीटें भाजपा की झोली में डालना है इसके लिए आप को भाजपा को वोट देकर मोदी जी के हाथों को मजबूत करना है। शाह ने कहा कि मोदी जी ने 10 साल में देश की अर्थव्यवस्था को 11वें नंबर से 5वें नंबर पर ला दिया है। उन्होंने से



अपील की कि आप तीसरी बार मोदी सरकार बना दो, मोदी की गारंटी है, इस बार भारत को हम तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बना देंगे। उन्होंने कहा मोदी जी ने आपसे किए सारे वादे पूरे किए। 2019 में एक बार फिर आपने मोदी जी को चुना और भाजपा की सरकार बनाई। पांच साल में कोर्ट का फैसला भी आ गया, भूमिपूजन भी हुआ और 22 जनवरी को श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भी हो गई। शाह ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे जी कहते हैं कि राजस्थान और उत्तर प्रदेश वालों को कश्मीर से क्या लेना-देना।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में किया रोड शो

एजेंसी। पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद पहली बार चुनावी दौरे पर आज शुक्रवार को नालंदा पहुँचें। चुनाव प्रचार को लेकर नवादा जाने की क्रम में बिहार शरीफ के अंबेडकर चौराहा स्थित देवीसराय में एनडीए प्रत्याशी कौशलेंद्र कुमार के पक्ष में कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया।मुख्यमंत्री श्री कुमार नालन्दा संसदीय क्षेत्र के 17 नंबर तालाब पर से रोड शो करते हो डॉक्टर भीमराव अंबेडकर देवीसराय चौराहा पर पहुँचें, जहाँ आम लोगों को उन्हें संबोधित करना था। हालांकि वे संबोधन के बिना ही कारगिल चौक, चोरा बगीचा तक रोड शो करते हुए नवादा की ओर प्रस्थान कर गए।

**ढ़ोल नगाड़े लिए जूट रहें एनडीए के कार्यकर्ता** : आज सुबह से ही एनडीए के कार्यकर्ता देवीसराय चौक के पास जुटना शुरू हो गए थें। ढोल नगाड़े और हाथों में फूल माला लिए कार्यकर्ताओं ने अपने नेता नीतीश कुमार का स्वागत किया। वहीं एनडीए गठबंधन के जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहें।



**मुख्यमंत्री ने लोगों का किया अभिवादन** : नीतीश कुमार निश्चय रथ पर सवार होकर देवीसराय चौक के पास पहुँचे जहां उन्होंने रथ के छत पर सवार होकर मौजूद कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया और नवादा की ओर प्रस्थान कर गए। इस दौरान उनके साथ मंत्री विजय चौधरी समेत अन्य मंत्री भी मौजूद रहें।

**सुरक्षा के पुख्ता इन्तेजाम** : मुख्यमंत्री के आगमन और चुनावी जनसभा को लेकर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतेजाम था। पूरे रास्ते मे जगह- जगह पुलिस के जवानों को लगाया गया था। वहीं सभा स्थल पर भी भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद थी। जिले के आलाधिकारी भी खुद इसकी मॉनिटरिंग करते दिखें।

**दीपंकर भट्टाचार्य भी आ चूकें हैं नालन्दा** : लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद जिले में पहली बार बड़े स्तर के नेता चुनावी प्रचार को लेकर आ रहें हैं। इसके पूर्व भाकपा माले के दीपांकर भट्टाचार्य ने इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं को एक निजी सभागार में सम्बोधित किया था।

**नालन्दा में 1 जून को है चुनाव** : नालंदा में लोकसभा का चुनाव सातवें चरण यानी 1 जून को होना है। 4 जून को परिणाम सामने आएंगे। नालंदा में एनडीए प्रत्याशी के रूप में तीन बार से नालंदा के सांसद रहे कौशलेंद्र कुमार और इंडिया गठबंधन की ओर से पालीगंज के विधायक संदीप सौरभ मैदान में है। दोनों ही प्रत्याशी अपने -अपने स्तर से चुनावी जनसंपर्क अभियान में जुटे हुए हैं।

---

### ख़ास ख़बर

### अफगानिस्तान में हिन्दू-सिखों की संपत्ति बहाली के फैसले का भारत ने स्वागत किया

**नई दिल्ली**। विदेश मंत्रालय ने अफगानिस्तान की तालिबान हकुमत की ओर से हिन्दू और सिख नागरिकों के संपत्ति अधिकार बहाल किए जाने को एक सकारात्मक घटनाक्रम बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को साप्ताहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक सवाल के जवाब में यह बात कही। पाकिस्तान



के साथ संबंधों से जुड़े सवाल पर जायसवाल ने कहा कि पड़ोसी देश की नेताओं की ओर से परस्पर विरोधी बयान दिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शहबाज शरीफ के प्रधानमंत्री पद ग्रहण किए जाने पर उन्हें बधाई दी थी। द्विपक्षीय संबंधों के बारे में पाकिस्तानी पक्ष ने परस्पर विरोधी बयान दिए हैं जिन पर हम गौर कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि अफगानिस्तान से इस आशय की रिपोर्ट आई थी कि ताबिलान शासन ने हिन्दू और सिख अल्पसंख्यकों की निजी जमीन एवं अन्य संपत्तियां बहाल करने का फैसला किया है। इस नए रुख के बाद कुछ अल्पसंख्यक अब अफगानिस्तान लौटे हैं। अमेरिका में कुछ भारतीय छात्रों की मौत से जुड़े सवाल पर प्रवक्ता ने कहा कि भारतीय राजनयिक मिशन वहां अध्ययनरत छात्रों के संपर्क में है। हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। दो छात्रों की मौत का उल्लेख करते हुए प्रवक्ता ने कहा कि हमें आशा है कि इसका कारण जल्द ही सामने आएगा। एक छात्र की मौत को आत्महत्या बताया जा रहा है जबकि एक अन्य छात्र को गोली मारी गई थी।

### चुनाव आयोग का बड़ा निर्णय: घाटी के विस्थापितों के लिए फॉर्म एम भरने की बोझिल प्रक्रिया खत्म




**नई दिल्ली**। चुनाव आयोग ने आम चुनाव-2024 में कश्मीरी प्रवासियों को मतदान की सुविधा देने से जुड़ा एक बड़ा फैसला लिया है। आयोग ने जम्मू और उधमपुर में रहने वाले घाटी के विस्थापित लोगों के लिए फॉर्म-एम भरने की बोझिल प्रक्रिया को समाप्त कर दिया है। इसके अतिरिक्त जम्मू और उधमपुर के बाहर रहने वाले प्रवासियों (जिनके लिए फॉर्म एम जमा करना जारी रहेगा) के लिए ईसीआई ने फॉर्म-एम के साथ संलग्न प्रमाणपत्र के स्व-सत्यापन को अधिकृत किया है। इससे प्रमाणपत्र को राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित कराने की परेशानी दूर हो गई है। आयोग ने आज मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता में चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू के साथ एक बैठक में यह निर्णय लिया। उल्लेखनीय है कि आयोग को फॉर्म-एम भरने में आने वाली कठिनाइयों पर कई कश्मीरी प्रवासी समूहों से विभिन्न अभ्यावेदन प्राप्त हुए थे। फॉर्म-एम प्रक्रिया के चलते विस्थापितों को अन्य मतदाताओं की तुलना में अतिरिक्त नौकरशाही बाधाओं का सामना करना पड़ता है और फॉर्म-एम भरने की प्रक्रिया अक्सर जटिल और बोझिल होती है, जिसके लिए विशिष्ट दस्तावेज, प्रवासन स्थिति का प्रमाण और एक राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापन की आवश्यकता होती है।

## कांग्रेस नेता का कटाक्ष, चुनाव के बाद तिहाड़ जेल में होगा मोदी कैबिनेट का पुनर्मिलन

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनावी रैली में दिए हालिया बयान, भ्रष्टाचारी जेल जाएंगे के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बीजेपी के नेतृत्व वाली केंद्र पर तीखा कटाक्ष किया। कांग्रेस नेता रमेश ने कहा कि इस तरह के वादे के साथ, मोदी का मंत्रिमंडल लोकसभा चुनाव के बाद खुद को तिहाड़ जेल में एक सुंदर पुनर्मिलन में पा सकता है। कांग्रेस नेता रमेश ने सवाल किया कि जिसे उन्होंने वैध भ्रष्टाचार कहा है, उसकी देखरेख करने वालों को भी गिरफ्तारी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हैशटैग इलेक्टोरल बॉन्ड के साथ एक पोस्ट के जरिए मामले पर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। कांग्रेस नेता रमेश ने पोस्ट में लिखा कि पीएम ने भ्रष्टाचारियों को जेल भेजने की गारंटी दी है।



याद रखें कि पेटीएम घोटाले में भ्रष्टाचार के चार तरीके देखने को मिले हैं। 1. प्री-पेड : चंदा दो, धंधा लो, 2. पोस्ट पेड : ठेका लो, रिश्वत दो, 3. पोस्ट रेड : ईडी/आईटी छापों के माध्यम से हफ्ता वसूली और 4. फर्जी कंपनियां। उन्होंने लिखा कि क्या जिनकी देखरेख में वैध तरीके से और संयोजित ढंग से ये भ्रष्टाचार हुआ है वे लोग भी जेल जायेंगे? यदि ऐसा हुआ तब तिहाड़ में मोदी कैबिनेट का बेहद शानदार पुनर्मिलन होगा! इसके पहले, राजस्थान में रैली को संबोधित कर पीएम मोदी ने उन लोगों पर अपना रुख स्पष्ट किया था जो भ्रष्ट हैं और जो इन भ्रष्ट लोगों को बचा रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, ये सभी लोग जो भ्रष्टाचारियों को बचाने निकले हैं, ध्यान से सुन लें, आप मोदी को कितनी भी धमकियां दे लें, भ्रष्टाचारियों को जेल जाना ही होगा।

## 41 राजनयिकों को वापस भेजने के बाद कनाडा ने भी घटाया भारतीय स्टाफ

एजेंसी। ओटावा

भारत सरकार ने बीते साल कनाडा के 41 राजनयिकों को वापस भेजने का आदेश दिया था। इसके बाद कनाडा ने कहा कि जब हमारे राजनयिकों की संख्या भारत में कम है तो फिर हमें उनके लिए तैनात स्टाफ में भी कटौती करनी पड़ेगी। राजनयिकों की संख्या भारत की ओर से कम करने के आदेश के बाद ही कनाडा ने मुंबई, चंडीगढ़ और बेंगलुरु में अपने कौंसुलेट्स को भी बंद कर दिया है। स्टाफ में कटौती की पुष्टि करते हुए कनाडा उच्चायोग के एक अधिकारी ने बताया कि भले ही यह कठिन फैसला है, लेकिन हमारे राजनयिकों की ही संख्या कम होने



के चलते ऐसा करना पड़ा। उन्होंने कहा कि भारत में कनाडा के वीजा आवेदन केंद्र पहले की तरह ही चालू रहेंगे। उन्होंने कहा कि हम भारत में अपने स्थानीय स्टाफ के आभारी हैं कि उन्होंने इतने अरसे तक पूरे समर्पण और गंभीरत के साथ सेवाएं दीं। भारत के साथ कूटनीतिक संबंधों में तनाव के बाद भी कनाडा ने कहा कि हम भारतीयों का स्वागत करते हैं। वे कनाडा में स्टडी, नौकरी या फिर स्थायी निवास के लिए आ सकते हैं, हम उनका स्वागत करेंगे। वहीं भारतीय सूत्रों का कहना है कि सरकार का उद्देश्य यह नहीं था कि कनाडा भारत में अपने कौंसुलेट्स को बंद करे। हमारा उद्देश्य था कि राजनयिकों की संख्या में समान रहनी चाहिए। कनाडा का स्टाफ भारत में तय सीमा से अधिक था, ऐसे में 41 लोगों को वापस भेजने का आदेश दिया गया। बता दें कि बीते साल कनाडा में खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या हो गई थी। बाइक सवार अज्ञात बंदूकधारी उसे गोली मारकर फरार हो गए थे। अब तक इस मामले में कनाडा सरकार जांच किसी नतीजे तक नहीं पहुंची है।

### पीएम 16 अप्रैल को बिहार के पूर्णिया में करेंगे चुनावी सभा

**पटना**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16 अप्रैल को बिहार आ रहे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दरभंगा विधानसभा सीट से विधायक संजय सरावगी ने शुक्रवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की चुनावी रैली पूर्णिया में अभूतपूर्व होगी और इस रैली में दो लाख से ज्यादा लोग मौजूद होंगे। राजग उम्मीदवार संतोष कुशवाहा ने मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री 2014 में पूर्णिया आए थे और एक बार फिर प्रधानमंत्री 16 अप्रैल को पूर्णिया आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजग लोकसभा चुनाव में 400 का आंकड़ा पार करेगा जबकि पूर्णिया लोकसभा सीट से राजग उम्मीदवार 4 लाख पार करेगा। इस लोकसभा चुनाव में पूर्णिया लोकसभा संसदीय सीट बिहार का सबसे ज्यादा हॉट सीट बन चुकी है। यहां से एनडीए प्रत्याशी संतोष कुशवाहा है। राजद ने यहां से जदयू छोड़कर राजद में शामिल हुई रुपौली के पूर्व विधायक बीमा देवी को मैदान में उतारा है। यहां इन दोनों की टक्कर कुछ दिन पूर्व ही कांग्रेस में शामिल हुए निर्दलीय उम्मीदवार पप्पू यादव से होगी।

## वायु सेना के लिए और खरीदे जाएंगे 97 एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमान

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय वायु सेना के लिए 97 और लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) मार्क-1ए खरीदने के लिए रक्षा मंत्रालय ने टेंडर जारी कर दिया है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के लिए जारी टेंडर की कीमत 65 हजार करोड़ रुपये से अधिक होने की उम्मीद है। यह स्वदेशी सैन्य हार्डवेयर के लिए सबसे बड़ा ऑर्डर होगा, क्योंकि 83 एलसीए मार्क-1ए के लिए पिछला ऑर्डर 48 हजार करोड़ रुपये का था। भारतीय वायु सेना के लिए 83 तेजस मार्क-1ए फाइटर जेट के सौदे पर 03 फरवरी, 2021 को बेंगलुरु में एयरो इंडिया के दौरान हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ हस्ताक्षर

• रक्षा मंत्रालय से एचएएल को 65 हजार करोड़ रुपये का टेंडर जारी




हुए थे। तेजस एमके-1ए की आपूर्ति इसी साल से शुरू होगी और 2027 तक पूरे 83 विमान वायु सेना को मिल जाएंगे। इनमें 73 लड़ाकू विमान और 10 ट्रेनर विमान होंगे। वायु सेना को इसी सौदे का पहला ट्विन-सीटर ट्रेनर पिछले साल 04 अक्टूबर को एचएएल ने वायुसेना को सौंप दिया था। वायु सेना की जरूरत को देखते हुए केंद्र सरकार ने लंबे इंतजार के बाद पिछले साल 30 नवंबर को 97 तेजस एमके-1ए खरीदने को मंजूरी दी थी। एचएएल के साथ अतिरिक्त 97 तेजस एमके-1ए के सौदे पर हस्ताक्षर होने के बाद कुल 180 विमानों का उत्पादन किया जाना है। एचएएल ने 83 विमानों का ऑर्डर मिलने पर प्रति वर्ष 16 जेट तैयार करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन 97 विमानों का और ऑर्डर मिलने पर प्रति वर्ष 32 जेट का उत्पादन करने की तैयारी है। रक्षा मंत्रालय ने हाल ही में एचएएल को निविदा जारी की गई थी और उन्हें इसका जवाब देने के लिए तीन महीने का समय दिया गया है। यह कार्यक्रम भारतीय वायुसेना को मिग-21, मिग-23 और मिग-27 के अपने बेड़े को बदलने में मदद करेगा।

### भाजपा वाशिंग मशीन नहीं है जो धोकर बेदाग कर दे : राजनाथ

एजेंसी। नई दिल्ली

चुनावी दौर में कई नेताओं पर जांच एजेंसियों ने शिकंजा कसा हुआ है। कुछ को राहत मिली है तो कुछ आफत में फंसे हैं। हाल ही में आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह को जमानत मिली तो सीएम अरविंद केजरीवाल अभी भी जेल में है। ऐसी स्थिति में सवाल उठने लगे कि जब संजय सिंह को जमानत मिल सकती है तो केजरीवाल को क्यों नहीं। इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा कोई वाशिंग मशीन नहीं है जो बेदाग बना दे। एक इंटरव्यू में राजनाथ सिंह ने विपक्ष पर देश की जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, अगर यह मान भी लिया जाए कि अरविंद केजरीवाल हमारी सरकार की वजह से जेल गए, लेकिन उन्हें राहत क्यों नहीं मिल रही है? क्या हमने अदालतों पर भी नियंत्रण कर लिया है? ये लोग क्या कहना चाह रहे हैं? उन्हें यह कहने का साहस करने दीजिए कि हमने कोर्ट पर कब्जा कर लिया है। क्या यह संभव है? रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस पार्टी के इस आरोप पर भी प्रतिक्रिया व्यक्त की कि भाजपा के पास एक वॉशिंग मशीन है, जो सत्तारूढ़ दल में शामिल होने के बाद अन्य दलों के नेताओं को साफ कर देती है। इसका जवाब देते हुए राजनाथ ने कहा कि भाजपा के पास कोई वॉशिंग मशीन नहीं है और सरकार एजेंसियों को विशिष्ट लोगों को गिरफ्तार करने के लिए नहीं कह रही है। उन्होंने कहा, कोई वॉशिंग मशीन नहीं हैय एजेंसियों को अपना काम करना है और वे ऐसा करेंगी।



क्या हम एजेंसियों को किसी विशिष्ट व्यक्ति को गिरफ्तार करने के लिए कह रहे हैं। ये आधारहीन आरोप हैं। वे अपनी गलतियों और कमजोरियों को छिपाने की कोशिश कर रहे हैं। देश को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई और आयकर विभाग अपना काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर विपक्ष को लगता है कि उनके नेताओं को आधारहीन आरोपों पर जेल भेजा जा रहा है, तो उन्हें अदालतों से सुरक्षा मिल सकती है। राजनाथ सिंह ने कहा कि अगर आप नेता संजय सिंह को जमानत मिल सकती है तो अन्य नेताओं को अदालतों से ऐसी राहत क्यों नहीं मिल पा रही हैं।राजनाथ ने कहा, भारत को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना है, यह हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है। अगर विपक्षी दलों को लगता है कि उन्हें फंसाया गया है, उनके नेता आधारहीन आरोपों पर जेल में हैं, तो उन्हें सुरक्षा मिल सकती है। अगर संजय सिंह को जमानत मिल सकती है, तो दूसरे नेताओं को ऐसी राहत क्यों नहीं मिल पाई है। बता दें कि आप नेता संजय सिंह को हाल ही में शराब नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत मिल गई है। उन्हें पिछले साल अक्टूबर में प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया था।

## कर्मचारी भविष्य निधि संगठन को लेकर कुछ बड़ा करने की तैयारी में मोदी सरकार

एजेंसी। नई दिल्ली

मोदी सरकार सामाजिक सुरक्षा कवरेज को बढ़ाने के लिए सरकारी स्तर कुछ बड़ा करने वाली है। खबर है कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के तहत वेतन सीमा को अब 15,000 से बढ़ाकर करीब 21,000 किया जा सकता है। ऐसा करना सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा प्राप्त करने की दिशा में एक मजबूत कदम होगा। पीएफ के लिए वेतन सीमा को बढ़ाने का प्रस्ताव पिछले कई वर्षों से ठंडे बस्ते में पड़ा था। अब इस प्रस्ताव पर फिर से विचार हो रहा है। मामले से जुड़े एक अधिकारी ने बताया, हम सभी विकल्पों का मूल्यांकन कर रहे हैं और इसबारे में निर्णय नई सरकार द्वारा




लिया जा सकता है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी के मुताबिक केंद्र सरकार का मानना है कि भारतीय उद्योग जगत की मजबूत बैलेंस शीट वेतन सीमा में बढ़ोतरी के कारण उद्यमों पर पड़ने वाले अतिरिक्त वित्तीय बोझ को कम करने में मदद करेगी। अधिकारी के अनुसार,वेतन सीमा बढ़ाने से सरकार और निजी क्षेत्र दोनों पर भारी वित्तीय प्रभाव पड़ेगा। एक अधिकारी ने बताया कि यदि केंद्र सरकार अधिक से अधिक श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाना चाहती है, तब केंद्र सरकार को उस दिशा में आगे बढ़ना होगा। अनुमान है कि बढ़ी हुई वेतन सीमा से लाखों श्रमिकों को लाभ होगा क्योंकि अधिकांश राज्यों में न्यूनतम मजदूरी 18,000 और 25,000 के बीच है। अभी जो वेतन सीमा है, उस वजह से वे किसी भी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा से वंचित हो जाते हैं। ईपीएफओ के तहत वेतन सीमा में आखिरी बार साल 2014 में बदलाव हुआ था। तब वेतन सीमा को 6,500 से बढ़ाकर 15,000 कर दिया गया था। हालांकि, इससे उलट कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) में भी वेतन की सीमा इससे ज्यादा है। वहां साल 2017 से ही 21,000 की उच्च वेतन सीमा है और सरकार के भीतर इस पर सहमति है कि दो सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत वेतन सीमा को अलाइन किया जाना चाहिए।

### केंद्रीय मंत्री चंद्रशेखर और थरुर के बीच विवाद बढ़ा

**नई दिल्ली**। चुनावी रण में आरोपों तीर चलना स्वाभाविक है। जब यही तीन कानून की चौखट पर पहुंच जाएं तो मामला गंभीर हो जाता है। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर और कांग्रेस के दिग्गज नेता शशि थरुर के बीच आरोपों को लेकर दिए गए नोटस चर्चा का विषय बन गया है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर और केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने चुनाव से पहले एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप तेज कर दिए हैं। पहले तो भाजपा नेता ने कांग्रेस लीडर के खिलाफ मानहानि नोटिस भेजा, जिसके जवाब में थरूर ने कहा कि उन्होंने जानबूझकर या अनजाने में मंत्री के खिलाफ गलत या दुर्भावनापूर्ण आरोप नहीं लगाया है। साथ ही उन्होंने चंद्रशेखर से अपना बयान वापस लेने और माफी मांगने की मांग रखी। इतना ही नहीं, उन्होंने मंत्री को कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दे डाली। थरूर के वकील की ओर से जारी बयान में कहा गया, मेरा क्लाइंट किसी भी अपमान के लिए जिम्मेदार नहीं है क्योंकि उन्होंने ऐसा कुछ कहा ही नहीं है। शशि थरूर के बयान में कहा गया, आपका क्लाइंट विवाद को बढ़ावा देने में लगा हुआ है। ऐसा करके वह लोगों का ध्यान भटकाना चाहते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 200 के पार पहुंचा भागलपुर का एक्यूआई

**भागलपुर, एजेंसी।** शहर की हवा की गुणवत्ता फिर खराब हो गई है। शुक्रवार को फिर से हवा की गुणवत्ता खतरनाक स्तर तक पहुंच गई। शुक्रवार को मायागंज प्रदूषण मापक केंद्र पर एयर क्वालिटी इंडेक्स 208 दर्ज किया गया। हवा की रफ्तार बढ़ने से पिछले सप्ताह हवा की गुणवत्ता में सुधार दर्ज किया गया था, लेकिन ट्रैफिक बढ़ने और हवा की रफ्तार धीमी होने की वजह से शुक्रवार को हवा की गुणवत्ता खराब हुई है। शुक्रवार को एक्यूआई 208 दर्ज किया गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि रात के वक्त प्रदूषक अत्यंत सूक्ष्म कण पीएम 2.5 की मात्रा 42 दर्ज की गई है, लेकिन दिन चढ़ते-चढ़ते हवा की गुणवत्ता खराब होती चली गई और अधिकतम पीएम 2.5 की मात्रा 378 दर्ज किया गया।

### आपसी विवाद मारपीट, चार घायल

**भागलपुर/सबौर, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के कुरपट गोस्वामी टोला में गुरुवार की देर शाम गोतियारी विवाद में दो पक्षों में मारपीट में एक पक्ष की तीन महिला सहित एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सभी सबौर थाने पहुंचे। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सबौर भेज दिया। सभी घायल को सिर हाथ पैर सहित अन्य जगह गंभीर चोट पहुंची है। पुलिस ने केस दर्ज किया है। इस संबंध में सबौर थानाध्यक्ष विवेक कुमार जायसवाल ने कहा कि आपसी विवाद को लेकर मारपीट की घटना हुई है।

### डिप्टी चीफ इंजीनियर ने निर्माणाधीन अगुवानी पुल का किया निरीक्षण

**भागलपुर/सुल्तानगंज, एजेंसी।** पुल निर्माण के डिप्टी चीफ इंजीनियर विजय कुमार ने गुरुवार को सुलतानगंज-अगुवानी गंगा पुल का निरीक्षण किया और कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। टीम के साथ नाव से बीच गंगा में जाकर हर पाया का निरीक्षण किया। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि जांच पड़ताल कर काम में तेजी लाने का निर्देश दिया गया है। वहीं एप्रोच पथ के भी कार्य का जायजा लिया गया। कार्य में रूकावट को दूर करने का निर्देश दिया गया। बताया जाता है कि एनएच पर काम होने से भारी वाहनों का आवाजाही पुल के एप्रोच पथ से ही होने लगी है। जिससे कार्य में बाधा उत्पन्न होने की जानकारी डिप्टी चीफ को दी गयी। उन्होंने भारी वाहनों पर रोक लगाते हुए कार्य को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। एसपी सिंगला कंपनी के सुल्तानगंज सेफ्टी इंचार्ज श्रीतम तिवारी ने बताया कि पुल के एप्रोच पथ पर वाहनों की आवाजाही से कार्य में अवरोध हो रहा है। किसी तरह की दुर्घटना एप्रोच पथ पर होने कि आशंका बनी रहती है। कहा जा रहा है कि भारी वाहनों पर अविलंब रोक लगाकर कार्य में तेजी लायी जाएगी।

### देवरियाकोठी में राजद नेता को घर में बंद कर पीटा

**मुजफ्फरपुर/देवरिया, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के बुढ़ानपुर के राजद नेता सत्यनारायण प्रसाद यादव को गुरुवार की सुबह गांव स्थित चौक से 10 की संख्या में बाइक सवार बदमाशों ने जबरन बाइक पर बैठा कर धरफरी गांव ले गया। वहां घर में बंद कर बुरी तरह पिटाई कर दी। घटना की सूचना उसके पुत्र पंसस रंजीत कुमार ने देवरिया थाना को दी। थानेदार सशस्त्र बलों के साथ धरफरी चौर कान्ही गांव पहुंच उसे मुक्त करा कर देवरिया चौक स्थित निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए एसकेएमसीएच रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक बुधवार शाम राजद नेता के पुत्र व पंसस रंजीत कुमार अपने छोटे भाई संजीत कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर देवरिया से अपने घर बुढ़ानपुर गांव लौट रहा था। गांव के ही स्कूल के निकट दूसरी बाइक से टक्कर हो गई, जिसमें दोनों जख्मी हो गये। इस दौरान दोनों बाइक पर सवार युवकों के बीच जमकर मारपीट हो गयी, जिसमें चौर कान्ही धरफरी के दो युवक जख्मी हो गये, जिससे आक्रोशित परिजन कुछ अन्य लोगों के सहयोग से गुरुवार सुबह गांव स्थित चौक पर चाय पी रहे सत्यनारायण प्रसाद यादव को जबरन गांव ले जाकर मारपीट की। उधर, घटनास्थल पर मौजूद रामेश्वर सिंह समेत अन्य लोगों ने बताया कि उनकी बुरी तरह पिटाई की गयी है। सत्यनारायण प्रसाद यादव ने बताया कि समय पर पुलिस नहीं पहुंचती तो मेरी हत्या हो जाती। उन्होंने बताया कि तीन हड्डियां टूट गयी है। थानाध्यक्ष रामविनय कुमार ने बताया कि सत्यनारायण यादव को मेडिकल में भर्ती कराया गया है। आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्णिया की रंगभूमि पर 16 अप्रैल को चुनावी सभा को संबोधित करेंगे पीएम मोदी



**पूर्णिया, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर एनडीए के प्रचार अभियान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार में ताबड़तोड़ रैलियां हो रही हैं। 13 दिनों में पीएम तीसरी बार बिहार आ रहे हैं। आगामी 16 अप्रैल को पूर्णिया के रंगभूमि मैदान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दस साल बाद फिर से गरजने वाले हैं। 2014 के चुनाव में उन्होंने इसी मैदान से सियासी गर्जना की थी। पीएम के आगमन से एनडीए कार्यकर्ताओं का जोश हाई हो गया है। इससे पहले चार अप्रैल को जमुई में लोजपा आर प्रत्याशी अरुण भारती और 7 अप्रैल को नवादा में बीजेपी उम्मीदवार विवेक ठाकुर के पक्ष में जनसभा कर चुके हैं। पूर्णिया में एनडीए से संतोष कुशवाहा उम्मीदवार हैं जिन्हें आरजेडी की बीमा भारती और निर्दलीय पप्पू यादव की चुनौती का सामना करना है। पूर्णिया आने से पहले पीएम गया जाएंगें जहां पूर्व सीएम और हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक जीतनराम मांझी की जीत के लिए जनता से एनडीए को वोट देने की अपील करेंगे।

### रंगभूमि मैदान में 26 तक बना अस्थायी थाना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रंगभूमि मैदान आगमन को लेकर 26 अप्रैल तक के लिए अस्थाई थाना बनाए गए हैं। पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा के द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दे दिए गए हैं। फिलहाल इस अस्थाई थाना की कमान एएलटीएफ प्रभारी आरिज आलम को सौंपा गया है। उनके साथ तीन सब इंस्पेक्टर के अलावा तीन सेक्शन फोर्स की भी तैनाती की गई है। बकायदा इस अस्थाई थाना में स्टेशन डायरी के अलावा कई अन्य तरह के कार्य संपादित किए जाएंगे। 24 घंटे पीएम के होने वाले सभा स्थल के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मॉनिटरिंग करने के अलावा अन्य किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर वरीय अधिकारियों के साथ थानाध्यक्ष के द्वारा कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### जेडीयू के नेता भी तैयारी में

रंगभूमि मैदान में तैयारियों का जायजा लेने पहुंची मंत्री लेसी सिंह ने कहा कि मोदी जी के दौरे से बिहार एनडीए में भारी उत्साह है। पीएम को सुनने के लिए रंगभूमि मैदान में लाखों की भीड़ उमड़ेगी। वहीं एनडीए उम्मीदवार जेडीयू के संतोष कुशवाहा ने कहा कि रैली में बिहार सीएम नीतीश कुमार, लोजपा आर प्रमुख चिराग पासवान, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, पूर्व सीएम जीतनराम मांझी, आरएलएएम प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा समेत प्रमुख एनडीए नेता मौजूद रहेंगे। दरभंगा विधायक संजय सरावगी ने कहा कि मोदी जी की गारंटी पर पूरे देश को भरोसा है। मोदी जी के आने से बिहार में जो एनडीए की हवा है वह तुफान का रूप धारण कर लेगी।

### 26 अप्रैल को मतदान

2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान वह पूर्णिया आए तो जरूर थे। मगर चुनापूर एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर से अन्य स्थानों पर चुनावी रैली के लिए रवाना हो गए थे। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत 26 अप्रैल को सीमांचल के तीन जिले पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज में मतदान होने वाला है। चुनाव प्रचार जोर पकड़ने लगा है। इसी क्रम में 16 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पूर्णिया आमद को लेकर तैयारी शुरू हो गयी है। जानकारी के मुताबिक गया में चुनावी रैली को संबोधित करने के बाद वह पूर्णिया आएंगे। जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश कुमार ने प्रधानमंत्री के पूर्णिया आगमन को लेकर आज बैठक भी की। शुक्रवार को इस संबंध में भाजपा कार्यालय में एक प्रेस कांफ्रेंस भी रखी गयी है। इधर, जदयू प्रत्याशी ने भी रंगभूमि मैदान का जायजा लिया। जिला से लेकर राज्य के प्रशासनिक अधिकारी भी प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए तैयारी में जुट गए हैं। रंगभूमि मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर एनडीए गठबंधन दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में पीएम के आगमन को लेकर कार्यक्रम की संरचना पर विशेष रूप से चर्चा की।

### बागमती परियोजना के तीन हजार रैयतों के भुगतान का रास्ता साफ

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बागमती परयोजना के तहत दोनों तटबंध के बीच आए करीब एक दर्जन गांवों के रैयतों को उनका मुआवजा शीघ्र मिल जाएगा। बागमती परियोजना के रून्नीसैदपुर प्रमंडल ने इसके लिए अधिसूचना जारी करते हुए इसे भूअर्जन विभाग को भेज दिया है। इस अधिसूचना का लाभ उन तीन हजार रैयतों को मिलेगा, जिनकी जमीन और मकान परियोजना के तहत दोनों तटबंध के बीच आ गए थे। इसके पहले जल संसाधन विभाग ने 11 मौजे की ही अधिसूचना जारी की थी। अब 11 मौजों के अलावा गंगिया परमानंदपुर मौजे की भी अधिसूचना जिला भू-अर्जन कार्यालय को भेज दी गई है। अब इन सभी मौजों में बागमती के दोनों तटबंध के बीच बसे परिवारों को मुआवजा राशि का भुगतान होगा। जिले के औराई व कटरा में वर्ष 2009 के बाद बागमती तटबंध विस्तार होने के बाद भी अबतक दोनों तटबंधों के बीच में आए गांवों के मौजा के परिवारों को मकान मय सहन मुआवजा का भुगतान नहीं हुआ है। इसके साथ ही इन्हें दोनों तटबंधों के बाहर बसने के लिए जमीन का आवंटन नहीं होने से इन गांवों के परिवार प्रत्येक वर्ष बाढ़ की विभीषिका झेलने को मजबूर हैं।

# 9 मई तक चलेगा पशु मेला और हाट बाजार, मेले में लक्ष्मी नाम की हथनी आकर्षण का केंद्र



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर के गरहां में सोनपुर मेला की तर्ज पर श्री अर्जुन बाबू पशु मेला और हाट बाजार लगाया है। जो 9 अप्रैल शुरू हो चुका है और 9 मई तक चलेगा। यह मेला उत्तर बिहार का सबसे बड़ा पशु मेला है। इस पशु मेला में हाथी लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

अन्य जिले से आए लोग इस मेला में हाथी को देखने आ रहे हैं। दूर-दूर से आए लोग हाथी तस्वीरें भी कैद कर रहे हैं। छपरा जिले से आई लक्ष्मी नामक हथनी सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। लक्ष्मी को लेकर आए महावत ने बताया कि यह हाथी बिहार का सबसे सुंदर और स्वस्थ हाथी है। जिस भी मेले में जाती है आकर्षण का केंद्र बन जाती है। इसके अलावा गणेशा हाथी, राम प्यारी और मोती नाम की भी हाथी मेले में मौजूद है।

**पशु मेले में सभी प्रकार के सामान मिलते** : इस मेले की प्रसिद्धि वैसे तो पशु मेले के रूप में है, मगर यहां सभी प्रकार के सामान मिलते हैं। अलग-अलग इलाकों के लोग पशुओं की खरीद-बिक्री के लिए पहुंचते हैं। इस मेले की विशेषता है कि यहां सभी पशुओं का अलग-अलग बाजार होता है। विक्रेता ग्राहकों और मेला देखने आए लोगों को आकर्षित करने के लिए अपने पशुओं को खूब सजा-संवार कर रखते हैं।

### हमारी कई पीढी से हाथी को पालती आई है

मेले में आए हाथी के महावत ने कहा की हमारी कई पीढी से हाथी को पालती आई है। हाथी की उम्र लाभग 21 वर्ष हो गई है। हमारे पिता जी हाथी को कई मेले में लेकर गए हैं। जहां भी यहां हाथी जाती है प्रदर्शनी का केंद्र बन जाती है। हम लोग मेले में ले जाते हैं और हाथी को अच्छे से सजा जा कर रखते हैं। देश के कई प्रसिद्ध मेले में हाथी को लेकर गए हैं। जिसमें से सोनपुर मेला में भी गए हुए थे। यहां आकर काफी अच्छा लग रहा है। आज के जमाने में हाथी पालना काफी मुश्किल होता है। लेकिन हमारी कई पीढ़ी हाथी पालन करती आ रही है।

# बक्सर में मैं ही रहूंगा, अभी तो नामांकन बाकी है: अश्विनी चौबे



**बक्सर, एजेंसी।** बिहार के बक्सर सीट से लोकसभा चुनाव की लड़ाई दिलचस्प होती दिख रही है. भले ही पार्टी ने केंद्रीय मंत्री और बक्सर से बीजेपी के वर्तमान सांसद अश्विनी चौबे को इस बार टिकट नहीं दिया है लेकिन उन्होंने अपने बयान से बड़ा संकेत दिया है. बक्सर के सांसद अश्विनी चौबै ने कहा है कि बक्सर में मैं ही रहूंगा.


चौबे का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें उन्होंने कहा है कि अभी नामांकन बाकी है. बहुत कुछ होने वाला है. किसने क्या समझा, नहीं समझा, मुझे पता नहीं, लेकिन हां कुछ षडयंत्रकारी थे जो चुनाव के बाद नंगे होंगे. चौबे ने इसके बाद कहा कि जो भी होगा मंगलमय होगा. अश्विनी चौबे ने ये बातें कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही हैं, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है. मालूम हो कि बीजेपी ने इस बार अश्विनी चौबे का टिकट काट दिया है और इस सीट से गोपालगंज जिला के रहने वाले मिथिलेश तिवारी को टिकट दिया है. दूसरी तरफ महागठबंधन की बात करें तो महागठबंधन में ये सीट राजद के खाते में गई है. राजद ने इस सीट से बिहार के पूर्व मंत्री सुधाकर सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है. बक्सर सीट से ही आनंद मिश्रा भी मैदान में हैं जिन्होंने आईपीएस की नौकरी छोड़ कम उम्र में ही राजनीति में कदम रखा है.

अश्विनी चौबे की नाराजगी की खबरें उनके टिकट कटने के बाद से ही सामने आने लगी थीं. अश्विनी चौबे बिहार की बक्सर सीट से दो बार बीजेपी के टिकट पर चुनाव जीते हैं. इस बार भी उनको उम्मीद थी कि पार्टी उनको मौका देगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ. पार्टी ने पूर्व विधायक मिथिलेश तिवारी जो कि गोपालगंज जिला के रहने वाले हैं को इस सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है.

# पश्चिमी चंपारण से निर्दलीय लड़ेंगे यूट्यूबर मनीष कश्यप

## 30 अप्रैल को नामांकन पत्र दाखिल करने का फैसला

**पश्चिमी चंपारण, एजेंसी।** यूट्यूबर मनीष कश्यप ने पश्चिमी चंपारण से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। कश्यप ने नामांकन दाखिल करने की तारीख भी बता दी है। मनीष कश्यर ने कहा कि वंशवाद के खिलाफ चुनावी मैदान में उतरने का मन बनाया है। यू ट्यूबर मनीष कश्यप को कथित तौर पर तमिलनाडु में प्रवासी मजदूरों पर हमलों के मनगढ़ंत वीडियो प्रसारित करने के आरोप में कई महीनों तक जेल हुई थी। हिन्दुस्तान टाइम्स से बातचीत के दौरान उन्होने कहा कि पश्चिम चंपारण को वंशवादी राजनीति से बाहर निकालने के लिए चुनावी मैदान में उतरने का फैसला किया है, जो पिछले तीन चुनावों से इसकी गिरफ्त में है। कश्यप ने कहा, मैं अपने लोगों का चेहरा चमकता हुआ देखना चाहता हूं, क्योंकि पूरा निर्वाचन क्षेत्र कोई काम नहीं हुआ है। मैंने 30 अप्रैल को पश्चिम चंपारण लोकसभा सीट के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल करने का फैसला किया है। उन्होने मौजूदा सांसद और बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय जयसवाल को वंशवादी बताया गया है। पूर्ववर्ती बेतिया लोकसभा सीट से पूर्व भाजपा सांसद मदन प्रसाद जायसवाल के बेटे संजय जायसवाल 2009 के चुनावों के बाद से पश्चिम चंपारण लोकसभा सीट से तीन बार सांसद हैं। हालांकि, खुद को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रबल समर्थक बताते हुए मनीष कश्यप ने कहा कि चुनाव में उनकी जीत लगभग तय है। चनपटिया विधानसभा सीट से भाजपा विधायक उमाकांत सिंह को चुनौती देने वाले कश्यप ने कहा, संजय जयसवाल के खिलाफ भारी सत्ता विरोधी लहर होने के चलते उन्हें चुनाव में कोई चुनौती नहीं दिखती है। बिहार के 2020 के विधानसभा चुनाव में मनीष कश्यप को महज 9232 वोट मिले थे। बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के निवासी मनीष कश्यप को पिछले साल दिसंबर में रिहा कर दिया गया था, जब उन्हें तमिलनाडु में प्रवासी मजदूरों पर हमलों के मनगढ़ंत वीडियो प्रसारित करने के आरोप में मार्च 2023 में गिरफ्तार किया गया था। फरवरी 2018 में बेतिया के एक सरकारी अस्पताल के परिसर में ब्रिटिश सम्राट किंग एडवर्ड सप्तम की आदमकद प्रतिमा को कथित तौर पर उनके युवा जागरण मंच के नेतृत्व में युवाओं की भीड़ द्वारा तोड़ दिए जाने के बाद यूट्यूबर ने मीडिया का ध्यान आकर्षित किया था।



# ट्रक ने 12 साल की बच्ची को रौंदा, मौत

## साइकिल से घर का सामान लाने बाजार गई थी, हादसे के बाद आरोपी चालक फरार

**समस्तीपुर, एजेंसी।** जिले के मुसरीघरारी थाने के बखरी बुजर्ग गांव में गुरुवार देर शाम ट्रक से कुचल कर एक 12 साल की बच्ची की मौत हो गई। मृतक बच्ची की पहचान गांव के ही मो. मुमताज की पुत्री मनतसा परवीन 12 वर्ष के रूप में की गई है। हादसा उस वक्त हुआ जब बच्ची मुसरीघरारी चौक से साइकिल से घर का सामान लेकर लौट रही थी। घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को जब्त कर देर रात पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। इस घटना के बाद गांव में ईद की खुशी मातम में बदल गई।

### घर लौटने के दौरान हादसा

मो. नौशाद ने बताया कि उनकी भतीजी देर शाम मुसरीघरारी चौक पर घरेलू सामान लाने गई थी। सामान लेकर जब वह लौट रही थी। इसी दौरान एक ट्रक ने उसे कुचल डाला। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जबतक लोग कुछ समझ पाते ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। घटना के कारण कुछ देर के लिए मुसरीघरारी-पटना मार्ग पर जाम भी लग गया। हालांकि मौके पर तुरंत मुसरीघरारी पुलिस पहुंच गई। जिससे लोगों को समझा कर मामला शांत कराया। शव को जब्त कर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा।



### अज्ञात वाहन पर प्राथमिकी दर्ज की गई है

बच्ची की मौत के बाद गांव में ईद का माहौल मातम में बदल गया। कुछ देर पहले तक जो लोग ईद के मौके पर एक-दूसरे से गले मिलकर उन्हें बधाई दे रहे थे। वहां पर लोगों के रोने की आवाज आने लगी। हालांकि लोग एक दूसरे को संभाल भी रहे थे। मुसरीघरारी थानाध्यक्ष फैजुल अंसारी ने बताया कि घटना की सूचना के बाद शव को जब्त कर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। घटना के बाद वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। घटना स्थल के आसपास गले सीसीटीबी फुटेज को खंगाला जा रहा है। अभी अज्ञात वाहन पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# चार मामलों में फरार नक्सली गिरफ्तार, मधुबन धमाके में था आरोपी



## 19 साल से पुलिस की थी तलाश, एक अन्य आरोपी भी धराया

**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। मधुबन धमाका सहित चार कांड के फरार नक्सली को 19 साल बाद गिरफ्तार किया है। इसके अलावा पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र से दो लुक कांड का वांक्षित अपराधी को भी गिरफ्तार किया है। एसपी कांतेश मिश्रा ने बताया ह को गुप्त सूचना मिली कि मधुबन में हुए नक्सली धमाके का नामजद अभियुक्त कामेश्वर राम के पताही थाना क्षेत्र में देखा गया है। जिसके बाद सूचना का सत्यापन करते हुए पकड़ीदयाल एसडीपीओ सुबोध कुमार के नेतृत्व में टीम बना कर छापेमारी शुरू किया, इस दौरान पताही थाना क्षेत्र के पटखौलिया से उसे गिरफ्तार किया गया।

मधुबन धमाका सहित चार मामले में थी पुलिस को तलाश

पकड़ीदयाल एसडीपीओ सुबोध कुमार ने बताया कि 23 जून 2005 में नक्सलियों ने मधुबन में धमाका किया गया था, उस कांड के नामजद अभियुक्त कामेश्वर रहा है। इसकी लगातार तलाशी की जा रही है। इसके अलावा सात फरवरी 2015 में पताही थाना क्षेत्र से एके 56 नक्सली का बरामद हुआ था। वह एके 56 कामेश्वर के ही घर से बरामद हुआ था, उसके बाद से लगातार फरार चल रहा था। इस पर मधुबन थाना में दो और पताही थान में दो केश दर्ज है। सभी नक्सल से ही जुड़ा हुआ था, जिसमें यह फरार चल रहा था।

### टकलू सहनी भी धराया

पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र के मझार गांव में छापेमारी कर लूट कांड के वांक्षित अपराधी टकलू सहनी उर्फ रितेश को गिरफ्तार कर लिया है। टकलू पर पकड़ीदयाल और मधुबन थाना में लूट का मामला दर्ज था, जिसमें पुलिस तलाश कर रही थी। छापेमारी टीम में एसडीपीओ सुबोध कुमार के अलावा पकड़ीदयाल थानाध्यक्ष शकुन्तला कुमारी, पताही थानाध्यक्ष कैलाश कुमार, पीएसआई राजेश कुमार, अनुप कुमार, बबन कुमार, अजय कुमार सिह, धनंजय कुमार आदि शामिल थे।

# सुपौल में तेज आंधी के साथ बारिश



**सुपौल, एजेंसी।** सुपौल में गुरुवार की रात करीब साढ़े आठ बजे मौसम में हुए अचानक बदलाव के बाद भीषण गर्मी से आम लोगों ने राहत की सांस ली है। अचानक धूल भरी आंधी शुरू होने से जिले के कई बाजारों में अफरा तफरी का माहौल देखा गया। इस बीच जिले के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई। बता दें कि गुरुवार को तेज हवाओं के साथ धूल भरी आंधी शुरू हो गई। जिसके बाद सुपौल शहर के स्टेशन रोड से लेकर विभिन्न बाजारों में मौजूद लोग इधर उधर भागते दिखे। वही निर्मली बाजार में और सिमराही नगर पंचायत के बाजार में अफरा तफरी जैसे हालात देखने को मिले। इस बीच बिजली की आपूर्ति भी विद्युत विभाग ने बंद कर दी। करीब आधे घंटे धूल भरी आंधी के बाद हल्की बारिश भी शुरू हो गई है। ग्रामीण इलाकों में तेज हवा की वजह से कई घरों के छप्पर उड़ गए है। वहीं सुपौल जिले के राघोपुर रेफरल अस्पताल के नवनिर्मित भवन भी क्षतिग्रस्त हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार मधुबनी समेत सुपौल जिले के इलाकों में तेज आंधी के साथ बारिश होने का अनुमान जताया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### खुसरूपुर में ट्रैक्टर ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, गाड़ी के नीचे दबने से 1 युवक की मौत



**पटना।** पटना के खुसरूपुर NH 30 पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 लोग घायल हो गए। घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। बेहतर इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है। मृतक की पहचान सालिमपुर निवासी रमेश मिस्त्री के तौर पर हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक ई-रिक्शा पर तीन लोग सवार थे, जो खुसरूपुर की ओर जा रहे थे। इस दौरान केलवरिया गांव के पास विपरित दिशा से आ रही ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा बीच सड़क पर पलट गई। तीन लोग गाड़ी के अंदर दब गए। हादसे में एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### पटना के धनरूआ में चलती ट्रक में लगी आग, बीच सड़क पर धू-धूकर जली गाड़ी

**पटना।** पटना के धनरूआ थाना क्षेत्र के पभेरी मोड़ के पास चलती ट्रक में अचानक आग लग गई। आग लगते ही चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए ट्रक को सड़क किनारे खड़ा कर दिया। फिर गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई।



**चिंगारी की वजह से ट्रक में आग लग गई:** जानकारी के मुताबिक लोडेड ट्रक मसौढ़ी से पटना की ओर जा रही थी। इस बीच पभेरी मोड़ के पास ट्रक डिवाइडर से टकरा गई। डिवाइडर से टकराने के बाद टायर से निकली चिंगारी की वजह से ट्रक में आग लग गई। देखते ही देखते चंद मिनटों में आग पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया।

**गाड़ी जलकर राख हो गई:** आसपास के लोगों ने आग बुझाने की काफी कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। घटना की जानकारी मिलते ही धनरूआ थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। मसौढ़ी से फायर ब्रिगेड की टीम को बुलाया गया। घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक गाड़ी जलकर राख हो गई थी। वहीं, इस संबंध में थाना प्रभारी का कहना है कि मामले की छानबीन की जा रही है।

### रोहिणी ने रोजगार, भुखमरी, महंगाई को लेकर उठाए सवाल, बोलीं- इन मुद्दों पर बात होनी चाहिए

**पटना।** सारण में चुनाव प्रचार के लिए निकली रोहिणी आचार्य ने रोजगार, भुखमरी, महंगाई को लेकर सरकार पर सवाल उठाए हैं। मीडिया से बात करके हुए रोहिणी ने कहा कि रोजगार और बेरोजगारी पर कहीं बहस ही नहीं हो रही है। सरकार को बेरोजगारी, भुखमरी, महंगाई पर बात करनी चाहिए। रोहिणी से जब पत्रकारों ने पूछा कि PM मोदी बिहार में आकर कहते हैं कि भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई हम करते रहेंगे। इस पर जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि उनके अगल-बगल जितने लोग हैं सब पर कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन PM मोदी सबको वॉशिंग मशीन में धुलवाकर अपने पास बिठा लिए हैं। वहीं, नीतीश के चुनावी जनसभा पर रोहिणी ने उन्हें शुभकामना दी और कहा कि वे भी महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दे पर बात करें।



### पटना में बॉयज हॉस्टल में लगी आग, गैस सिलेंडर फटने से फैली आग, दमकल की 6 गाड़ियों ने पाया काबू

**पटना।** पटना के लाल बहादुर शास्त्री मार्ग के मकान संख्या-23 में आग अचानक आग लग गई। इसमें नीचे बॉयज हॉस्टल है और उपर खुद मकान मालिक रहते हैं। फिलहाल दमकल की 6 गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आगजनी की घटना में लाखों का सामान जलकर राख हो गया। हॉस्टल में रहने वाले लड़के पूजा के दिए से आग लगने की बात कह रहे हैं। वहीं, फायर ब्रिगेड के एसआई का कहना है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी है। एक सिलेंडर में ब्लास्ट हुआ है। बाकी दो सिलेंडर को बाहर निकाल लिया गया है।



### LNJPN अस्पताल का एक्स-रे मशीन दो दिनों से खराब, मरीजों की बढ़ी परेशानी, निजी अस्पताल जाने को मजबूर

**पटना।** पटना के शास्त्री नगर स्थित लोक नायक जय प्रकाश ट्रॉमा सेंटर परिसर (LNJPN) में संचालित एक्स-रे मशीन दो दिनों से खराब है। जिससे मरीजों की परेशानी बढ़ गई है। एक्स-रे करवाने के लिए मजबूरन मरीजों को निजी अस्पताल जाना पड़ रहा है। मामला तब सामने आया जब पटना के रहने वाले राजेश कुमार अपने मामा के घर से लौट रहे थे। इसी दौरान बड़े वाहन की चपेट में आने से कूल्हा टूट गया। वह दर्द से कराह रहे थे। घटनास्थल के आसपास मौजूद लोग उन्हें लोक नायक जय प्रकाश अस्पताल लेकर पहुंचे।




**अस्पताल अधीक्षक से नहीं हुई बात:** अस्पताल पहुंचते ही इमरजेंसी में प्राथमिक इलाज के बाद एक्स-रे लिख दिया। जब परिसर में एक्स-रे कराने पहुंचे तो मशीन दो दिनों से खराब होने की जानकारी मिली। जिसके बाद निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**पार्ट्स नहीं मिलने के कारण बन नहीं सका:** वहीं, इस संबंध में हेल्थ मैनेजर सुनील गुप्ता ने कहा कि एक्स-रे मशीन खराब है। टेक्नीशियन ठीक करने के लिए आया था, लेकिन पार्ट्स नहीं मिलने के कारण बन नहीं सका। इसकी जानकारी अस्पताल अधीक्षक को भी है। आगे का कार्य किया जा रहा है।

# चैती छठ के लिए तालाबों-पार्कों को किया जा रहा तैयार

## पटना जू की झील में भी अर्घ्य दे सकेंगी छठ व्रती

एजेंसी, पटना।

चैती छठ की आज से शुरुआत हो चुकी है। गंगा घाटों को तैयार किया जा चुका है। वहीं, जो भी छठ व्रती गंगा घाट तक नहीं पहुंच सकेंगी, उनके लिए आसपास के पार्क और तालाब तैयार किए जा रहे हैं। इन तालाबों में अस्थाई घाट बनाए जा रहे हैं, जिससे छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं को पूजन करने में आसानी हो सके। इसके लिए पटना जू की झील को भी तैयार किया जाएगा। इन सभी तालाबों में सफाई के बाद गंगा जल डाला जाएगा।




**पानी को साफ करने के लिए मिलाया जाएगा चुना-फिटकरी:** पटना जू के डायरेक्टर सत्यजीत कुमार ने बताया कि झील के पानी को साफ करने के लिए चूना और फिटकिरी मिलाया जाएगा। झील के पास एक एरिया में स्पेशल घाट बनाया जाएगा। बाथरूम की साफ-सफाई की जा रही है। चेंजिंग रूम, बैरिकेडिंग, आदि नगर निगम की तरफ से तैयार किए जाएंगे। जिस साइड पानी का बहाव ज्यादा है और स्थिति खतरनाक होगी, वहां लाल कपड़े से घेरा लगाया जाएगा।

**इन तालाबों-पार्कों में अर्घ्य देंगी छठ व्रती:** बीकर सेक्शन, शिवाजी पार्क, डिफेंस कॉलोनी पार्क, वृदांदा वन पार्क, जे सेक्टर पार्क, 100 एमआईजी पार्क, मुन्ना पार्क, रेंटल पार्क, बंगाली अखाड़ा पार्क, कुणाल पार्क, त्रिकोणीय पार्क, राम सुंदर दास पार्क, जी ब्लॉक 22 नं पार्क, हार्ट हॉस्पिटल सब्जी मंडी के पास पार्क, चांदमारी रोड पानी टंकी, बिजली ऑफिस के पीछे कृषि विभाग, डेंटल कॉलेज, बैंक मेंस कॉलोनी, साकेत पुरी, सूर्य मंदिर के पास, एलआईजी कैंपस में, चंद्रशेखर पार्क, ग्रीन पार्क, कबीर पार्क, शिव मंदिर पार्क, अनिरुद्ध पार्क, सेक्टर 8 पार्क, मानिकचंद तालाब, बेऊर गांव तालाब, कच्ची तालाब, बीएमपी-5 तालाब, पंच मंदिर 10 नं तालाब, महुआबाग तालाब।

# नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म मामले में कार्रवाई नहीं

एजेंसी, पटना।

पटना के दानापुर में पिछले साल शाहपुर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म मामले में अभी तक कार्रवाई नहीं की गई। आरोपियों के द्वारा केस उठाने को लेकर धमकी देने और मारपीट करने की बात भी सामने आई है, जिससे पीड़िता और उसके परिजन डरे सहमे है। पीड़िता का कहना है कि उसके साथ चचेरे भाई ने ही दुष्कर्म किया था, लेकिन थाना के मुंशी ने छेड़खानी का मामला बताते हुए परिजनों से आवेदन लिखवा लिया। बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। छात्रा ने केस के अनुसंधान कर्ता पर भी आरोपी से मिली भगत का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कहा कि थाने में आवेदन देने के बाद केस उठाने के लिए 2023 के सितंबर माह में आरोपियों के द्वारा घर पर चढ़ कर मुझे और मेरे परिजनों के साथ मारपीट भी की गई थी।

**जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा : पुलिस:** इसके बाद हमलोग शाहपुर थाने में आवेदन देने पहुंचे, लेकिन उस समय थाने के मुंशी ने मेरे आवेदन को बदलकर दुष्कर्म की जगह छेड़खानी का मामला बना दिया। मामला दर्ज होने के बावजूद पुलिस ने करवाई नहीं की, जिसके कारण आरोपी का मनोबल बढ़ा हुआ है। केस के IO के द्वारा पीड़िता का बयान भी दर्ज नहीं किया गया है। इससे ऐसा लगता है कि वह आरोपी से मिलकर केस को दबाने के कोशिश करने में जुटी हुई है। इस मामले में शाहपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि पुराना मामला है। वरीय अधिकारी के संज्ञान में है।

**22 मार्च 2023 का है मामला**

*पुलिस के द्वारा आरोपी को पकड़ने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। हमारा पूरा परिवार डरा-सहमा है। अभिभावकों ने बताया कि नाबालिग छात्रा से छेड़खानी या दुष्कर्म मामले में पास्को एक्ट के तहत कार्रवाई होनी चाहिए थी, लेकिन घटना के एक साल बाद भी पीड़िता का बयान भी दर्ज नहीं कराया गया। पीड़िता के पिता ने बताया कि 22 मार्च 2023 को मेरी बेटी सुबह में ट्यूशन जा रही थी। इसी दौरान पहले से घात लगाए उसके चचेरा भाई विजेंद्र राय उसके साथ दुष्कर्म किया। मेरी बेटी किसी तरह चिल्लाई, तो हमलोग वहां पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी भाग निकला।*

**मंत्री प्रेम कुमार ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां**

# कहा-कानून को अंगूठा दिखाने वाले पर कारवाई लाजिमी

एजेंसी, पटना।

बिहार सरकार के मंत्री प्रेम कुमार शुक्रवार को पूर्णिया पहुंचे। उन्होंने एनडीए सरकार की योजनाएं और उपलब्धियां गिनाई। बिहार की सभी 40 सीटें जीतने का दावा किया और कहा कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। आगे उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 400 सीटें पाने का जो लक्ष्य रखा है उसे पाने में हम सभी कामयाब होंगे। वहीं, पप्पू यादव के कार्यालय में हुई छापेमारी और पुलिस की कार्रवाई को राजनीतिक साजिश करार देने वाले पप्पू यादव के बयान पर मंत्री प्रेम कुमार ने पलटवार किया। प्रेम कुमार ने कहा कि अगर कोई कानून को अंगूठा दिखाएगा, नियम और कानून को तोड़ेगा पुलिस निश्चित तौर पर उनके घर पहुंचेगी। पुलिस की कार्रवाई भी होगी।

**गया में चिराग बोले- पीएम के खिलाफ बोलने वाले पहले अपने गिरेबान में झाके:** लोजपा रामविलास पार्टी के सुप्रीमो चिराग पासवान की चुनावी सभा गुरुवार को राजद के गढ़ बेलागंज विधानसभा क्षेत्र में हुई। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए चिराग पासवान ने विपक्षियों पर जमकर निशाना साधा। पीएम नरेंद्र मोदी को जेल भेजे जाने के मीसा भारती के बयान पर चिराग ने कहा कि विपक्ष के नेता जिस तरह की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं, वह निंदनीय है। इस तरह की भाषा का प्रयोग कर वो दुनिया में क्या संदेश देना चाहते हैं। यह कौन लोग बोल रहे है, जिन पर खुद भ्रष्टाचार का आरोप लगा है।

# पटना-कैमुर में अगले तीन घंटे तक बारिश की संभावना

## तेज हवाएं भी चलेंगी, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

एजेंसी, पटना।

पटना, कैमुर जिले के कुछ भागों में अगले एक से तीन घंटे में हल्के से मध्यम दर्जे की मेघ गर्जन, वज्रपात, वर्षा के साथ तेज हवा चलने की संभावना है। बिहार के कुछ जिलों को छोड़कर शेष भागों में आज मौसम शुष्क बना रहेगा। अगले 24 घंटे के दौरान आज प्रदेश के 9 जिलों में हल्की बारिश, वज्रपात और 30 से 40 किमी. की रफ्तार से हवा चलने का पूर्वानुमान है।

**इन जिलों में हो सकती है बारिश:** पटना मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार गया, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, जमुई, बांका, मुंगेर, भागलपुर, नवादा के एक-दो जगहों पर हल्की बारिश, वज्रपात और तेज हवा चलने की संभावना है। वहीं, गुरुवार को प्रदेश के अधिकांश जिलों के तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई है, जबकि सीवान के जिरादेई में हल्की बढ़ोतरी हुई है। यहां का अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। भोजपुर का भी अधिकतम तापमान 40.3 डिग्री सेल्सियस रहा। इसके अलावा शेष जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के नीचे रहा।




**कहां कितना दर्ज किया गया अधिकतम तापमान:** पिछले 24 घंटे के दौरान पटना का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस, बेगूसराय 36, गया 37.1, नवादा 37.4, औरंगाबाद 38.5, मोतिहारी 35, दरभंगा 37, जमुई 35.5, भागलपुर 32, कटिहार 31 दर्ज किया गया है। इसके अलावा अन्य जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के नीचे रिकॉर्ड किया गया।

**2 से 3 डिग्री बढ़ेगा तापमान:** अगले चार से पांच दिनों में अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री तक बढ़ोतरी हो सकती है। आज फिर पश्चिमी विक्षोभ आने वाला है। इसका असर 12 और 13 अप्रैल को भी दिख सकता है। कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है।


**गर्मी में मरीजों की परेशानी बढ़ी:** गर्मी बढ़ते ही कैंसर, किडनी, लिवर, हार्ट आदि बीमारियों से पीड़ित मरीजों की परेशानी बढ़ने लगी है। किडनी के मरीज को पानी कम पीना होता है। गर्मी में बाहर निकलते हैं तो प्यास लगती है और पानी अधिक पी लेते हैं, जिससे परेशानी बढ़ जाती है। IGIMS के उपनिदेशक डॉ. मनीष मंडल ने बताया कि अधिक पानी पी लेने से किडनी के मरीजों को सांस लेने में भी दिक्कत होने लगती है।

# ग्रेनाइट से दबकर दो मजदूरों की मौत

**ट्रक से अनलोड करने के दौरान हुआ हादसा, मजदूर बोले- सुपरवाइजर जल्दबाजी करने लगे, क्रेन भी नहीं था**

एजेंसी, पटना।

पटना के अटल पथ पर निर्माणधीन IT बिल्डिंग में एक हादसे में दो मजदूरों गौतम कुमार (35) और दिलखुश कुमार (28) की मौत हो गई। हादसा ट्रक से ग्रेनाइट उतारने के दौरान हुआ। मजदूरों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। घटना के बाद परिजन उचित मुआवजे की मांग कर रहें है।



**खगड़िया के रहने वाले हैं दोनों:** दरअसल, बिल्डिंग में सुबह ग्रेनाइट से भरा हुआ ट्रक आया। ग्रेनाइट को अनलोड जा रहा था। क्रेन ना होने की वजह से कुछ मजदूर खुद ही ग्रेनाइट उतारने लगे। इसी दौरान ग्रेनाइट खिसक गया और दो मजदूरों की मौत मौके पर ही हो गई। दोनों खगड़िया के रहने वाले हैं। वहां मौजूद एक महिला मजदूर ने बताया कि घटना में बाद एंबुलेंस को कॉल किया गया। लेकिन बहुत देर तक एंबुलेंस वहां नही पहुंचा। जिसके बाद वहां मौजूद मजदूरों और पुलिस वालों ने मिल कर ई रिक्शा पर दोनों को रख कर हॉस्पिटल भेजा गया।

**मुआवजे की मांग कर रहे हैं परिजन:** मौके पर मौजूद रौशन राय ने बताया कि यहां सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क का निर्माण किया जा रहा है। इसको भारत सरकार बनवा रही है। इस बिल्डिंग का काम रिद्धि कंस्ट्रक्शन को दिया गया है। मजदूरों ने बताया कि ट्रक आने के बाद ही वहां के सुपरवाइजर ग्रेनाइट उतारने की जल्दबाजी करने लगे। बड़े बड़े ग्रेनाइट या टाइल्स को क्रेन के माध्यम से उतारा जाता है लेकिन यहां क्रेन की व्यवस्था नहीं थी। सुपरवाइजर के जोर-जबरदस्ती पर 5 से 6 मजदूर खुद इसको उतारने लगे। अभी मजदूरों ने ग्रेनाइट उतारना शुरू ही किया था तब तक ग्रेनाइट के नीचे रखा पाइप खिसक गया और सारा ग्रेनाइट एक तरफ दब गया, जिसमे दो मजदूर दब गए और उनकी मौत हो गई। मृतक गौतम का भाई संदीप भी वहीं काम करता है, जो इस हादसे के बाद सदमे में है। कुछ बोल पाने में असमर्थ है। वहां मौजूद मजदूरों का कहना है कि कंपनी को काम करना है तो कराए लेकिन सुरक्षा मानकों का भी ध्यान रखे। कंपनी और सरकार आगे के जीवन यापन के लिए मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा दे।

# मुरादाबाद का बर्तन कारोबारी पटना से लापता

एजेंसी, पटना।

पटना के गांधी मैदान थाना क्षेत्र से मुरादाबाद का बर्तन कारोबारी 5 अप्रैल से लापता है। जयंतीपुर जन्नतनगर के रहने वाले मोहम्मद आलम ( उम्र 48 वर्ष ) एक्जीविशन रोड स्थिति निजी गेस्ट हाउस में ठहरे थे। मुरादाबाद और मुजफ्फरपुर दोनों जगह इनके परिवार के लोग रहते हैं।

**गांधी मैदान थाने में लिखित शिकायत दी:** पटना में कारोबारियों से तगादा करने पहुंचे थे, लेकिन बीते 5 अप्रैल को शाम 6 बजे के बाद से उनका मोबाइल बंद है। लगभग एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी कुछ पता नहीं चला। जिसके बाद मोहम्मद आलम के भाई और बेटा गांधी मैदान थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दी है।

**5 अप्रैल से फोन आ रहा बंद, परिजन बोले- पास में 55 से 60 हजार कैश था**

**55 से 60 हजार रुपए कैश था:** मोहम्मद गुलजार ने बताया कि मेरा भाई कारोबार के सिलसिले में पटना आए थे। 5 तारीख के बाद से गायब हैं। फोन भी स्विच ऑफ आ रहा है। किसी पर शक नहीं है। पटना में तगादा करने आए थे। थाने पर हमलोगों ने आवेदन दिया है। हमारा मुरादाबाद में स्टील का कारोबार है। बिहार के शहरों में भी कारोबार करते हैं। इसी सिलसिले में पटना आए थे। उनके पास लगभग 55 से 60 हजार रुपए कैश था। वहीं, इस संबंध में गांधी मैदान थाना प्रभारी ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। छानबीन की जा रही है।

# भोजपुरी स्टार पवन सिंह बसपा से लड़ सकते हैं चुनाव

एजेंसी, पटना।

भोजपुरी स्टार पवन सिंह ने बहुजन समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती से मुलाकात की हैं। संभावना जताई जा रहा है कि भोजपुरी एक्टर बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ सकते हैं। दो दिन पहले ही उन्होंने काराकाट से लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया था। हालांकि, अब तक पवन सिंह की ओर से बसपा से टिकट मिलने की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। इसके पहले पवन सिंह को भाजपा ने आसनसोल से टिकट दी थी। लेकिन उन्होंने आसनसोल से चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था। काराकाट से एनडीए ने उपेंद्र कुशवाहा तो महागठबंधन ने भाकपा (माले) के राजाराम सिंह को उम्मीदवार बनाया है। पवन सिंह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा-'माता गुरुतरा भूमेरू' अर्थात माता इस भूमि से कहीं अधिक भारी होती है और मैंने अपनी मां से वादा किया था कि इस बार चुनाव लड़ूंगा। मैंने निश्चय किया है कि मैं 2024 का लोकसभा चुनाव काराकाट से लड़ूंगा। दरअसल, पवन सिंह आरा के बाद काराकाट से चुनाव लड़ना चाहते थे। इसको लेकर उन्होंने दिल्ली में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी। लेकिन एनडीए ने यहां से उपेंद्र कुशवाहा को अपना प्रत्याशी बनाया है। काराकाट सीट पर अभी जेडीयू के महाबली सिंह सांसद हैं। उन्होंने उपेंद्र कुशवाहा को हराया था।

महाबली सिंह को 3 लाख 98 हजार 408 वोट और उपेंद्र कुशवाहा को 3 लाख 13 हजार 866 वोट मिले थे। वहीं, इससे पहले 2014 लोकसभा चुनाव में उपेंद्र कुशवाहा ने यहां जीत दर्ज की थी। उन्हें 3 लाख 38 हजार 892 वोट मिले थे। उन्होंने आरजेडी के कांति सिंह को पराजित किया था। कांति सिंह को 2 लाख 33 हजार 651 वोट मिला था, जबकि, जदयू के महाबली सिंह को मात्र 76 हजार 709 वोट मिले थे।

# गिरिराज बोले- तेजस्वी के DNA में जंगलराज, जदयू ने मां-बाप के राज का मांगा हिसाब

एजेंसी, पटना।

बिहार के पूर्व डिप्टी CM तेजस्वी यादव ने केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बिहार ने मोदी जी को 40 में से 39 सांसद दिए। केंद्र में 10 साल से BJP की सरकार है। 17 साल से बिहार में सरकार, केंद्र में मंत्री हैं। दिल्ली में इनका शासन, पटना में इनका शासन प्रशासन। CBI, ED, IT के साथ बड़े पूंजीपति भी इनके साथ हैं। फिर भी बिहार के युवाओं को नौकरी, विशेष राज्य का दर्जा और विशेष पैकेज नहीं मिला। बिहार में इंडस्ट्री लगाने के लिए और क्या चाहिए? तेजस्वी ने आगे कहा कि इतने सांसद और डबल इंजन सरकार के बावजूद भी आप बिहार को कुछ ना देकर उल्टा बिहारियों को ही भला-बुरा कहने बिहार आते हैं। तो अबकी बार बिहार के लोग आपको कड़ा सबक सिखाएंगे। इधर, तेजस्वी के बयान बीजेपी और जदयू ने पलटवार किया है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि लालू यादव ने कभी विकास की बात नहीं की। तेजस्वी यादव के डीएनए में ही जंगलराज है। गिरिराज ने पूछा की 17 महीने की सरकार में तेजस्वी के पास 5 विभाग थी। उनमें से कितने विभाग में कितने लोगों को नौकरी दी। वहीं, जदयू ने मां-बाप के राज का हिसाब मांगा है।



**तेजस्वी से मांगा मां-बाप के राज का हिसाब: JDU:** वहीं, तेजस्वी यादव के आरोपों पर CM नीतीश के करीबी JDU के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने लालू-राबड़ी शासनकाल की याद दिलाते हुए पलटवार किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा, 'बिहार में हुए 118 नरसंहार का दो जवाब, मां-बाप के राज का दो हिसाब। जवाब और हिसाब के बीच राजनीति की जो दूसरी पीढ़ी आई है, तो कौन है गुनाहगार। इसमें दलित, शोषित, सामान्य समुदाय के लोगों का कत्ले आम मच गया था। कौन है इसके लिए जिम्मेदार?'

**तेजस्वी ने पूछा था- 17 साल से NDA सरकार, कहां है विकास**

**लालू-राबड़ी शासनकाल में 118 दंगे हुए: BJP:** वहीं, BJP के प्रदेश प्रवक्ता कुंतल कृष्ण ने तेजस्वी यादव और रोहिणी आचार्य पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी और रोहिणी को बिहार की अगली पीढ़ी को यह भी बताना चाहिए कि उनके माता-पिता के 15 वर्ष के राजकाज में 118 नरसंहार हुए थे बिहार में। जिसका नाम लालू राज-राबड़ी राज था। वही राज था माफिया राज, गुंडाराज, नरसंहारों का राज और उसी राज के राजकुमार और राजकुमारी हैं ये दोनों।

# राजद के गढ़ में चिराग की चुनावी सभा

## विपक्षियों पर जमकर बरसे, कहा- पीएम के खिलाफ बोलने वाले का परिवार खुद भ्रष्टाचार से घिरा है

निज संवाददाता। गया

चिराग पासवान राजद के गढ़ बेलागंज विधानसभा क्षेत्र में गया लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को पहले फेज में मतदान होना है। चुनावी सरगमि तेज है। गुरुवार को लोजपा रामविलास पार्टी के सुप्रीमो चिराग पासवान की चुनावी सभा राजद के गढ़ बेलागंज विधानसभा क्षेत्र में हुई। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए चिराग पासवान विपक्षियों पर जमकर बरसे। मीसा भारती के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जेल भेजे जाने के बयान पर कहा कि विपक्ष के नेता किस तरह की भाषा का प्रयोग करते हैं, यह निंदनीय है। इस तरह की भाषा का प्रयोग कर दुनिया में क्या संदेश देना चाहते हैं। यह कौन लोग बोल रहा है जिन पर भ्रष्टाचार का आरोप है। जिनके परिवार के सदस्य लालू यादव, तेजस्वी यादव समेत परिवार के कई लोगों के ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हुए हैं। ऐसे में मुझे लगता है इस तरह की भाषा सिर्फ और सिर्फ बदले की भावना दर्शाता है। वहीं उन्होंने कहा कि कई लोग है, जो भ्रमित करने का प्रयास कर रहे है। कई ऐसे लोग भी हैं, जातपात और मजहब के नाम पर राजनिति कर रहे हैं। जातियों में बाट कर बिहार के युवाओं का भविष्य बर्बाद किया है। महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाने का काम किया है। उनके हक और अधिकारों को छीनने का काम किया है। ऐसे में जरुरी है, हमलोगो को एक होकर ऐसे लोगों को चिह्नित करें। चिराग पासवान ने राजद प्रत्याशी कुमार सर्वजीत पर निशाना साधते हुए कहा कि में उनके पृष्ठभूमि पर नहीं जाना चाहते है। मैं नहीं जानना चाहता कि कब कैसे उनके परिवार के साथ





दुर्घटना घटी थी। और परिवार के सदस्य के साथ उनके पिता के साथ और किस तरीके से हत्या हुई थी और वह दौर क्या था। जिस तरीके से उस वक्त बिहार के अधिकांश जिले नक्सल से प्रभावित होते थे। बिहार के कई जिला विकास के नाम से नहीं सिर्फ नक्सलवाद के लिए जाना जाता था। उन्होंने एनडीए प्रत्याशी सह हम पार्टी के सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के लिए लोगों से समर्थन मांगे। मालूम हो कि लोजपा रामविलास पार्टी के नेता चिराग पासवान के जिले में बेलागंज विधानसभा के बाद बोधगया विधानसभा क्षेत्र के फहतेपुर और वजीरगंज विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सभा होना है। गया लोकसभा चुनाव की ताजा खबरें पढ़ने के लिए दैनिक भास्कर ऐप डाउनलोड करें। इस लोकसभा सीट पर क्या हैं जनता के मुद्दे और क्या है चुनावी हवा। चुनाव का सबसे सटीक और डीटेल एनालिसिस।

## संक्षिप्त समाचार

### नुक्कड़ सभा आयोजित कर वोटरों को किया जागरूक

**करायपरसुराय**। प्रखंड क्षेत्र के सतरजाबाग गांव में गुरुवार को स्वीप आइकॉन डा. आशुतोष कुमार मानव ने नुक्कड़ सभा आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक किया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण मतदाताओं से कहा कि लोकसभा चुनाव 1 जून को नालंदा में होना है। लोगों से अपील की कि जात-पात, लोभ-लालच से दूर रहकर स्वच्छ छवि के नेता का चुनाव करें। ताकि बाद में पांच साल तक पछताना न पड़े। हर एक मतदाता का वोट बहुत ही कीमती है। इसलिए एक भी वोट बेकार न जाने पाए। इस मौके पर विजय कुमार, उपेन्द्र कुमार, विनोद कुमार आदि उपस्थित थे। प्रखंड क्षेत्र में मतदाता जागरुकता अभियान लगातार चल रहा है।

### सरथा के पासवान नगर में अखंड कीर्तन, कलश यात्रा



**हरनौत**। सरथा पंचायत के पासवान नगर टोले में 24 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू हो गया। इसका आयोजन बाबा चौहरमल मंदिर परिसर में हो रहा है। इसके पहले टोला की महिला श्रद्धालुओं ने कलश शोभा यात्रा निकाली। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि अखंड कीर्त्तन के पहले गुरुवार की सुबह में 201 महिला श्रद्धालुओं ने गाजे बाजे के साथ कलश शोभा यात्रा निकाली। कल्याण बिगहा स्थित छठ घाट से कलश में जल भरने के बाद पैदल चैनपुर एवं नीमकोल गांव होते हुए पुनः पासवान नगर स्थित मंदिर परिसर पहुंचा। वहां कलश स्थापित कर ब्राह्मणों द्वारा पूजा अर्चना के बाद अनुष्ठान की शुरुआत की गई। कायक्रम को सफल बनाने में टुनटुन पासवान, धर्मवीर, मनोज, शंकर, वीरेंद्र कुमार, राजेश पासवान, मुकेश कुमार, पंपू तांती के अलावा समस्त ग्रामीण का सहयोग है।

### महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र में मतदान जागरुकता कार्यक्रम, लोक गायिका मैथिली ठाकुर ने गीत संगीत से किया जागरूक



**गया**। लोकसभा चुनाव 2024 के तहत स्वीप के स्टेट आइकॉन मैथिली ठाकुर ने बोधगया के महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र में रंगारंग प्रस्तुति दी। ठाकुर ने गीत संगीत के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूक किया। यही नहीं महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र में मौजूद 2500 लोगों को शपथ भी दिलाई गई। खास बात यह भी इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स को भी जागरूक किया गया। उन्हें सीख दी गई कि अपने अभिभावक और आसपास के लोगों को मतदान करने के प्रति जागरूक करें। यह सारा काम महाबोधि संस्कृति केंद्र में गीत संगीत के माध्यम से मैथिली ठाकुर ने किया। गौरतलब है कि मैथिली ठाकुर प्रदेश की प्रसिद्ध लोक गायिका हैं। उन्हें हाल ही में प्रधानमंत्री ने हाल ही में सम्मानित किया है। मैथिली ने देश भक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर मतदाताओं को वोट देने की अपील की। सांस्कृतिक केंद्र में विभिन्न गांव से आए मतदाताओं ने गीत संगीत का खूब आनंद लिया। इसमें महिला मतदाता स्कूली बच्चों ने भी बढ़ कर हिस्सा लिया। इसके अलावा स्वीप से जुड़े महिला अधिकारियों में लोकसभा में मतदान की महत्ता पर अपने अपने तरीके से रोशनी डाली। कार्यक्रम स्थल पर मौजूद दर्शकों को बताया गया कि मतदान क्यों और किस लिए जरूरी है। इसके अलावा उन्हें यह भी जानकारी दी गई कि एक मतदाता को मतदान करने के लिए क्या क्या आवश्यक है। इस मौके पर जन सूचना अधिकारी दीपक देव ने कहा कि मतदान बड़ा अधिकार है। यही लोकतंत्र का आधार है। मतदान ही देश को दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की उपलब्धि हासिल है। लोगों द्वारा चुने गए प्रतिनिधि ही देश के विकास का खाका तैयार करते हैं।

### किराएदार ने घर में की चोरी, मोबाइल समेत अन्य कीमती सामान लेकर हुआ था फरार

**गया**। गया के कोतवाली थाना की पुलिस ने घर में चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद स्थानीय पुलिस उससे पूछताछ में जुटी है। आरोपी नवादा के कौआकॉल का रहने वाला मोहम्मद शकुल का पुत्र मोहम्मद जीशान अहमद है। जीशान जिस घर में रहता था उसी घर के मालिक के यहां चोरी की घटना को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि पीड़ित ने कोतवाली थाना में लिखित आवेदन दिया। आवेदन में पीड़ित ने कोतवाली थाना के थानाध्यक्ष आशीष मिश्रा को बताया कि मेरे भाई मोहम्मद मेराज के घर में रह रहे नवादा निवासी मोहम्मद जीशान घर से महंगे मोबाइल फोन समेत अन्य सामानों की चोरी कर भाग गया है। हालांकि पुलिस ने आरोपी को देर रात लगभग 11:30 बजे ही गया शहर से मोबाइल समेत अन्य सामानों के साथ पकड़ लिया। पूछताछ के बाद जेल भेज दिया जाएगा कोतवाली थानाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत एक घर से सामानों की चोरी हुई थी। चोरी नवादा जिले के रहने वाले मोहम्मद जीशान नाम के युवक ने की थी। मोहम्मद जीशान गया शहर में किराए कि घर में रह रहा था और उसी घर में चोरी की वारदात की थी। फिलहाल आरोपी को चोरी के सामानों के साथ पकड़ लिया गया है। उसे पूछताछ के बाद जेल भेज दिया जाएगा।



### गलत नीयत से नाबालिग लड़की का अपहरण

**गया**। गया जिले के कोंच प्रखंड अंतर्गत आंती थाना क्षेत्र में पड़ने वाले एक गांव से नाबालिग लड़की को ग़लत नियत से अपहरण कर लेने का मामला गुरुवार को प्रकाश में आया है। लड़की के अपहरण करने को लेकर पीड़ित परिजनों ने इसकी लिखित शिकायत आंती थाने पहुंचकर पुलिस पदाधिकारी को की है। इस तरह के शिकायत मिलने के तुरंत बाद हीं केस दर्ज करने की प्रक्रिया में जुट गई है। घटना के संबंध में में बताया जा रहा है कि आंती थाना क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले गांव में एक लड़की का अपहरण गलत नियत से कर लिया गया है। लड़की को कहीं ले जाने का मामला सामने आ रहा है। जिसके बाद परेशान लड़की के पिता ने आंती थाना में आवेदन देकर कहा है कि मेरी पुत्री को बहला फुसलाकर गांव के ही एक युवक ने अपहरण कर लिया है और स्थानीय आंती थाना में आवेदन देकर खोजबीन करने की गुहार लगाई गई है। लिखित शिकायत मिलते हीं पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है। घटना को लेकर छानबीन में जुट गई है। घटना को लेकर आंती थाना के थानाध्यक्ष अजय कुमार ने कहा, एक गांव से लड़की का अपहरण कर लेने का मामला सामने आया है। घटना में शामिल आरोपी की तलाश की जा रही है और लड़की के सकुशल बारामदगी का भी प्रयास किया जा रहा है। आंती थाना कांड संख्या 39/24 दर्ज कर आरोपी युवक की तलाश की जा रही है।



## नालंदा पुलिस पर मारपीट का आरोप, पीड़ित ने कहा-दारोगा ने दी भद्दी-भद्दी गालियां

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा की सारे थाना क्षेत्र अंतर्गत गिलानी गांव निवासी विनय चौधरी ने सारे पुलिस पर मारपीट एवं गाली-गलौज करने का आरोप लगाया है। जख्मी विनय चौधरी इलाज के लिए गुरुवार को सदर अस्पताल पहुंचे। मारपीट का आरोप सारे थाना में पदस्थापित अखिलेश सिंह नामक दारोगा पर लगा है। पीड़ित विनय चौधरी ने बताया कि बुधवार को पुलिस पंचायती को लेकर थाने बुलाई थी। वह अपनी पत्नी के साथ थाने पहुंचे इसके बाद पैसे लौटाने की बात कह पुलिस वाले गाली गलौज एवं मारपीट करने लगे। उनकी पत्नी को भी भद्दी भद्दी गालियां दी गई। उन्हें थाने के ऊपर तल्ले पर ले जाकर डंडे से पैर के तलावा पर मारा गया और पैसे देने का दबाब बनाने लगा और एक चाकू गर्दन पर भिड़ा दिया। घर के सदस्यों को भी थाने में बंद करने की धमकी देने लगा। इसके बाद प्रत्येक महीने 30-30 हजार रुपए 3 महीने तक पैसे देने का बांड भरवा कर छोड़ा गया। दरअसल, साल 2019 में विनय चौधरी के बेटे की शादी पटना के बिहटा अंतर्गत सालिमपुर गांव में लगी थी। उस समय लड़की और लड़का पक्ष के बीच कुछ पैसे की लेनदेन हुई थी। इसके बाद कुछ कारणों से शादी टूट गई। लड़की पक्ष द्वारा दिए पैसे को वापस लेने के लिए थाने में आवेदन दिया गया था। उसी को लेकर पुलिस ने दोनों को थाने बुलाया था। वहीं, इस मामले में सारे थाना अध्यक्ष धर्मेश कुमार गुप्ता ने कहा कि आरोप बेबुनियाद है। लड़की पक्ष के द्वारा पैसे लेकर शादी करने से इनकार की शिकायत की गई थी। मामले को लेकर दोनों पक्ष को थाना बुलाया गया था। दोनों के बीच पैसे लेने और देने की सहमति बन गई है। बांड भरवाकर मामले का सुलह कर लिया गया है।



## बैंकर्स प्रीमियर लीग का चैंपियन बना बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक की टीम को 2 विकेट से हराया

निज संवाददाता। गया

इंटर बैंक भारत बैंकर्स प्रीमियर लीग मैच का आज फाइनल क्रिकेट मैच गया के ऐतिहासिक गांधी मैदान स्थित स्टेडियम में खेला गया। फ़ाइनल क्रिकेट मैच गुरुवार दोपहर बाद 4 बजे से इसकी शुरुआत हुई है, जो लगभग 7:30 तक चली, जिसमें केनरा बैंक और बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कर्मचारियों के बीच खेला जा रहा था। इस मैच बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने दो विकेट से जीत हासिल की है। मैच की अध्यक्षता केनरा बैंक के राहुल रंजन कर रहे थे। गांधी मैदान स्टेडियम में हो रहे इस टूर्नामेंट में गया जिले के सात बैंकों ने हिस्सा लिया था, जिनमे केनरा बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक, इंडियन बैंक, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शामिल थीं। इस टूर्नामेंट के प्रमुख क्रिकेट वर्ग में बैंक ऑफ बड़ौदा बैंक की टीम ने केनरा बैंक की टीम को 2 विकेट से हरा कर कप पर कब्जा किया। बैंक ऑफ बड़ौदा विजेता और केनरा बैंक उपविजेता रही। बैंक ऑफ बड़ौदा टीम के राजेश मलिक फाइनल मुकाबले में मैन ऑफ द मैच बने।

**राजेश मलिक बने मैन ऑफ द सीरीजः** टूर्नामेंट के मैन ऑफ द सीरीज बैंक ऑफ बड़ौदा के राजेश मलिक बने। टूर्नामेंट के बेस्ट बैट्समैन का खिताब बैंक ऑफ बड़ौदा के धर्मेंद्र कुमार को मिला। टूर्नामेंट के बेस्ट बॉलर का खिताब बैंक ऑफ बड़ौदा के राजेश मलिक को मिला। मोस्ट सिक्सेज का अवार्ड केनरा बैंक के विकाश चंद्र को मिला। मोस्ट कैचेज का अवार्ड प्रणीत कुमार को मिला। टूर्नामेंट के अन्य मैचेज के मैन ऑफ द मैच क्रमशः पीएनबी के उज्जवल कुमार, डीबीजीबी के साकेत कुमार, केनरा बैंक के पियूष कुमार, बॉब के धर्मेंद्र कुमार और राजेश मलिक को मिला। बैडमिंटन वर्ग में पुरुषो के सिंगल मुकाबले में बैंक ऑफ बड़ौदा के मोंटी विजेता और पीएनबी के राजेश कुमार तिवारी उपविजेता बने। बैडमिंटन के डबल्स मुकाबले में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रणव कपूर और राजेश कुमार गुप्ता विजेता और पीएनबी के प्रशांत कुमार और राजेश कुमार तिवारी उपविजेता बने।

**कैरम में चंदन दास ने मारी बाजीः** महिलाओं के बैडमिंटन मुकाबले में डीबीजीबी की रवीना कुमारी विजेता डीबीजीवी की ही श्वेता शर्मा उपविजेता बनी। वही कैरम प्रतियोगिता में पीएनबी के चंदन दास विजेता और डीबीजीबी की रीता कुमारी उपविजेता रहीं। इस अवसर पर केनरा बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख कार्तिकेयन एस ए , मंडल प्रबंधक हरे राम , बैंक ऑफ बड़ौदा के डीआरएम सुबोध कुमार, पीएनबी के चीफ मैनेजर राजकुमार मिश्र, आर एस पी टी आई के डायरेक्टर सुनील कुमार, केनरा बैंक ऑफिसर एसोसिएशन के रीजनल सेक्रेटरी जितेंद्र कुमार, जीडीबीईए के अध्यक्ष गौरीशंकर प्रसाद आदि मौजूद रहें।

**'फिटनेस को लेकर जागरूकता बनी रहे'**: टूर्नामेंट के आयोजक मोमोमिया रेस्टोरेंट की मालकिन निशी कुमारी ने बताया कि अंतर बैंको के इस टूर्नामेंट का सफल आयोजन सभी बैंकों के कोऑर्डिनेटर जिनमे राहुल रंजन, चंदन दास, सुजीत कुमार, अभिषेक कुमार , विजय कुमार, राहुल कुमार, कमलेश सिंह व इन बैंको के क्षेत्रीय प्रमुख के महत्वपूर्ण योगदान से सफल हुआ है। इसके साथ ही केनरा बैंक के विकाश कुमार , विकाश सिन्हा , प्रणीत कुमार, अमित राज आदि ने मिल कर इस टूर्नामेंट को सफल बनाने में अपना अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ग्राउंड स्टाफ में रोटरी क्लब के राजीव अग्रवाल समेत प्रशांत कुमार, छोटू कुमार, तुषार कुमार, अमन कुमार ने टूर्नामेंट का सफल आयोजन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।




### जंगली हाथी ने जमकर मचाया उत्पात, मिट्टी और फूस के बने दो घर को तोड़ा

## खेतों में लगे फसल को भी किया नष्ट

निज संवाददाता। गया

गया जिले के मोहनपुर प्रखंड अंतर्गत सिंदुगढ थाना क्षेत्र इलाक़े में हाथियों ने आतंक मचा रखा है। कभी हाथी खेतों में लगे किसानों के फ़सल गेहूं को नष्ट कर रहा है, तो कभी ग्रामीणों के घरों को तोड़फोड़ कर उन्हें परेशान कर रहा है। इसी क्रम में जंगल से आए हाथियों ने मोहनपुर प्रखंड के मसौंधा गांव में आ गए और यहां आते हीं उन्होंने दलित परिवार के मिट्टी के दो घरों को उजाड़ दिया है। घरों को तोड़ फोड़ कर दिया है,जिसके बाद ग्रामीणों में चिंता का विषय बना हुआ है। इसकी जानकारी वन कर्मियों को लगी जिसके बाद वनकर्मी मसौंधा गांव को पहुंचे हैं और किसी तरह हाथी को गुरपा के जंगल की ओर ले गए हैं। जंगल से निकलकर गांव की ओर जाता हाथी हाथी को जंगल की तरफ ले गई वन विभाग की टीम मोहनपुर प्रखंड के सिंदुगढ मसौंधा गांव के रहने वाले मुनारिक मंडल पिता चुही मंडल व समुद्र मंडल पिता पर शादी मंडल के बने मिट्टी के घरों को हाथियों ने तोड़फोड़ कर दिया है, जिसके कारण ग्रामीणों के सर से छत का साया भी हट चुका है। पीड़ित मुनारिक मंडल बताते हैं। बीते सप्ताह भर से हाथियों का झुंड जंगल की ओर से आकर मोहनपुर और बाराचट्टी क्षेत्र में उत्पात मचाए हुए है। बीते दिनों गेहूं को फसलों को नष्ट कर दिया था। अब हम लोगों के घर को तोड़फोड़ कर दिया है। हालांकि वन कर्मियों को इसकी सूचना दी गई। इसके बाद वनकर्मी कि टीम यहां आई और हाथी को जंगल की तरफ ले गए। समुद्र मंडल ने कहा कि फिर भी डर लग रहा है कि हाथी फिर अचानक ना आ जाए ग्रामीणों में भी दहशत का माहौल बना हुआ है, क्योंकि हाथी जब भी आते हैं कुछ ना कुछ नुकसान करके जाते हैं।





## लूट-डकैती करने वाले 2 अपराधियों को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा की नूरसराय थाना की पुलिस ने हथियार कारतूस के साथ दो अंतर जिला अपराधियों को गिरफ्तार किया है। डीएसपी सदर-2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि नूरसराय थाना ने लूट, डकैती और अन्य आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध की गई छापेमारी के दौरान दो अंतरजिला अपराधियों को थरथरी रोड से गिरफ्तार किया गया है। घटना को अंजाम देने के लिए प्रयोग में लाए जाने वाले 2 पिस्टल, 5 जिंदा कारतूस, बाइक आदि को बरामद किया गया है। अपराधियों की गिरफ्तारी से लूट-डकैती की कई घटनाओं का खुलासा हुआ है। जिसका सत्यापन किया जा रहा है।

**हथियार के साथ मोबाइल भी बरामदः** पकड़ा गया अपराधी वैशाली जिला के हाजीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत हथसारगंज निवासी प्रेम प्रकाश उर्फ जगन पासवान का पुत्र प्रफुल्ल कुमार उर्फ विकास कुमार और सारण जिला के सोनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जबलपुर वभन टोली निवासी मुकेश सिंह का पुत्र अभिराज सिंह उर्फ प्रियांशु है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से दो पिस्तौल, 6 जिंदा कारतूस, एक बाइक और दो मोबाइल बरामद किया गया है।



## घर में घुसकर जमीन कारोबारी की हत्या

निज संवाददाता। गया

गया में कारोबारी की घर में घुसकर हत्या कर दी। कोरोबारी घर के बाहर सोए थे। तभी रात के करीब 2 बजे अपराधी आए और तीन गोलियां दाग दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है। आज सुबह तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। घटनास्थल से दो खोखे बरामद हुए हैं। मृतक के पत्नी के अनुसार साढ़े तीन लाख रुपए बकाया पैसा मांगने पर अपराधियों ने हत्या की है। मृतक पिपरा गांव के रहने वाले निरंजन वर्मा हैं जो जमीन के कारोबार से जुड़े थे। ज्वेलरी की छोटी दुकान भी हैं। मामला बेलागंज का है।

**दो बेटे की मौत पहले ही चुकी हैः** मृतक की पत्नी ने कहा कि साढ़े तीन लाख रुपए बकाया था। बकाया रुपया मांगने पर पति को गोली मारने की धमकी अपराधियों ने दी थी। अपराधियों ने धमकी को सच में बदल दिया। अब मेरा पूरा परिवार बर्बाद हो गया। सालभर के अंदर ही दो बेटों की मौत हो चुकी है। एक बेटे की बीमारी से और दूसरे की सड़क हादसे में जान गई है। अब यह तीसरी घटना है। अपराधियों को फांसी की सजा दी जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि गोली चलने की आवाज पर गांव वालों की नींद टूटी तो मौके पर पहुंचे तो देखा कि किसी ने निरंजन वर्मा की गोली मार कर हत्या कर दी है। वहीं, पुलिस का कहना है कि अब तक पीड़ित पक्ष की ओर से कोई आवेदन नहीं आया है। लंबे समय से बकाया बाकी था मामला जमीन विवाद से जुड़ा है। निरंजन वर्मा का जमीन कारोबारियों के यहां साढ़े 3 लाख रुपए लम्बे समय से बाकी था। निरंजन बकाया पैसा लौटाने के लिए दबाव बना रहा था।



## नहाए खाए के साथ शुरू हुआ महापर्व चैती छठ, सूर्य तालाब में स्नान के बाद प्रसाद किया ग्रहण

### रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे श्रद्धालु

निज संवाददाता। नालंदा

लोक आस्था का महापर्व चैती छठ शुक्रवार को नहाए खाए के साथ शुरू हो गया। शनिवार को लोहंडा, रविवार को पहला अर्घ्य और सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के बाद महापर्व समाप्त होगा। शुक्रवार की सुबह छठ व्रतियों ने स्नान ध्यान कर भगवान भास्कर की पूजा-अर्चना की। अरवा चावल का भात, चना-कद्दू का दाल का प्रसाद ग्रहण कर पर्व की शुरुआत की। सिलाव प्रखंड के सूर्य नगरी बड़गांव स्थित सूर्य तालाब में काफी संख्या में छठ व्रतियों ने स्नान कर तालाब किनारे बनाया गए अरवा चावल का भात और कद्दू चना दाल का प्रसाद ग्रहण कर चार दिवसीय पर्व की शुरुआत की।

**शारीरिक कष्ट से मुक्ति के साथ मनोकामनाएं पूरी होतीः** पौराणिक मान्यता के चलते बिहार के अलावा अन्य राज्यों से श्रद्धालु बड़गांव सूर्यपीठ में भगवान भास्कर की पूजा-अर्चना करने पहुंचते हैं। मान्यता है कि इस धाम पर छठ व्रत करने से शारीरिक कष्ट से मुक्ति के साथ-साथ अन्य मनोकामना पूर्ण होती है। बड़गांव में छठव्रतियों की सुविधा को लेकर धाम पर आने वाले श्रद्धालु के लिए ठहरने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावे पेयजल, चेंजिंग रूम, अस्थाई शौचालय, नियंत्रण कक्ष, गोताखोर और तालाब में बैरिकेडिंग की गई है। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग की भी व्यवस्था जिला प्रशासन ने की है।



# संक्षिप्त समाचार

## लिंडी कैमरून होंगी भारत में ब्रिटेन की नई उच्चायुक्त

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन ने लिंडी कैमरून को बृहस्पतिवार को भारत में अपना नया उच्चायुक्त नियुक्त किया। कैमरून निवर्तमान एलेक्स एलिस का स्थान लेंगी। कैमरून भारत में ब्रिटेन की उच्चायुक्त नियुक्त होने वाली पहली महिला हैं। ब्रिटेन की सरकार ने बृहस्पतिवार को जारी एक बयान में कहा, लिंडी कैमरून को एलेक्स एलिस के उत्तराधिकारी के रूप में भारत गणराज्य में ब्रिटेन का उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। एलिस को कोई अन्य राजनयिक जिम्मेदारी दी जाएगी। नई दिल्ली में ब्रिटिश उच्चायोग द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि कैमरून इस महीने अपना कार्यभार संभालेंगी। लिंडी कैमरून ने नयी जिम्मेदारी मिलने पर उत्सुकता व्यक्त करते हुए एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत में ब्रिटेन की अगली उच्चायुक्त नियुक्त होने पर बेहद गर्व महसूस कर रही हूं। इतनी महान विरासत छोड़ने के लिए एलेक्स एलिस को बहुत-बहुत धन्यवाद। इसलिए भारत में ब्रिटेन की अद्भुत टीम के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। मैं (अपनी पारी) शुरू होने का इंतजार नहीं कर सकती! कैमरून 2020 से ब्रिटेन के राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा केंद्र की मुख्य कार्यकारी के रूप में कार्यरत हैं। वह ब्रिटेन के उत्तरी आयरलैंड कार्यालय के महानिदेशक के रूप में भी कार्यरत थीं। उनकी यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब ब्रिटेन और भारत काफी समय से लंबित मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत में जुटे हुए हैं।

## भारत के आरोह ने किया नासा के साउंडिंग रॉकेट मिशन का नेतृत्व

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने सूर्य ग्रहण के दौरान साउंडिंग रॉकेट मिशन को लॉन्च किया था। इस अभियान का नेतृत्व भारत में जन्मे आरोह बड़जात्या ने किया है। भारत में जन्मे आरोह बड़जात्या ने अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के मिशन में अहम भूमिका निभाई है। हाल ही में पूर्ण सूर्य ग्रहण के दौरान नासा ने साउंडिंग रॉकेट लॉन्च किया था। इस मिशन का नेतृत्व भारत में जन्मे शोधकर्ता आरोह बड़जात्या ने किया। आरोह के परिवार का कहना है कि संयुक्त राज्य अमेरिका जाने से पहले आरोह ने भारत के अलग अलग शहरों में अध्ययन किया था। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी ने 8 अप्रैल को उत्तरी अमेरिका में दिखाई देने वाले सूर्य ग्रहण के दौरान तीन साउंडिंग रॉकेट लॉन्च किए, ताकि यह अध्ययन किया जा सके कि जब ग्रह के एक हिस्से पर सूरज की रोशनी क्षण भर के लिए कम हो जाती है तो पृथ्वी का ऊपरी वायुमंडल कैसे प्रभावित होता है। नासा ने एक बयान में कहा है कि इस मिशन का प्रोफेसर आरोह बड़जात्या ने किया, जो कि फ्लोरिडा में एम्ब्री-रिडल एयरोनॉटिकल यूनिवर्सिटी में इंजीनियरिंग भौतिकी के प्रोफेसर हैं। इस विश्वविद्यालय में प्रोफेसर आरोह अंतरिक्ष और वायुमंडलीय इंस्ट्रुमेंटेशन लैब का निर्देशन करते हैं।

## पाकिस्तान में यात्रियों से भरा ट्रक खाई में गिरा, 17 की मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में एक ट्रक गहरी खाई में जा गिरा, जिसमें कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई और 40 अन्य लोगों के घायल होने की खबर है। डॉन ने एक पुलिस अधिकारी के हवाले से बताया कि यह घटना बुधवार रात को हुई जब ट्रक 50 लोगों को लेकर शाह नूरानी दरगाह की ओर जा रहा था। ईधी फाउंडेशन के हब प्रभारी मनन बलूच के अनुसार बचाव अभियान गुरुवार सुबह समाप्त हुआ। इस हादसे में लोगों की मौत पर बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर सरफराज बुगती ने दुख जताया है।

## गाजा पर हमलों के लिए इस्राइल ने एआई तकनीक का किया इस्तेमाल, रिपोर्ट में लगाए गए गंभीर आरोप

**तेल अवीव, एजेंसी।** इस्राइल सेना पर आरोप लगे हैं कि वह गाजा में हमले के लिए एआई तकनीक का इस्तेमाल कर रही है। एक रिपोर्ट में ये खुलासा किया गया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि एआई तकनीक से हुए हमलों में बड़ी संख्या में आम नागरिकों की मौत हुई। यह रिपोर्ट बीते हफ्ते प्रकाशित हुई है, जिसे इस्राइली और फलस्तीनी पत्रकारों द्वारा संचालित की जाने वाली एक मैग्जीन में प्रकाशित किया गया है। इस रिपोर्ट में इस्राइली खुफिया एजेंसी के छह अनाम सूत्रों के हवाले से यह दावा किया गया है।

# नेपाल के हिस्से वाली जमीन पर चीन ने शुरू किया कब्जा, यहां की प्रमुख नदी पर बना लिया बांध!

**काठमांडू, एजेंसी।**
केंद्रीय खुफिया एजेंसियों को मिले इनपुट के आधार पर पता चला है कि चीन ने एक बार फिर नेपाल-टीएआर (चीन) पर कोसी प्रांत के संकुवासभा जिले के उत्तर पूर्व में स्थित गांव किमाथंका में अतिक्रमण किया है। जानकारी के मुताबिक नेपाली जमीन पर बहने वाली अरुण नदी के किनारे तकरीबन एक किलोमीटर लंबा तटबंध का निर्माण किया गया है।



चीन पड़ोसी देशों की संप्रभुता के साथ लगातार छेड़खानी कर रहा है। इस कड़ी में चीन ने इस बार अपने पड़ोसी मुल्क नेपाल की एक हस्से में अतिक्रमण करना शुरू कर दिया। यह हिस्सा नेपाल चीन के बॉर्डर पर कोसी राज्य के कीमाथंका गांव पर एक तटबंध का निर्माण करके किया है। जानकारी के मुताबिक इस निर्माण से यहां बहने वाली अरुण नदी के प्रवाह को न सिर्फ प्राकृतिक रूप से चीन ने मोड़ दिया है, बल्कि इस इस अतिक्रमण से अब अगले मानसून में नेपाल के इलाके में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। देश के केंद्रीय खुफिया एजेंसियों को मिले इनपुट के आधार पर इस बात के प्रमाण मिले हैं। वही विशेषज्ञों का कहना है कि चीन लगातार नेपाल के अलग-अलग हिस्सों में अतिक्रमण कर रहा है।


केंद्रीय खुफिया एजेंसियों को मिले इनपुट के आधार पर पता चला है कि चीन ने एक बार फिर नेपाल-टीएआर (चीन) पर कोसी प्रांत के संकुवासभा जिले के उत्तर पूर्व में स्थित गांव किमाथंका में अतिक्रमण किया है। जानकारी के मुताबिक नेपाली जमीन पर बहने वाली अरुण नदी के किनारे तकरीबन एक किलोमीटर लंबा तटबंध का निर्माण किया गया है। चीन की ओर से किया गया यह निर्माण नेपाल की सीमा के भीतर अतिक्रमण के तौर पर हुआ है। खुफिया एजेंसियों को मिले इनपुट के मुताबिक इस निर्माण से नेपाल के हिस्से में कुछ दिन पहले तकरीबन नौ हेक्टेयर से ज्यादा की नेपाली जमीन का नुकसान हो गया। इसके अलावा इस निर्माण से नेपाली इलाकों में बरसात के दौरान बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। हालांकि केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के मुताबिक न तो चीन और न ही नेपाल इसे स्वीकार कर रहा है।

केंद्रीय खुफिया एजेंसी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक यह पहला मौका नहीं है जब चीन ने नेपाल के क्षेत्र में आक्रमण किया हो। इससे पहले भी लगातार चीन ने नेपाल के हिस्से में आने वाली जमीनों पर अतिक्रमण ही नहीं किया बल्कि नेपाल की कई आस्था वाली चीजों के नाम तक बदल डाले। विदेशी मामलों के जानकारों का कहना है कि चीन की हमेशा से एक रणनीति रही है कि वह अपने पड़ोसी मुल्कों की संप्रभुता के साथ ऐसे ही खिलवाड़ कर माहौल बिगाड़ रहा है। रिटायर्ड ब्रिगेडियर दविंदर सिंह चहल कहते हैं कि चीन जिस तरह हमारे देश के महत्वपूर्ण राज्य अरुणाचल प्रदेश में माहौल बिगड़ने के लिए नाम बदलता रहता है, ठीक उसी तरह नेपाल में भी दखल देता है। वह कहते हैं कि 2019 में चीन के एक मीडिया हाउस ने नेपाल के एक महत्वपूर्ण माउंट सागरमाथा का नाम बदलकर माउंट कुमोलांगमा कर दिया था। इसके अलावा यहां तक दावा कर दिया गया था कि यह नेपाल का नहीं बल्कि चीन का हिस्सा है। विशेषज्ञों के मुताबिक चीनी मीडिया की रिपोर्ट का नेपाल में जबरदस्त विरोध हुआ। ब्रिगेडियर चहल कहते हैं कि ऐसे कई मामले सामने आते रहे हैं, जिसमें चीन नेपाल में अतिक्रमण की कोशिश भी करता रहा है और उनकी संप्रभुता के साथ खिलवाड़ भी करता रहा है।

विदेशी मामलों की जानकार और साउथ एशिया और चाइना स्ट्रैटेजिक अफेयर्स के प्रोफेसर जेपी चक्रवर्ती कहते हैं कि चीन की ओर से 2020 में नेपाल के 36 हेक्टेयर क्षेत्र में चीनी अतिक्रमण की रिपोर्ट सामने आई थी। चक्रवर्ती कहते हैं कि जिस पत्रकार ने उत्तरी सीमा पर नेपाली जमीन पर चीनी आक्रमण की खबर दी थी, उसने जुलाई में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। इसे लेकर नेपाल के भीतर कई तरह की चर्चाएं शुरू हुई थीं। वह कहते हैं कि पिछले साल ही नेपाल में गंडकी राज्य के मस्तांग जिले में सड़क निर्माण की भी जानकारियां सामने आई थीं। इसके अलावा कई गांवों में तारबंदी की भी सूचनाएं नेपाल में लगातार सामने आती रहती हैं। केंद्रीय खुफिया एजेंसी से जुड़े सूत्रों के मताबिक नेपाल के भीतर चीन लगातार हस्तक्षेप कर रहा है। हालांकि यह बात अलग है कि तमाम तरह के दबाव के चलते वह इसका खुलकर विरोध नहीं कर पा रहा है।

दिल्ली विश्वविद्यालय में चीनी मामलों के अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक प्रताप सिंह कहते हैं कि कई मामलों में नेपाल, चीन का खुलकर विरोध नहीं कर पता है। इसके कई कारण हैं। इसमें चीन की ओर से नेपाल में किए गए निवेश के अलावा उसे मिलने वाली मदद बड़ा पहलू है।

## 19 वर्षीय नामा लेवी की मां का दर्द छलका; बर्बर आतंकियों के कब्जे से मुक्ति की आस बरकरार



**तेल अवीव, एजेंसी।** इस्राइल और हमास का युद्ध बीते छह महीने से अधिक समय से जारी है। इस्राइल पर दबाव बनाने के लिए हमास के हथियारबंद दहशतगर्दों ने सैकड़ों मासूमों को बंधक भी बनाया। 19 साल की किशोरी नामा लेवी भी पिछले साल सात अक्तूबर को हुई हमास की नृशंस वारदात का शिकार बनी।

पश्चिम एशिया में बीते छह महीने से अधिक समय से हिंसक संघर्ष जारी है। 7 अक्तूबर, 2023 को हमास के आतंकियों ने इस्राइल पर ताबड़तोड़ हमले किए। हमले में हजारों लोगों की नृशंस हत्या हुई। हमले के दौरान हमास ने सैकड़ों लोगों का अपहरण भी किया। इन अपहृतों में एक 10 साल की किशोरी नामा लेवी भी शामिल है। नाम की मां आयलेट लेवी शचर ने बताया, मेरी बेटी 19 साल की है, उसे 7 अक्तूबर को गाजा पट्टी के पास दक्षिणी इस्राइल में हुए आतंकवादी हमले के दौरान अगवा कर लिया गया था।

नामा लेवी की मां ने बताया, हमने हमले की अगली सुबह नामा के अपहरण का वीडियो देखा। हम जानते हैं कि वह हमास के कब्जे में है। घायल है, लेकिन अभी भी जीवित है। मां आयलेट लेवी शचर के मुताबिक हमले के 6 महीने बीत चुके हैं। जबसे उनकी बेटी हमास के आतंकियों के कब्जे में है। शचर के इस बयान से पहले गुरुवार देर रात आई एक रिपोर्ट में एक इस्राइली शोधकर्ता ने चौंकाने वाले दावे किए। उन्होंने कहा, हिज्बुल्ला उत्तरी इस्राइल के गैलिली क्षेत्र पर कब्जा करने की कोशिश कर सकता है।

युद्धग्रस्त इलाकों में संवेदनशील और चिंताजनक हालात के बीच इस्राइल में पढ़ रहे भारतीय छात्रों ने हमलों के बीच उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए नई दिल्ली में भारतीय दूतावास और अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस्राइल में कार्बनिक रसायन विज्ञान में पीएचडी के छात्र राहुल ने आतंकवादी हमलों के जवाब में इस्राइल द्वारा हमास के खिलाफ युद्ध की घोषणा के बाद के हालात के बारे में बताया। साथ ही कैसे दूतावास ने उनकी मदद की यह भी बताया।

## ब्रिटेन में फैमिली वीजा के लिए लागू की गई उच्च वेतन सीमा, भारतवंशियों को मिलेगा लाभ

**लंदन , एजेंसी।** ब्रिटेन ने फैमिली वीजा पर देश में लाने के इच्छुक नागरिकों के लिए आवश्यक न्यूनतम आय में बढ़ोत्तरी कर दी। बता दें ब्रिटेन सरकार प्रवासन की संख्या कम करने के काफी प्रयास कर रही है। इस कारण सरकार ने इस साल की शुरुआत से वीजा नियमों को भी सख्त कर दिया है। गृह मंत्री क्लेवरली ने कहा कि हमारे देश में बड़ी संख्या में प्रवासन हो रहा है।

पीटीआई, लंदन। ब्रिटेन ने गुरुवार को परिवार अथवा रिश्तेदारों को फैमिली वीजा पर देश में लाने के इच्छुक नागरिकों के लिए आवश्यक न्यूनतम आय में बढ़ोत्तरी कर दी। सरकार के फैसले का लाभ भारतवंशियों को भी मिलेगा। सरकार ने वेतन में 55 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की और अब इन लोगों का वेतन 18,600 पाउंड (19.40 लाख रुपये) से बढ़कर 29 हजार पाउंड (30.25 लाख रुपये) हो जाएगा। बता दें कि ब्रिटेन सरकार प्रवासन की संख्या कम करने के काफी प्रयास कर रही है। इस कारण सरकार ने इस साल की शुरुआत से वीजा नियमों को भी सख्त कर दिया है। ब्रिटेन के गृह मंत्रालय ने कहा कि यह निर्णय प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और गृह मंत्री जेम्स क्लेवरली ने कानूनी प्रवासन को कम करने और यहां आने वाले लोगों से करदाता पर पड़ने वाले बोझ को खत्म करने के लिए उठाया है। गृह मंत्री क्लेवरली ने कहा कि हमारे देश में बड़ी संख्या में प्रवासन हो रहा है और इसे कम करने का कोई आसान हल नहीं है। उन्होंने कहा कि मैंने कार्रवाई का वादा किया था और हमने उल्लेखनीय गति से काम पूरा किया। हमने प्रवासन में अस्थिर संख्या में कटौती करने, ब्रिटिश श्रमिकों और उनके वेतन की रक्षा करने और भविष्य के लिए उपयुक्त आव्रजन प्रणाली बनाने के लिए यह काम किया है।



## अमेरिकी कांग्रेस में उठा हिंदू मंदिरों पर हमले और हिंदूफोबिया का मामला, पूछा- जांच एजेंसियां क्या कर रहीं


**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी संसद में एक प्रस्ताव पेश किया गया है, जिसमें अमेरिका में हिंदू मंदिरों पर हमले की घटनाओं और हिंदूफोबिया की कड़ी निंदा की गई है। इस प्रस्ताव को भारतीय मूल के कांग्रेसमैन श्री थानेदार ने पेश किया है। फिलहाल यह प्रस्ताव समीक्षा के लिए सदन की समिति के पास भेजा गया है। इससे पहले भारतीय मूल के सांसदों ने न्याय विभाग को चिट्ठी लिखकर भी हिंदू मंदिरों पर हो रहे हमलों पर जवाब मांगा था। प्रस्ताव में कहा गया है कि हिंदू अमेरिकी समुदाय ने अमेरिका की तरक्की में अहम योगदान दिया है, लेकिन इसके बावजूद इस वर्ग को पक्षपात का सामना करना पड़ता है।साथ ही उन्हें पक्षपात, घृणा अपराध और पक्षपाती अपराध का सामना करना पड़ता है। एफबीआई की घृणा अपराध से संबंधित एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में हिंदुओं के खिलाफ घृणा अपराध की घटनाएं, मंदिरों पर हमले बढ़े हैं। प्रस्ताव के अनुसार, साल 1900 से दुनिया के विभिन्न हिस्सों से हिंदू समुदाय के लोग अमेरिका आ रहे हैं और इनकी संख्या करीब 40 लाख है। अमेरिका की अर्थव्यवस्था और प्रत्येक औद्योगिक क्षेत्र के विकास में इस समुदाय का अहम योगदान रहा है।

## इजराइल दूसरी जगहों पर जंग के लिए तैयार : नेतन्याहू

**तेल अवीव, एजेंसी।**
इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को कहा है कि इजराइल गाजा के अलावा दूसरे मोर्चों पर भी जंग की तैयारी कर रहा है। ईरान का नाम लिए बिना इजराइली पीएम ने कहा, अगर किसी ने भी हम पर हमला किया, तो हम इसका जवाब जरूर करेंगे।

एफ-15 फाइटर जेट के बेस पर पहुंचे प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा, आज का समय बहुत चुनौतीपूर्ण है। गाजा में युद्ध चल रहा है। हम हमास की कैद में मौजूद इजराइलियों को छुड़ाने की हरसंभव कोशिश कर रहे हैं। इजराइल की सुरक्षा के लिए हम अटैक और डिफेंस दोनों तरह की नीति अपनाने को तैयार हैं।दरअसल, 1 अप्रैल को इजराइल ने सीरिया में ईरानी एम्बेसी के पास एयरस्ट्राइक की थी। इसमें ईरान के दो आर्मी कमांडर्स समेत 13 लोग मारे गए थे। इसके बाद ईरान ने इजराइल को बदला लेने की धमकी दी थी। ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह खामेनेई ने बुधवार को कहा था, इजराइल को इस हमले की सजा जरूरी दी जाएगी। उन्होंने सीरिया में हमारे दूतावास पर हमला किया। यह ईरान की धरती पर हमला करने जैसा ही था।

ईरान की तरफ से हमले के खतरे के बीच गुरुवार को अमेरिका के सेंट्रल कमांड के जनरल माइकल कुरिला इजराइल पहुंचे। यहां वे इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट और इजराइल डिफेंस फोर्स के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करेंगे।



इस बीच जर्मनी की एयरलाइंस लुफ्थांसा एयरलाइन्स ने गुरुवार को तहरान के लिए सभी फ्लाइट सस्पेंड कर दीं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, मिडिल ईस्ट इस वक्त ईरान की तरफ से हमले के खतरे को लेकर अलर्ट पर है। अरबी भाषा में छपी ईरानी न्यूज एजेंसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने राजधानी तहरान के ऊपर अपने एयरस्पेस को बंद कर दिया, जिससे वो सैन्य अभ्यास कर सकें। हालांकि, ईरानी मीडिया ने बाद में इस रिपोर्ट को हटा दिया। वहीं कुछ दिन पहले इजराइल ने अपने जीपीएस नेविगेशन सिस्टम को बंद कर दिया था। माना जाता है कि गाइडेड मिसाइलों के हमलों को रोकने के लिए जीपीएसको बंद किया जाता है। इसके अलावा सभी सैनिकों की छुट्टियां भी रद्द कर दी गई थीं।

## जूलियन असांजे पर आरोप हटाने का अमेरिका कर रहा विचार, सेना से जुड़े दस्तावेजों को लीक करने से जुड़ा मामला

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
ऑस्ट्रेलिया की संसद ने फरवरी में एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें असांजे की कानूनी बाधाओं को समाप्त करने का आह्वान किया गया था, जो अमेरिका में प्रत्यर्पण की लड़ाई के दौरान 2019 से ब्रिटेन में है। बाइडन ने कहा कि हम ऑस्ट्रेलिया की अपील पर विचार कर रहे हैं।



अमेरिका राष्ट्रपति बाइडन के बुधवार को कहा कि वह जासूसी के आरोप में विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे के खिलाफ मुकदमा चलाने के ऑस्ट्रेलिया के अपील पर विचार कर रहे थे। गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलियाई नागरिक जूलियन असांजे को 2010 में इराक और अफगानिस्तान युद्ध से जुड़े वर्गीकृत दस्तावेजों के लीक होने में उनकी भूमिका के लिए अमेरिकी सरकार द्वारा दोषी ठहराया गया है। ऑस्ट्रेलिया की संसद ने फरवरी में एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें असांजे की कानूनी बाधाओं को समाप्त करने का आह्वान किया गया था, जो अमेरिका में प्रत्यर्पण की लड़ाई के दौरान 2019 से ब्रिटेन में है। बाइडन ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हम जूलियन असांजे के मामले पर विचार कर रहे हैं। 52 साल के ऑस्ट्रेलियाई नागरिक असांजे को अमेरिकी सरकार ने 2010 में इराक और अफगानिस्तान में लड़ाईयों से जुड़े वर्गीकृत दस्तावेजों को लीक करने में उनकी भूमिका के लिए दोषी ठहराया है। दोषी पाए जाने पर उसे उम्र कैद की जेल की सजा का सामना करना पड़ सकता है। बाइडन की टिप्पणियों के जवाब में असांजे की पत्नी स्टेला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह सही काम है, उन पर से आरोप हटा दें। उन्होंने पहले कहा था कि जेल में असांजे के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में गिरावट आ रही है।

# अमेरिकी नेता टॉम सुओजी का वैसाखी से पहले संदेश- एकजुटता सिखाता है सिख धर्म

**वाशिंगटन, एजेंसी।** न्यूयॉर्क के प्रभावशाली नेता टॉम सुओजी ने वैसाखी से पहले अमेरिकी संसद में कहा कि सिख धर्म सिखाता है कि सभी मनुष्य एक परिवार के रूप में एक दूसरे से जुड़े हुए हैं और और इसका निर्माता एक ही है जो सभी के अंदर रहता है। 325वें खालसा पंथ स्थापना दिवस के अवसर पर 13 अप्रैल को वैसाखी का त्योहार मनाया जाएगा।

टॉम सुओजी ने कहा, गुरु गोबिंद सिंह ने 1699 में खालसा समुदाय की स्थापना की, जिसका एकमात्र उद्देश्य सभी व्यक्तियों की गरिमा को बनाए रखना और मानवाधिकारों की रक्षा करना है चाहे उनकी राष्ट्रीयता, जाति, धर्म या सामाजिक स्थिति कुछ भी हो। उन्होंने अमेरिकी सदन में कहा, गुरु गोबिंद सिंह जी की विरासत ने स्वतंत्रता, समानता और धार्मिक स्वतंत्रता सहित उन मूल्यों को महत्व दिया, आगे बढ़ाया जिन्हें हम अमेरिकी मानते हैं। उन्होंने कहा, सिख धर्म यह भी सिखाता है कि प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा होती है और वह सम्मान और करुणा का पात्र है।

325वें खालसा पंथ स्थापना दिवस के अवसर पर 13 अप्रैल को वैसाखी का त्योहार मनाया जाएगा। सुओजी ने सदन में कहा, अध्यक्ष महोदय, मैं 13 अप्रैल 2024 को वैसाखी की 325वीं वर्षगांठ मनाने के लिए यहां उपस्थित हुआ हूं और गुरु गोबिंद सिंह जी की विरासत ने स्वतंत्रता, समानता और धार्मिक स्वतंत्रता सहित उन मूल्यों को महत्व दिया, आगे बढ़ाया जिन्हें हम अमेरिकी मानते हैं। उन्होंने कहा कि सिख धर्म यह भी सिखाता है कि प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा होती है और वह सम्मान और करुणा का पात्र है। कांग्रेस सदस्य सुओजी ने कहा, गुरु गोबिंद सिंह जी ने सिखाया कि अराधना का सर्वोच्च रूप मानवता से प्यार करना और उसकी देखभाल करना है। इसी कारण से, खालसा समुदाय बिना किसी भेदभाव के भगवान की रचना की परवाह करता है। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह ने बहुलवाद और अंतरात्मा की स्वतंत्रता में अपने विश्वास की शिक्षा दी।



सुओजी ने कहा उनके पिता, गुरु तेग बहादुर जी भी उन्हीं सिद्धांतों का पालन करते थे । यहां तक कि उन्हें फांसी भी दे दी गई थी क्योंकि उन्होंने सरकार द्वारा पवित्र धागे 'जनेऊ को जबरन हटाने का विरोध किया था। हालांकि एक सिख के रूप में, गुरु तेग बहादुर जी खुद जनेऊ पहनने में विश्वास नहीं करते थे।

उन्होंने हिंदुओं के इसे पहनने के अधिकार के लिए आवाज उठाई थी। सुओजी के अनुसार, उन्हें इसलिए फांसी दे दी गई क्योंकि उन्होंने अपने समय की असहिष्णु राजशाही द्वारा आदेश दिए जाने के बावजूद, अपने सिद्धांत को त्यागने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह अपने पिता के नक्शेकदम पर चलते थे और अंतरधार्मिक संवाद को बढ़ावा देते थे। सुओज़ी ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह ने न केवल गुरुद्वारे बनवाए, बल्कि उन्होंने मस्जिद और मंदिर भी बनवाए। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह शिक्षा और महिलाओं के अधिकारों के भी प्रमुख पैरोकार थे।

लंदन में महाराजा रणजीति सिंह की विरासत पर प्रदर्शनी- पश्चिमोत्तर भारत में 19वीं सदी में सिख साम्राज्य की स्थापना करने वाले महाराजा रणजीत सिंह के जीवन और विरासत पर एक भव्य प्रदर्शनी लंदन के वालेस कलेक्शन संग्रहालय में आयोजित की गई है।

### मानवता से प्रेम व देखभाल जरूरी

कांग्रेस सदस्य सुओजी ने कहा, गुरु गोबिंद सिंह जी ने सिखाया कि अराधना का सर्वोच्च रूप मानवता से प्यार करना और उसकी देखभाल करना है। इसी कारण, खालसा समुदाय बिना किसी भेदभाव के भगवान की रचना की परवाह करता है। उन्होंने कहा, गुरु गोबिंद सिंह ने बहुलवाद और अंतरात्मा की स्वतंत्रता में अपने विश्वास की शिक्षा दी। गुरु गोबिंद सिंह ने न सिर्फ गुरुद्वारे बनवाए, बल्कि मंदिर-मस्जिद भी बनवाए।

## संक्षिप्त समाचार

### पहले मतदान करें,तब करें जलपान



**नारदीगंज**। प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हंडिया में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम शुक्रवार को विद्यालय परिसर में हुआ। कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता कर मतदाताओं को जागरूक किया गया।ततपश्चात छात्र व छात्राओं के अलावा शिक्षकों ने शपथ लेकर आगमी 19 अप्रैल को मतदाताओं को जागरूक करने की बात कही। यह कार्यक्रम विद्यालय प्राचार्य मनोज कुमार झा के देखरेख में हुआ। उन्होंने कहा गया 19 अप्रैल 2024 को पहले मतदान ,फिर जलपान, हम सब ने ठाना है ,नवादा का मतदान प्रतिशत बढ़ाना है, मेरा वोट देश को समर्पित। इस दौरान नीतीश कुमार, सौरव कुमार, व्यूटी कुमारी, प्रीति कुमारी,समेत अन्य छात्र छात्राओं के अलावा शिक्षक अखिलेश किशोर,रजनी कुमारी,नेहा कुमारी सोनम भारती, पूजा वर्मा,समेत अन्य छात्रों व शिक्षकों ने मतदाताओं को आगामी 19 अप्रैल को मतदान करने के लिए जागरूक करने का संकल्प लिया ।

### शस्त्र का भौतिक सत्यापन नहीं कराने वाले अनुज्ञप्तिधारी को देना होगा स्पष्टीकरण

**नवादा**। लोक सभा आम निर्वाचन 2024 को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने एवं विधि-व्यवस्था संधारण के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी, नवादा के आदेश के आलोक में दिनांक 27.02.2024 से 29.02.2024 तथा 14.03.2024 से 15.03.2024 तक शस्त्र सत्यापन के लिए सामाचार पत्रों के माध्यम से सभी अनुज्ञप्तिधारियों को संबंधित थानों में उपस्थित होकर अपने शस्त्रों का भौतिक सत्यापन कराने के लिए सूचना दी गयी थी। साथ ही इसकी सूचना बस पड़ाव, सभी थाना भवन, प्रखंड कार्यालय के सूचना पट्ट पर चिपकाया गया था। उक्त सूचना के बावजूद कुछ शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के द्वारा अपने शस्त्रों का भौतिक सत्यापन नहीं कराया गया है। शस्त्र का भौतिक सत्यापन नहीं करने वाले सभी अनुज्ञप्तिधारियों को निदेश दिया गया है कि अनियमितता के लिए प्रत्र प्राप्ति के 24 घंटे के अन्दर अपना स्पष्टीकरण अद्यतन साक्ष्य सहित समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा शस्त्र अनुज्ञप्ति आयुध अधिनियम के तहत रद्द कर दी जायेगी। निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत स्पष्टीकरण अप्राप्त रहने की स्थिति में एक पक्षीय कार्रवाई कर अनुज्ञप्ति रद्द की जा सकती है। सभी संबंधित थानाध्यक्ष को निदेश दिया गया है कि वैसे शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी जिनके द्वारा अभी तक अपने शस्त्र का भौतिक सत्यापन नहीं कराया गया है, के शस्त्र को तत्काल प्रभाव से जप्त कर मालखाना में जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।

### नहाय खाय के साथ चार दिवसीय चैती छठ अनुष्ठान शुरू

**नारदीगंज**। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में शुक्रवार को नहाय खाय के साथ चार दिवसीय चैती छठ अनुष्ठान व्रत शुरू हो गया।सभी छठ व्रती स्नान ध्यान कर पवित्र ढंग से भगवान भास्कर का प्रसाद बनाया।पहले अपने प्रसाद ग्रहण कर फिर परिवार इष्ट मित्रों को प्रसाद खिलाने का क्रम चला।चार दिवसीय महापर्व के शनिवार को लोहंडा होगा।उस दिन सभी छठव्रती दिन भर उपवास कर शाम में भगवान भास्कर का प्रसाद बनाती है।उसके बाद रात्रि कर प्रसाद ग्रहण करती है।फिर सभी परिवार,इष्ट मित्रों को प्रसाद खिलाया जाता है।रविवार को चैती शुक्ल पक्ष षष्ठी के शाम में डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा।सोमवार के सुबह में उगते सूर्य को अर्घ्य प्रदान करने के साथ इस महापर्व की समाप्ति हो जायेगी।इस अवसर पर सभी गांवों के जलाशयों में अर्घ्य दिया जायेगा।प्रखंड क्षेत्र के द्वापरकालीन सूर्य मंदिर हंडिया में छठवर्तियों का भीड़ उमड़ पड़ी है।कहा जाता है कि इस सूर्य मंदिर में छठ करने से सभी मनोवांछित मुरादें पूर्ण होती है।इसी कारण यहां पर छठ करने के लिए दूर दराज से लोग आते हैं।ग्रामीणों के द्वारा आगुंतक छठवर्तियों की सुविधा के लिए विशेष ध्यान रखा जाता है।लेकिन, शासन प्रशासन की ओर से छठवर्तियो के लिए कोई सुविधा नहीं उपलब्ध कराया गया है।ग्रामीण रौशन कुमार,अभिषेक कुमार,विकास कुमार,पूर्व उप मुखिया सह ग्रामीण संतोष कुमार,राजू कुमार,चंदन कुमार,रौशन कुमार,अनमोल कुमार,कुणाल कुमार,अंकित कुमार, गोलू कुमार,रवि कुमार,रोहित कुमार,नीतीश कुमार समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया के कि छठ पर्व के अवसर पर यहां पच्चास हजार से ज्यादा की संख्या में लोग पहुंचते हैं।ग्रामीण स्तर पर लोग व्यवस्था करते हैं, लेकिन प्रशासन व सरकार की ओर से यहां कोई व्यवस्था नहीं है। इसके अलावा नारदीगंज बाजार स्थित ढाढर नदी छठघाट,ओड़ो,कोसला, रामे समेत अन्य गांवों में स्थित सूर्यमन्दिर व छठघाट में श्रद्धालुओं छठवर्ती सूर्योपासना कर मन्नतें मांगी।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पोस्टल बैलेट मतदान कार्य का किया निरीक्षण

**नवादा**। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्री प्रशांत कुमार सी.एच. द्वारा नगर भवन, नवादा में चल रहे पोस्टल वैलेट मतदान का औचक निरीक्षण किया गया। नगर भवन, नवादा में चार जिलों यथा -गया, शेखपुरा, जमुई एवं औरंगाबाद के लिए मतदान किया जा रहा था, जिसमें वैसे कर्मी जो चुनावी से संबंधित कार्यों में नवादा जिले में कार्यरत हैं, उनके द्वारा नगर भवन, नवादा में पोस्टल वैलेट के द्वारा विधिवत प्रक्रिया से मतदान किया जा रहा था। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि पोस्ट वैलेट का नोडल पदाधिकारी-सह-जिला अवर निबंधक, नवादा उपस्थित थे एवं मतदान कार्यो का निरीक्षण कर रहे थे। नगर भवन, नवादा का मतदान को लेकर सुरक्षा की पुख्ता इंतजाम की गई थी। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### नेशनल हाइड्रो पावर कॉर्पोरेशन के चेयरमैन बने बेगुसराय के राजकुमार चौधरी

**तेघड़ा बेगुसराय**। नेशनल हाइड्रो पावर कॉरपोरेशन के चेयरमैन बेगूसराय निवासी राजकुमार चौधरी के बनाए जाने पर लोगों में हर्ष है। जल के प्रवाह से बिजली बनाने वाली एनएचपीसी ग्रीन एनर्जी बनाने में देश की अग्रणी कंपनी है। ऐसी कंपनी का चेयरमैन बनना गौरव का विषय है। राजकुमार चौधरी बीआईटी सिंदरी से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर 1989 में कम्पनी में योगदान दिए थे। प्रखंड के गौरा गांव के किसान राम उजागर चौधरी के बडे पुत्र हैं। इनके एक पुत्र एवम् एक पुत्री हैं। राजकुमार चौधरी प्रारंभ से ही अपने वर्ग में प्रथम स्थान पाते रहे हैं। प्रारंभिक शिक्षा गांव के मध्य विद्यालय में हुई। ओमर हाई स्कूल तेघडा मैट्रिक की पढाई की। बिहार इंजीनियरिंग बोर्ड से डिप्लोमा की परीक्षा में राज्य के दूसरा टॉपर रहे। तत्पश्चात् राज्य के अग्रणी इंजीनियरिंग महाविद्यालय बीआईटी सिंदरी में अच्छे रेंक के साथ दाख़िला लिया। पिछले साल ही इन्होंने अपनी लगन एवम् कड़ी मेहनत के बल पे निदेशक के पद पे नियुक्त हुए थे। एक साल के अंदर ही चेयरमेन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर का पद पाना बेगूसराय के लिए गौरव की बात है। चेयरमेन बनने पे बरौनी रिफाइनरी यूनियन के सचिव ललन लालित्य, इण्डियन ऑफिसर एसोसिएशन के नेता मनीष बंधु, रिसर्च प्रबंधक विद्यानंद शाही, सहायक प्रबंधक रत्नेश ठाकुर एवं कई स्थानीय लोगों द्वारा फ़रीदाबाद स्थित उनके कार्यालय में जाकर अंगवस्त्र और पुष्प से सम्मानित करते हुए शुभकामना दी। बरौनी रिफाइनरी के कार्यपालक निदेशक ने भी दूरभाष से बधाई दी एवम् लिखित संदेश भी भेजा। लोगों ने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि राजकुमार चौधरी की उपलब्धि पर जिले को गर्व है।

## पिछले 15 बर्ष एनडीए सांसद,17 साल बिहार में एनडीए की सरकार एवं दस बर्षो से केंद्र में भाजपा की सरकार

# भाजपाईओं ने नवादा लोकसभा को बनाया प्रयोगशाला







**नवादा का गरीब का बेटा बनेगा नवादा का सांसद :तेजस्वी**

निज संवाददाता। **नवादा**

नगर के आईटीआई के मैदान में महागठबंधन की विशाल चुनावी जन सभा को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा कि 56 इंच का सीना रखने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने विकास की गारंटी दे रहे हैं। लेकिन वह मेरे पलटू चाचा की गारंटी नहीं दे सकते कि वे उन्हें रख पाएंगे या नहीं। जो नेता इतना कमजोर हो उसकी गारंटी पर क्या भरोसा हो सकता है। उन्होंने कहा की भाजपाईओं ने नवादा लोकसभा को प्रयोगशाला बना दिया है पिछले 15 बर्षो से नवादा में एनडीए सांसद,17 साल बिहार में एनडीए की सरकार एवं दस बर्षो से केंद्र में भाजपा की सरकार फिर भी नवादा का नहीं हुआ है विकास. उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की सरकार में 17 महीने तक हमने साथ रहकर पांच लाख लोगों को सरकारी नौकरी दी। अगर अब तक हम साथ रहते तो 10 लाख लोगों को निश्चित तौर पर नौकरी देते। जो काम अधर में लटक गया है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार मेरे साथ होने के पहले नौकरी देने में क्यों अक्षम सिद्ध हो रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बार अगर राजग की सरकार बनी तो संविधान को ही बदलने का प्रयास किया जाएगा। जो देश हित में बिल्कुल गलत होगा. यहाँ हर बार बाहरी उम्मीदवार भेज कर नवादा वासियों को छलने का काम करते हैं। महागठबंधन के श्रवण कुशवाहा नवादा का बेटा है।उन्होंने कहा की श्रवण कुमार गरीब का बेटा है आज मेहनत और अपने कर्म के बदौलत इस मुकाम पर पहुंचे हैं पार्टी के लिये काम किया हैं तब जाकर लालू जी ने इन्हे लालटेन दिया है.इन्हे वोट देकर भारी मतों से विजय बनावे। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी सर्वजात, सर्वधर्म की पार्टी है। यहां किसी से कोई भेदभाव नहीं है। इसलिए हम समाज का चौमुखी विकास चाहते हैं। अगर बिहार का चौहुमुखी विकास चाहिए तो निश्चित तौर पर महागठबंधन को वोट दें ।उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री परिवार वाद पर बात करते हैं लेकिन अपनी पार्टी में परिवारबाद पर कुछ नहीं बोलते हैं.उन्होंने कहा की फरेब के चक्कर में पड़ने की जरूरत नहीं है। महागठबंधन प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा को वोट देकर भारी मतों से विजय बनाएं। तभी बिहार का विकास संभव है। उन्होंने कहा कि जुमलेबाजी के चक्कर में आज तक आपका नुकसान हुआ है। अगर इस बार आप वोट दिए तो संविधान बदलकर आपकी आजादी भी छीन ली जा सकती है। तेजस्वी यादव ने नवादा लोकसभा क्षेत्र के राजद प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा को माला बनाकर जीत के लिए उपस्थित जनसमूह से आशीर्वाद दिलाया। सभा में पहुंचे सन ऑफ़ मल्लाह मुकेश साहनी ने नीतीश कुमार पर तंज कस्ते हुए कहा की हमारी बदौलत इनकी सरकार बनी और हमारे ही विधायक को खरीद कर हमें मन्त्रीमंडल से बाहर कर दिया. उन्होंने कहा की यह चुनाव देश के लिये बहुत ही महत्वपूर्ण हैं यह चुनाव सत्ता परिवर्तन के लिये नहीं बल्कि संविधान को बचाने के लिये है अगर एनडीए की सरकार बन गयी तो देश खतरे में पड़ जायेगा. इस अवसर पर प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा ने तेजस्वी यादव का स्वागत करते हुए हर मुकाम पर खरा उतरने की बात कही। सभा की अध्यक्षता राजद जिलाध्यक्ष उदय यादव ने किया वही मंच का संचालन गौतम कपूर चन्द्रवंशी ने किया. सभा को राजद के प्रदेश प्रवक्ता सह चुनाव प्रभारी पूर्व विधायक शक्ति सिंह यादव, हिसुआ विधायक श्री मति नीतू देवी, विधान पार्षद उर्मिला ठाकुर, प्रवक्ता सारिका पासवान,जिला पार्षद नीतीश राज, पूर्व जिला पार्षद मीना देवी, पंचायत समिति सदस्य राजेश कुमार सहित महागठबंधन के सहयोगी दलों के सैकड़ों नेताओं ने भी संबोधित किया मौके पर हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे.

# रेलवे लाइन निर्माण कम्पनी अपना मशीनरी छोड़ हुआ फरार

## सिविल इंजीनियर समेत दर्जनों कर्मी अपने वेतन का कर रहे इंतजार

निज संवाददाता। **रजौली**

प्रखण्ड क्षेत्र में तिलैया-कोडरमा रेलखण्ड का निर्माण कार्य कई कम्पनियां मिलकर कर रही है।कम्पनियों का अपना-अपना क्षेत्र आवंटित है।सभी कम्पनियों के विभिन्न प्रकार के काम हैं।जिसमें किसी को टनल सम्बंधित काम करना है,तो किसी को रेलवे लाइन बिछाना है।इस दौरान टी-1 पॉइंट पर काम कर रहे मुम्बई की शिल्पी इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड नामक कम्पनी कार्य को अधूरा छोड़कर भाग गई है।जबकि उस कम्पनी का सारा मशीनरी कार्यस्थल पर ही पड़ा हुआ है।वहीं कंपनी में कार्य करने वाले दर्जनों सिविल इंजीनियर,मशीन ऑपरेटर एवं हेल्पर का वेतन भी बकाया है।वहीं कर्मियों के अलावे कई छोटे-छोटे ठेकेदारों का भी पैसा रेलवे निर्माण कार्य में अटका पड़ा है।शिल्पी इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में काम करने वाले सिविल इंजीनियर उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर निवासी प्रमोद कुमार ने कहा कि वे कंपनी में काम कर रहे थे।किंतु कंपनी अचानक काम करवाना बन्द कर दी है।जिससे उनका वेतन भुगतान अबतक नहीं हो पाया है।वे अपने वेतन भुगतान के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं।उन्होंने कहा कि कई स्थानीय कर्मी तो काम छोड़कर अपने घर भी चले गयें है।जबकि बिहार के गया जिले के



मशीन ऑपरेटर मो शहनवाज के अलावे दर्जनों हेल्पर आदि अभी भी कार्यस्थल पर अपने बकाए वेतन भुगतान के लिए इंतजार कर रहे हैं।सिविल इंजीनियर ने यह भी कहा कि झारखण्ड के एक विजय कुमार नामक ठेकेदार हैं,उनका भी काफी पैसा बकाया है।उन्होंने कहा कि कम्पनी के डाइरेक्टर उनी कृष्णा,प्रोजेक्ट मैनेजर मुरली और जेनरल मैनेजर नारायण आदि से कई बार फोन के माध्यम से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया।किन्तु उधर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला है।जिसका परिणाम है कि दर्जनों कर्मी अब भी बकाये वेतन के इंतजार में कार्यस्थल पर दिन गुजारने को मजबूर हैं।वहीं मशीनों एवं अन्य सामान की देखभाल कंपनी के कुछ कर्मियों द्वारा किया जा रहा है।रेलवे निर्माण कंपनी के भाग खड़े होने से निर्माण कार्य भी बाधित है एवं कर्मी अपने बकाये वेतन के भुगतान हेतु लालायित हैं।

# डाक्टरेट की उपाधि से नवाजे गए स्वास्थ्य प्रबंधक को बधाइयों का ताँता

निज संवाददाता। **नवादा**

जिले के अकबरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक के पद पर कार्यरत अनिल कुमार को ग्लोबल यूनिवर्सिटी ऑफ बोस्टन के द्वारा डॉक्टरेट की उपाधि दी गई है। उपाधि मिलने के बाद उनके नाम के आगे डॉक्टर शब्द लग गया है। अब वे डॉक्टर अनिल कुमार के नाम से जाने जाएंगे। उनके इस उपलब्धि पर शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। वहीं बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। डॉक्टर की उपाधि मिलने के बाद उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल को गोवा में कार्यक्रम आयोजित कर डॉक्टर की उपाधि प्रदान की गयी जो मेरे लिए गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि मेरे द्वारा अब तक समाज हित में किए गए कल्याणकारी कार्यों को देखते हुए हेल्थ केयर के रूप में सम्मानित किया गया है। यह सम्मान मेरे लिए और सिस्टम के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने एक संदेश दिया है कि सरकार के द्वारा जो भी कार्य जन कल्याणकारी के लिए दिए गए हैं, उसे



ईमानदारी और निष्ठा पूर्वक धरातल पर उतारने का काम करें, ताकि उन्हें भी सम्मानित किया जा सके। बता दें कि वर्ष 2011 में नक्सल प्रभावित कौआकोल प्रखंड में स्वास्थ्य प्रबंधक के पद पर अनिल कुमार की नियुक्ति हुई थी। उस समय कौआकोल के 18 गांव नक्सल प्रभावित थे, जहां के लोग स्वास्थ्य सेवा से कोसों दूर थे। इन गांवों को स्वास्थ्य सेवा से जोड़ना किसी चुनौती से कम नहीं था। लेकिन, अनिल कुमार ने चुनौतियों के बीच अपने कार्य कुशलता का परिचय देते हुए उन सभी 18 गांवों में स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने का काम किया। जिसका मूल्यांकन राज्य स्वास्थ्य समिति के पदाधिकारी के द्वारा की गई और उनके कार्यों को सराहा गया। बिहार सरकार के द्वारा बिहार स्टोरी ऑफ रूटीन इम्यूनाइजेशन नामक एक पुस्तक प्रकाशित किया गया जिसमें नक्सल प्रभावित कौआकोल में अनिल कुमार के द्वारा किए गए कार्यों को रेखांकित किया गया है। इन्हीं सब उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए उन्हें डॉक्टर की उपाधि दी गई है। साथ गए शिक्षाविद आर एस मेहता ने भी उन्हें बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं. स्वास्थ्य कर्मी लगातार उन्हें बधाई दे रहे हैं।

## महुआ शराब सहित नशे में हंगामा करने वाला गिरफ्तार

**बखरी/बेगूसराय**। बखरी पुलिस ने थाना क्षेत्र के जयलख गांव से एक व्यक्ति को 10 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है।जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर विकाश कुमार राय ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर जयलख निवासी स्व बुचो यादव के पुत्र राजेश यादव को दस लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति के विरुद्ध बिहार मध निषेध व उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।वही शराब के नशे में हो हल्ला करने के आरोपी मोहनपुर निवासी मो मोफिद के पुत्र मो रहमान को गिरफ्तार किया गया है। जिसे जांचोपरांत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# सम्राट चौधरी ने देश की उन्नति के लिए एनडीए प्रत्याशी को वोट करने की किया अपील

निज संवाददाता। **रजौली**

लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मेसकौर प्रखण्ड से रजौली के तारगिर,शाहोपुर एवं अमावां गांव में जनसंपर्क अभियान चलाकर एनडीए प्रत्याशी डॉ. विवेक ठाकुर को प्रचंड वोट से विजयी बनाने की अपील की।इस दौरान भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. रामसागर सिंह,भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल मेहता,निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजय कुमार मुन्ना व रजौली मण्डल अध्यक्ष गौरव शांडिल्य गगन भी मौजूद रहे।उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने तारगिर गांव पहुंच सर्वप्रथम बाबू जगदेव सिंह के मूर्ति पर माल्यापर्ण किया।उसके



बाद सभा में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बताशे के लिए मंदिर नहीं तोड़ा जाता है।इसलिए सभी लोग देश की उन्नति के लिए नवादा सांसद प्रत्याशी डॉ. विवेक ठाकुर को प्रचंड वोट से विजयी बनाकर प्रधानमंत्री मोदी के हाथों को मजबूत करने का कार्य करें।साथ ही कहा कि स्थानीय लोगों द्वारा आसपास के समस्याओं से अवगत कराया गया है।चुनाव के बाद एक शिष्टमंडल पटना आकर हमसे मिलें। उन्होंने कहा कि आपकी समस्याओं को जल्द ही दूर किया जाएगा। इस मौके पर युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अभिजीत कुमार, रंजन कुमार बब्लू, संजय कुमार बंटी, तारगिर के सुधीर कुमार के अलावे सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## 18 अप्रेल से संसदीय क्षेत्र में नामंकन होगा

निज संवाददाता। **बेगूसराय**

01- भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के क्रम में 24 बेगूसराय संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन हेतु नाम-निर्देशन प्रारंभ की तिथि 18.04.2024 है तथा नाम-निर्देशन करने की अंतिम तिथि- 25.04.2024 है।आयोग के निदेश के आलोक में वैसे सभी मान्यताप्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दल, राज्य राजनैतिक दल एवं इच्छुक नागरिक जो 24-बेगूसराय संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए अपना नाम निर्देशन पत्र दाखिल करना चाहते है, उनको नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की सम्पूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराने हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, बेगूसराय की अध्यक्षता में दिनांक-13.04.2024 को पूर्वाहन 11:00 बजे समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन, बेगूसराय में एक बैठक/कार्यशाला का आयोजन किया गया है। ताकि नाम-निर्देशन पत्र दाखिल करने वाले इच्छुक अभ्यर्थियों को नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने में कोई कठिनाई न हो। 02 भारत निर्वाचन आयोग के आदेश के आलोक में वैसे कार्यालय के सभी अनिवार्य सेवा वाले पदाधिकारी एवं कर्मी जो चुनाव के दिन कर्तव्य निर्वाहन के कारण मतदान नहीं कर पाते, उन अनिवार्य सेवा वाले कर्मियों के लिये मतदाता के रूप में पोस्टल बैलेट से मतदान करने की व्यवस्था निर्वाचन आयोग ने कर रखी है।वैसे मलदात्ता begusarai.nic.in वेबसाईट से फॉर्म 12 'घ' डाउनलोड कर एवं फॉर्म 12 घ' भरने के पश्चात् उसे संबंधित निर्वाची पदाधिकारी / सहायक निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष अपने EPIC के साथ जमा कर अपना मतदान डाल सकते है।

# वारिसलीगंज में सीएम की चुनावी सभा में भीड़ से ज्यादा सुरक्षा कर्मी मौजूद

निज संवाददाता। **नवादा**

पहले चरण में होने वाले लोकसभा के चुनाव में अब महज कुछ दिन शेष रह गए हैं पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होना है और इस चरण में चार लोकसभा सीटों पर चुनाव होना है। जिसमें जमुई, गया, औरंगाबाद और नवादा का सीट भी शामिल है। वारिसलीगंज स्थित माफ़ी गढ़ पर मैदान पहुंचे नीतीश कुमार ने लालू परिवार और परिवारवाद पर जमकर हमला बोला । नीतीश कुमार ने कहा कि - आज चुनाव का माहौल है तो आप ही देख लिगिए कितना लोगों को इस बार टिकट दे रहा है। एक ही परिवार को टिकट दे रहा है पहले पति -पत्नी उसके बाद बेटा- बेटी को टिकट दे रहा है। आप लोग बताइए कि हमने कभी अपने परिवार में से किसी को टिकट दिया है क्या? कोई जानता भी मेरे परिवार के बारे में। लेकिन, इन लोगों को जब भी मौका मिलता है



तो सिर्फ अपना परिवार को बढ़ता है। इस बार अपने परिवार को जात को छोड़कर दूसरे जात से कितना लोग को टिकट दिया है। नीतीश कुमार ने लालू के ऊपर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि मैं भी केंद्र में मंत्री रहा और यहां भी मुख्यमंत्री रहा। लेकिन,आप पूछ लीजिए किसी भी आदमी से आज तक एक पैसा भी मैं नहीं लिया। एक वे लोग हैं जो सिर्फ पैसे के पीछे भागते हैं और उल्टा -पुल्टा काम करते रहते हैं। इसी वजह से तो हम उसका साथ छोड़ देते हैं। अब जहां हैं वहां रहेंगे। इसके अलावा उन्होंने तेजस्वी के क्रेडिट पर सवाल उठाते हुए कहा कि - पहले मां - बाप ने तो बिहार को लूट लिया। उसके बाद अब बेटा भी बोलते रहता है। हम तो यह कहना चाहते हैं कि अरे भाई! तुमने क्या किया वह तो हमने तुमको मौका दिया उसके भी तूम सत्ता में आए और उसके बाद अनाप -शनाप बोलने लगे तो हमने उसको हटा दिया और भाजपा के साथ आ गए। जंगलराज की चर्चा करते हुए कहा कि यदि बिहार के अंदर एनडीए की सरकार नहीं बनती तो बिहार के लोग घर में सोए रह जाते। यहां के लोगों को कोई काम तक नहीं मिल पाता। वह तो हम सरकार में आए उसके बाद लड़का -लड़की दोनों उच्च शिक्षा में बराबर हक़ मिला। पहले कोई साधन नहीं मिलता है। हमारे आने से पहले पूरे बिहार में कहीं कुछ भी नहीं था हमने आया तभी बिहार का विकास हो पाया है। हम जो काम किए हैं उसको लोग अधिक ध्यान नहीं देता है हम तो सबसे यही कहते रहते हैं कि आप दिखाइए नहीं तो काम से कम ट्वीट कर दिया कीजिए। मौके पर मंत्री विजय चौधरी, प्रत्याशी विवेक ठाकुर, स्थानीय भाजपा विधायक श्री मति अरुणा देवी, समेत अल्पसंख्यक राज्य आयोग के पूर्व सदस्य अफरोजा खातुन समेत कई लोगों ने चुनाव सभा को संबोधित किया. सभा का संचालन भाजपा नेता शैलेन्द्र सिंह ने किया मौके पर एनडीए घटक दल के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे. सीएम के चुनावी सभा में नहीं जुटी भीड़ लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी विवेक ठाकुर के पक्ष में मतदान करने की अपील करने आये सीएम नीतीश की सभा में बहुत कम भीड़ दिखी, पिछले सात अप्रैल को भी सीएम नीतीश नवादा में पीएम के साथ चुनावी सभा को संबोधित किया था और पांच दिनों के अंदर इनकी दूसरी सभा है. नवादा लोकसभा क्षेत्र में भाजपा ने नेताओं एवं स्टार प्रचारकों की फौज खड़ा कर दिया है लेकिन मतदाताओं की चुप्पी से एनडीए गठबंधन परेशान दिख रही हैं

**दूसरी बार फिर फिसली सीएम नीतीश की जुबान**- पीएम की उपस्थिति में सीएम ने चार सौ के पार की बजाय चार हजार सांसद बनाने की बात कही थी वही पुनः वारिसलीगंज में सीएम ने फिर गलती कर बैठे और चार हजार सांसद बनाने की बात कह बैठे.

भाजपा

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# सियासी बहिष्कार

मालदीव के बाद बांग्लादेश में भी भारत के बहिष्कार का जो अभियान कुछ लोग चला रहे हैं, उसकी जितनी निंदा की जाए कम है। ऐसे लोगों को न तो अपने देश का इतिहास मालूम है और न भारत के योगदान का । मालदीव के सत्ताधारी नेताओं और बांग्लादेश के कुछ विपक्षी नेताओं को अपनी स्वार्थपूर्ण राजनीति के अलावा कुछ भी नहीं सूझ रहा है। माले के बाद अब ढाका में भी भारत विरोध की राजनीति का गरम होना हमें सोचने पर बार-बार विवश करता है। विपक्षी बांग्लादेश नेशनल पार्टी (बीएनपी) लंबे समय से नागरिकों को भारतीय उत्पादों का बहिष्कार करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। दरअसल, इस प्रमुख विपक्षी दल को लगता है कि भारत सत्तारूढ़ अवामी लीग का समर्थक है और अवामी लीग की जीत में भारत की बड़ी भूमिका है। यह दरअसल, बांग्लादेश के विपक्षी दल की एक बड़ी गलतफहमी है कि भारत सरकार बांग्लादेश में हस्तक्षेप कर रही है। हां, यह जरूर है कि बांग्लादेश की तरक्की में भारत ने यथासंभव सहयोग दिया है और ऐसे समय में बांग्लादेश में जो भी सरकार होगी, वह स्वाभाविक रूप से मजबूत होगी। बांग्लादेश के विपक्षी नेता शायद भूल गए हैं कि जब बांग्लादेश में सैन्य प्रभुत्व बढ़ा था, तब भी भारत ने वहां की राजनीति में हस्तक्षेप नहीं किया था।बहरहाल, बांग्लादेश की सरकार या प्रधानमंत्री ने भारत का बचाव किया है और विपक्षियों के दोहरे रवैये की निंदा की है। दरअसल, बांग्लादेश अगर चाहे भी, तो भारत का बहिष्कार नहीं कर सकता, क्योंकि वहां भारतीय उत्पादों की भरमार है। भारतीय उत्पादों का विरोध व्यावहारिक और सैद्धांतिक, दोनों ही रूपों में अनुचित है। फिर भी न जाने कैसा सियासी लाभ सोचते हुए बीएनपी के वरिष्ठ नेता कबीर रिजवी ने पिछले दिनों अपने कंधे पर पहना हुआ भारतीय शॉल उतार फेंका। भारतीय-कश्मीरी शॉल को फेंकने से पहले उन्होंने यह नहीं सोचा कि वह किस तरह की लड़ाई को बढ़ावा दे रहे हैं। 'हैशटैग इंडियाआउट' और 'बायकॉट इंडियन प्रोडक्ट्स' के नाम पर राजनीति सिवाय गंभीर गलती के और क्या है? विपक्ष के इस अभियान के जवाब में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने विपक्षी नेताओं को चुनौती दी है कि जिस दिन आप (बीएनपी) कार्यालय के सामने अपनी पत्नियों की तमाम भारतीय साड़ियों को जला देंगे, उस दिन मुझे विश्वास हो जाएगा।

# अमन के रास्ते पर यूक्रेन की सहमति, भारत के सुझाव की सराहना

यूक्रेन ने रूस के साथ चल रहे संघर्ष पर विराम लगाने के लिए भारत के सुझाए शांति फार्मूले पर भरोसा जताया है। इन दिनों यूक्रेन के विदेशमंत्री भारत की यात्रा पर हैं और उन्होंने भारतीय विदेशमंत्री के साथ बातचीत में द्विपक्षीय सहयोग और समग्र संबंधों को मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। रूस-यूक्रेन संघर्ष को दो वर्ष से अधिक समय हो गया, मगर तमाम प्रयासों के बावजूद उस पर रोक नहीं लग सकी है। किसी न किसी बहाने, कुछ-कुछ अंतराल पर रूस हमले तेज कर देता है। वह दो बार परमाणु अस्त्रों के इस्तेमाल की धमकी भी दे चुका है।हालांकि यूक्रेन शुरू से रूस के साथ बातचीत की इच्छा जाहिर करता रहा है, मगर रूस की शर्त है कि यूक्रेन नाटो की अपनी सदस्यता वापस ले ले, तभी कोई बातचीत हो सकती है। इस मामले में भारत ने भी कई बार दोनों देशों के राष्ट्रपतियों से प्रत्यक्ष रूप से और फोन पर बातचीत की है। यूक्रेन शुरू से भारत के शांति फार्मूले पर अमल के पक्ष में रहा है, पर रूस अपने रुख में किसी तरह का लचीलापन नहीं दिखाता, इसलिए संघर्ष विराम की कोई सूरत नहीं निकल पाई है।भारत के रूस और यूक्रेन दोनों से मधुर संबंध हैं। रूसी राष्ट्रपति ने शंघाई शिखर सम्मेलन के दौरान भी हमारे प्रधानमंत्री को आश्वस्त किया था कि वे यूक्रेन पर हमले रोकेंगे, मगर वहां से वापस लौट कर उन्होंने हमले और तेज कर दिए थे। रूस अब तक यूक्रेन के बड़े हिस्से पर कब्जा कर चुका है। वहां भारी तबाही हुई है। दस लाख से ऊपर लोग निर्वासित हो चुके हैं और करीब इतने ही लोग अपनी ही जमीन पर एक तरह से यातना शिविर में रहने को अभिशप्त हैं।संयुक्त राष्ट्र ने भी इस तबाही को रोकने की कोशिश की, मगर उसे कामयाबी नहीं मिल सकी। दुनिया के तमाम देशों को लगता है कि अगर भारत मध्यस्थता करे, तो इसका हल निकल सकता है। मगर अड़चन रूस की तरफ से आ खड़ी होती है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन बातचीत में तो ऐसा जाहिर करते हैं कि वे यूक्रेन पर हमले रोकने को तैयार हैं, मगर व्यवहार में ऐसा कुछ भी करते नजर नहीं आते। दरअसल, यूक्रेन पहले रूस का ही हिस्सा हुआ करता था, पर अलग होकर स्वतंत्र देश बन गया था। अब उसने यूरोपीय देशों के सुरक्षा संगठन नाटो की सदस्यता ले ली है।

# अखिलेश यादव का 'एमवाई' खेल खराब करेगा मायावती का 'डीएम'

(संजय सक्सेना )

पश्चिमी यूपी की मुस्लिम बाहुल्य सीटों पर पार्टी ने इसी रणनीति के तहत प्रत्याशियों की घोषणा करनी शुरू कर दी है। अब तक घोषित किए गए उसके सात प्रत्याशियों में से पांच मुस्लिम हैं। हैरानी की बात यह है कि बसपा अपने किसी भी मौजूदा सांसद को टिकट देने के मूड में नहीं दिख रही है। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव बहुजन समाज पार्टी और उसकी सुप्रीमों मायावती के खिलाफ लगातार 'जहर' उगल रहे थे, जिसे बहनजी चुपचाप इकठा करती जा रही थीं, शायद वह सही समय का इंतजार कर रही होंगी। आज भले ही बसपा का जनाधार काफी घट गया है लेकिन इसका यह मतलब कतई नहीं है कि बसपा समाप्त पार्टी बन गई है। मायावती की राजनैतिक सूझबूझ की आज भी कोई बराबरी नहीं है, जिन मायवती का पूर्व सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव से वर्षो तक 36 का आकड़ा रहा, कई बार मुलायम को मायावती ने सियासी मैदान पर धूल चटाई थी,उन मायावती को अखिलेश कभी हल्के में नहीं लेते यदि समाजवादी पार्टी का पुराना इतिहास वह पढ़ लेते। इंडी गठबंधन में बसपा को नहीं शामिल करने के लिये जमीन-आसमान एक किये हुए अखिलेश यादव को मायावती ने उन्हीं की पिच पर पटकनी देने का मन बना लिया है। यह पिच मुस्लिम वोट बैंक की है जिस पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव को काफी नाज है,लेकिन बसपा ने लोकसभा चुनाव के लिये सात में से पांच सीटों पर मुस्लिम प्रत्याशी उतार कर समाजवादी पार्टी के एमवाई (मुस्लिम-यादव) वोट बैंक में सेंधमारी की तैयारी कर ली है। बता दें आज भले ही सपा-बसपा में भारी अदावत नजर आ रही हो लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव दोनों मिलकर लड़े थे। 2019 में संसद पहुंचने वाले उसके 10 सांसदों में तीन मुस्लिम थे। इस बार बसपा की रणनीति सपा-कांग्रेस गठबंधन को नुकसान पहुंचाने के संकेत दे रही है। बसपा सुप्रीमों की एक चाल ने 'सौ सुनार की, एक लुहार की' वाली कहावत चरितार्थ कर दी है। दरअसल, पश्चिमी यूपी की मुस्लिम बाहुल्य सीटों पर पार्टी ने इसी रणनीति के तहत

*मायावती अपनी रणनीति के अनुसार मुस्लिमों पर फोकस करती रही हैं. वो लगातार ये समझाने का प्रयास करती हैं, कि दलित और मुस्लिम एक साथ आजाएं तो बीजेपी को हराया जा सकता है। पिछले विधानसभा चुनाव की बात करें तो बसपा का सिर्फ एक ही प्रत्याशी जीता था। साल 2022 के विधानसभा चुनाव में बलिया जिले की रसड़ा सीट से उमाशंकर सिंह ने जीत हासिल की थी। अन्य सभी विधानसभा सीटों पर बसपा को हार का सामना करना पड़ा था।*

प्रत्याशियों की घोषणा करनी शुरू कर दी है। अब तक घोषित किए गए उसके सात प्रत्याशियों में से पांच मुस्लिम हैं। हैरानी की बात यह है कि बसपा अपने किसी भी मौजूदा सांसद को टिकट देने के मूड में नहीं दिख रही है। फिलहाल पार्टी के साथ अपनी आस्था जताने वाले बिजनौर से सांसद मलूक नागर की जगह विजेंद्र सिंह को प्रत्याशी घोषित किया गया है। उनका मुकाबला रालोद के चंदन चौहान से होगा। यानी यहां जाट और गुर्जर मैदान में हैं, कांग्रेस-सपा का प्रत्याशी घोषित होना बाकी है। उधर,कांग्रेस के खेमे में जा रहे अमरोहा के सांसद दानिश अली की जगह डॉ. मुजाहिद हुसैन को प्रत्याशी बनाया गया है। सहारनपुर के बसपा सांसद हाजी फजलुर्रहमान को कांग्रेस टिकट दे सकती है, लिहाजा बसपा ने माजिद अली को प्रत्याशी घोषित कर दिया है। वहीं, पश्चिमी यूपी की मुजफ्फरनगर सीट पर दारा सिंह प्रजापति को बसपा ने प्रत्याशी घोषित किया है। इसी तरह मुरादाबाद में इरफान सैफी को, तो पीलीभीत में अनीस अहमद खां को प्रत्याशी घोषित किया गया है। कन्नौज सीट पर अकील अहमद पट्टा को प्रत्याशी बनाया गया है। इस सीट पर भाजपा के सुब्रत पाठक मैदान में हैं, जबकि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के भी यहां से चुनाव लड़ने की चर्चा है, जो उनके लिये खतरे की घंटी से कम नहीं है। इतना ही नहीं बसपा एनडीए में भी सेंधमारी कर रही है,जिससे लोकदल को बड़ा झटका लगा है। दरअसल रालोद के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी विजेंद्र सिंह ने अचानक से पार्टी को लोकसभा चुनाव 2024 से पहले छोड़ कर सबको हैरान कर दिया है। इससे पहले वह लोकदल के प्रसार में जुटे हुए थे। उन्होंने लोकदल को छोड़कर बसपा को ज्वाइन कर लिया है। उन्होंने मंगलवार को बीएसपी में शामिल होने की घोषणा बिजनौर के कार्यकर्ता सम्मेलन में की। इस कार्यकर्ता सम्मलेन में बीएसपी के पश्चिम उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड प्रभारी शमशुद्दीन राइन ने चौधरी विजेंद्र सिंह के बीएसपी की सदस्यता लेने की घोषणा की। मायावती ने चौधरी विजेंद्र सिंह को बिजनौर लोकसभा प्रत्याशी बनाए जाने की घोषणा की है। उन्होंने आगे कहा कि बहन जी सबसे पहले बिजनौर सीट से जीत दर्ज करके संसद पहुंची थी। चौधरी विजेंद्र सिंह ने अपने अस्पतालों व शिक्षण संस्थानों के माध्यम से जनता की सेवा की है। जिसको देखते हुए बहन मायावती ने उन्हें बिजनौर लोकसभा प्रत्याशी बनाने का फैसला लिया है। एक दो दिन में बीएसपी चौधरी विजेंद्र सिंह को बिजनौर सीट से लोकसभा सीट का टिकट देने की घोषणा कर सकती है। बिजनौर के जिलाध्यक्ष दलीप कुमार ने यह जानकारी दी थी कि एक दो दिन में पार्टी प्रमुख बहन मायावती उन्हें लोकसभा टिकट दे देंगी। वहीं चौधरी विजेंद्र सिंह ने कहा कि किसान, मजदूर, गरीब सभी पिछड़ी जातियों समेत शोषित और वंचितों को उनका हक दिलाने का कार्य करेंगे। चौधरी के बसपा की सदस्यता ग्रहण करने से पहले यहां बीजेपी-आएलडी गठबंधन की जीत पक्की समझी जा रही थी। दोनों ने गठबंधन के तहत रालोद विधायक चंदन चौहान को बिजनौर सीट से प्रत्याशी घोषित किया गया था। चौधरी विजेंद्र सिंह की नजर भी जाट वोटों को साधने की थी, जो कि लोकदल को जीत दिलाने के मकसद से कार्य कर रहे थे। लेकिन भाजपा के साथ गठबंधन के बाद इस सीट का समीकरण बदल जाने के कारण चौधरी विजेंद्र सिंह ने अपनी राह बदल ली और बीएसपी को ज्वाइन कर लिया। अब जब बीएसपी ने चौधरी विजेंद्र सिंह को बिजनौर सीट से प्रत्याशी बना दिया है तो वहां भाजपा-आरएलडी गठबंधन और बीएसपी के बीच चुनावी घमासान होने की संभावना है। कुल मिलाकर मायावती के मुस्लिम प्रत्याशी को टिकट देने से बसपा को भले ही कोई फायदा न हो लेकिन इससे सपा को जरूर नुकसान हो सकता है। आजमगढ़ लोकसभा सीट के बीते उपचुनाव को देखें तो सपा के प्रत्याशी रहे धर्मेन्द्र यादव को केवल इसीलिए हार का सामना करना पड़ा था क्योंकि उनके सामने बसपा के मुस्लिम प्रत्याशी गुड्डू जमाली को टिकट मिल गया था। इस उपचुनाव में बीजेपी के प्रत्याशी की जीत हुई थी।अब जरूर जमाली सपा में हैं और पार्टी ने उन्हें विधान परिषद सदस्य के लिये चुन लिया है। बता दें कई चुनावों में ये देखने को मिलता रहा है कि बसपा के मुस्लिम प्रत्याशी उतारने से सपा का एम-वाई फार्मूला कहीं हद तक असफल हो जाता है। बसपा के मुस्लिम प्रत्याशी सपा की जीत के लिए एक बड़ा रोड़ा बन जाते है।

# लोकतंत्र के उत्सव पर दुनिया की नजर

आम चुनाव की तारीखों की घोषणा हो गई है। सात चरण में मतदान होंगे। पहले चरण के मतदान से लेकर नतीजों की घोषणा तक डेढ़ महीने चुनाव का माहौल बना रहेगा। पहले चरण के मतदान से पहले भी पूरा एक महीना राजनीतिक दलों को मिला है। यानी चुनाव कुल ढाई महीने की अवधि में फैला है। यों राजनीतिक दल इसके लिए काफी पहले से तैयारियों में जुट गए थे। उम्मीदवारों के नामों की घोषणा, सहयोगी दलों के साथ सीटों के बंटवारे आदि को लेकर मंथन काफी समय से चल रहा था। अब वे अपना-अपना समीकरण लेकर मैदान में उतरेंगे। मगर चुनाव का ज्यादा दारोमदार आखिरकार मतदाता पर होता है। वह चुनाव को क्या दिशा देता है, इस पर दुनिया की नजर टिकी होती है। मगर कुछ चुनावों के अनुभवों से जाहिर है कि मतदाता चुनाव को लोकतंत्र के उत्सव के रूप में मनाने के बाजाय दलगत उन्माद से भर जाते हैं। इसी का नतीजा कई जगहों पर राजनीतिक हिंसा में दिखाई देता है। कुछ राज्यों में हिंसा की घटनाएं चिंता पैदा करती हैं। इसी के मद्देनजर भारतीय निर्वाचन आयोग को अपनी रणनीति तैयार करनी पड़ती है। चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप में संपन्न कराए जा सकें, यह निर्वाचन आयोग के सामने बड़ी चुनौती होता है। चुनाव के वक्त राजनीतिक दल एक-दूसरे पर स्वाभाविक रूप से आरोप-प्रत्यारोप लगाते हैं। उसमें कई बार आपत्तिजनक बयान भी आ जाते हैं। उस पर नजर रखना निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी है। मगर पिछले कुछ चुनावों से देखा जा रहा है कि पार्टियों के समर्थक खुद राजनेताओं के बयानों के बचाव या विरोध में परस्पर गुत्थम-गुत्था हो जाते हैं। पश्चिम बंगाल और दक्षिण के कुछ राज्यों में ऐसा वातावरण कुछ अधिक देखने को मिलता है। लोकतंत्र में असहमति अच्छी बात है, मगर उसे लेकर हिंसा पर उतर जाना किसी भी रूप में लोकतांत्रिक नहीं कहा जा सकता। इससे नाहक निर्वाचन आयोग और सुरक्षाबलों की परेशानियां बढ़ती हैं। बहुत सारे मतदाताओं के मनोबल पर भी इसका असर पड़ता है और वे मतदान केंद्रों तक पहुंचने से हिचकते हैं। एक लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हर मतदाता से उम्मीद की जाती है कि न केवल वह अपने विवेक से मतदान करे, बल्कि मतदान की प्रक्रिया को भी बाधित होने से बचाए। मतदान के बदले राजनीतिक दलों की तरफ से दिए जाने वाले पैसे और उपहार वगैरह के प्रलोभन से पार पाना भी बड़ी चुनौती बन गया है, इस मामले में भी मतदाताओं की मदद की अपेक्षा है। हालांकि इतने लंबे समय तक चुनाव को फैला देने पर कुछ राजनीतिक विशेषज्ञों के एतराज को सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता। चुनाव की अवधि जितनी लंबी खिंचती है, उतनी ही उसमें गड़बड़ियों की आशंका भी बनी रहती है। इसे लेकर कई बार आपत्ति दर्ज कराई जा चुकी है। पहले चरण के मतदान के बाद करीब डेढ़ महीने तक वोटिंग मशीनों की निगरानी करनी पड़ेगी। इतने लंबे समय तक आदर्श आचार संहिता लागू रहने से सरकारी कामकाज भी प्रभावित होंगे। सुरक्षाबलों को लगातार एक से दूसरे इलाके में स्थांतरित करते रहना पड़ेगा। इसलिए मांग की जाती रही है कि चुनाव को कम से कम समय में संपन्न कराया जाना चाहिए। हालांकि सुरक्षा कारण बड़ी चिंता का विषय हैं, पर इतनी लंबी अवधि में फैले चुनाव में स्वतंत्रता और निष्पक्षता सुनिश्चित करना खुद निर्वाचन आयोग के लिए भी कम कठिन काम नहीं होता है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5338

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 3 | | | 1 | |
| 1 | 3 | 9 | | 8 | 2 | | 6 | |
| 6 | | | | | | | 8 | |
| 7 | | 2 | | | | | | 1 |
| | | | 9 | | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 9 | | 6 |
| | 8 | | | | | | | 5 |
| | 5 | | 1 | 4 | | 2 | 9 | 7 |
| | 1 | | | 9 | | | 3 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5337

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 3 | 7 | 5 | 9 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 8 | 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 7 | 5 |
| 5 | 2 | 7 | 8 | 3 | 4 | 6 | 1 | 9 |
| 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 8 | 4 | 3 | 2 |
| 3 | 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 |
| 1 | 4 | 2 | 6 | 9 | 3 | 7 | 5 | 8 |
| 2 | 5 | 4 | 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 |
| 7 | 9 | 1 | 3 | 8 | 5 | 2 | 4 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 4 | 2 | 1 | 5 | 9 | 7 |

# आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन काफी बिजी और दौड़भाग वाला रहेगा। आज आपको अपने बच्चों के करियर को लेकर काफी चिंता हो सकती है। ऑफिस में आपके संबंध सभी लोगों के साथ बहुत ही बेहतर रहेंगे। बच्चों के करियर की चिंता आपको काफी भागदौड़ करा सकती है। आज कार्यस्थल में साथियों का और घर में अपने से छोटे सदस्यों का सहयोग मिलेगा।

### वृष
आज भाग्य साथ देगा और आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी। ऑफिस में हर तरह की रुकावटों और अड़चनों का सामना आपको करना पड़ सकता है। आपको एसएमएस के जरिए कोई काम की जानकारी मिलेगी। जायदाद के बारे में किसी डॉक्यूमेन्ट पर साइन करने से पहले सावधानी से काम करें। वरना परेशानी हो सकती है।

### कर्क
आज आर्थिक लाभ होगा और आज आपकी कारोबार से जुड़ी सफलता प्राप्त होगा। आज आपका दिन कई रंग बदलेगा। आपको मिलेजुले परिणाम मिलेंगे। नए काम में कुछ रुकावट महसूस करेंगे। दिन बीतने के साथ साथ काम बनते नजर आएंगे। घर के छोटे सदस्यों के करियर की चिंता खत्म होगी। रुटीन के कामों में कुछ तब्दीली आएगी।

### सिंह
आज का दिन सफलता से भरा होगा। बढ़ते खर्च को काबू में करना काफी कठिन लगेगा लेकिन थोड़ी सी इच्छाशक्ति से सब कुछ संभव है। दोस्तों के सपॉर्ट से किसी बड़े प्रॉजेक्ट को फाइनलाइज कर सकेंगे। रोमांटिक अफेयर्स में मजबूती आएगी। आपके धन में वृद्धि होगी। और किस्मत आपका साथ देगा।

### मिथुन
आज दिन शानदार बीतेगा और आज आपको कोई खोई हुई वस्तु मिल सकती है। आज आपको पहले से उधार दिया गया पैसा वापस मिल सकता है। खास बात यह है कि इसके अलावा भी दिन भर आपको कई सरप्राईज मिलते रहेंगे और आपके घर में खुशियों का आगमन होगा।

### कन्या
आज का दिन सफलता से भरा होगा और आज आपको आर्थिक लाभ होगा। जो काम आप करेंगे वह समय से पूर्ण होगा। आप एक ही दिन में ढेर सारे लटके हुए काम निपटा लिए हैं। थोड़ा घूमना फिरना पड़ सकता है। आपके धन में वृद्धि होगी और कार्य सफल होंगे।

### तुला
आज लाभ का दिन है। आज आपके प्रॉपर्टी के मामले हल हो सकते हैं। कमाई में बढ़ोत्तरी होगी लेकिन साथ ही खर्च के बहाने भी मिल जाएंगे। लेखक और पत्रकार जैसे लोग लोगों की नजरों में चढ़ जाएंगे। आपका पॉजिटिव मूड खराब से खराब माहौल में भी ताजगी भर देगा।

### वृश्चिक
आज भाग्य साथ देगा और आज आपका दिन चुस्ती से भरा होगा। सहयोगियों से आपको हर संभव मदद मिलेगी। कार्यक्षेत्र में बदलाव के तौर पर आप अपने अन्दर छिपी प्रतिभा को बाहर निकालने की कोशिश करेंगे और कामयाब भी होंगे। आपकी आर्थिक समस्याओं का समाधान मिल सकता है। किस्मत आपका साथ देगी।

### मकर
आज का दिन आर्थिक सफलता से भरा होगा और आज आपके कुछ उद्देश्य पूर्ण होंगे और आपका भाग्य साथ देगा। ऑफिस का माहौल काम के लिए बिल्कुल ठीक रहेगा। आपको हर मामले में अपने जीवनसाथी से सपॉर्ट मिलता रहेगा। जूनियर्स से कहासुनी हो सकती है। किसी मामले में दूसरों से कोई चर्चा न करें।

### कुंभ
आज का दिन सम्मान से भरा होगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। ऑफिस के माहौल को जिंदादिल बनाने की आपकी कोशिश कामयाब हो सकती है बशर्ते आपके सहयोगी आपका सपॉर्ट करें। आज आपको जो भी मिलेगा वह सिर्फ आपकी मेहनत का ही नतीजा होगा। आपकी योजनाएं सफल होंगी।

### धनु
आज भाग्य साथ देगा और आज सोसाइटी में आपका मान सम्मान बढ़ेगा। आपके घर में कोई बड़ा आयोजन हो सकता है। आपके प्रेमी को किसी बात से समझौता करना पड़ सकता है लेकिन कुछ फायदों को देखते हुए इसमें कोई नुकसान भी नहीं है। विरोधियों का सिर नीचा करने में आपको कामयाबी मिलेगी।

### मीन
आज का दिन लाभकारी होगा। आज आपको इम्तहान देना पड़ सकता है। मेहनत से जो कुछ भी करेंगे वह आपके लिए अच्छा होगा। आज आपको घूमने फिरने का मौका मिलेगा और इससे आपकी खुशी दोगुनी हो जाएगी। पिछले दिनों हुए नुकसान की भरपाई होने की उम्मीद है। बिजनस में काफी सावधानी बरतने की जरूरत है। आपके धन में वृद्धि होगी।

## वर्ग पहेली 5338

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | | 3 | | 4 | |
| 5 | | | 6 | | | 7 | 8 |
| 9 | | 10 | | | 11 | | |
| | | 12 | | 13 | | | |
| 14 | | | 15 | | | 16 | |
| | | 17 | | | | | |
| | 14 | | | | 19 | | |
| | | 21 | | | | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. इस राज्य का प्राचीन नाम प्राग ज्योतिषपुर है (3)
3. सात स्वरों मे से पांचवा स्वर जो कोकिल के स्वर के अनुरूप माना जाता है (3)
5. माफी, दक्ष की एक पुत्री (2)
6. संतोष, राहत, चैन, मसर्रत (2)
7. कतला, कमानी, टहनी (2)
9. पुरोहित कर्म, पुरोधा, पौरोहिय (4)
11. बेचने वाला, विक्रम करने वाला (3)
12. विश्वकर्मा के सुत नल द्वारा बनाया गया रामेश्वर के निकट समुद्र पर बंधा पुल (4)
14. तौल की एक सूक्ष्म इकाई (2)
15. अग्नि को यह भी कहते है (2)
16. तौल की एक प्राचीन इकाई (2)
17. गोदनशीं, गोद लिया हुआ (3)
18. जलन, ईर्ष्या (2)
19. एक दिवंगत हास्य एवं चरित्र अभिनेता जिनका निधन 13 फरवरी 1987 को हुआ था (3)
21. कोमल, नाजुक, सुंदरी (4)

**ऊपर से नीचे**
1. लंकापति रावण का पुत्र जिसका वध लंका उजाड़ते समय हनुमान ने किया था (6)
2. जन समुदाय, सर्वजन, जनसमूह (3)
3. डैना, पर, पक्ष (2)
4. क्रांति ज्वाला, लकड़ी के सिरे पर कपड़ा लपेटकर उसमें आग लगाई जाती है (3)
6. पहले रेडियों उद्घोषक फिर अभिनेता और अंत में राजनीति के साथ इस दुनिया को अलविदा कहा (5)
8. पश्चिमी निमाड़ का एक जिला (4)
10. प्रतिष्ठा, भारमाप, ख्याति (2)
11. ब्रिज, पुल (2)
13. सेवा करने वाला (3)
16. बहरीन की राजधानी (3)
17. अग्नि उद्दीप्त होना, दग्ध होना, धधकना (3)
19. गाने की तर्ज, संपूर्ण जाति का एक राग (2)
20. केशलता, बालों का वह गुच्छा जो गाल पर लटके (2)

### वर्ग पहेली 5337 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मे | रि | का | | | ड | ल |
| शो | ला | | बु | डा | पे | स्ट | |
| क | | श | ल | | ज | र | ब |
| कु | न | बा | | सा | | | र |
| मा | न | ना | | | फ | र | सा |
| र | | आ | ज | त | क | | त |
| | य | ज | मा | न | | र | |
| व | ह | मी | | ना | ग | ब | ल |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी कार्यालय, जय हिन्द कॉलोनी नाला पर, आरा, जिला भोजपुर (बिहार) से प्रकाशित संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, स्थानीय संपादक- साकेत अम्बष्ट, मो.-9934957121, 7766886433, E-mail : svvaara@gmail.com, RNI-BIHHIN/2017/72765

## संक्षिप्त समाचार

### 6 डिग्री गिरा रांची का पारा, फिर बदलेगा मौसम, बढ़ेगी गर्मी

**रांची, एजेंसी।** गुरुवार सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए रहे और रांची व आसपास इलाके में हल्की बारिश भी हुई। इस वजह से दिन का पारा छह डिग्री गिर कर 28 डिग्री पर पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों तक गर्मी से लोगों को राहत रहेगी। आसमान में बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश भी होगी। विभाग ने गर्जन के साथ वज्रपात की चेतावनी भी जारी की है ।शुक्रवार को राज्य के पश्चिमी, दक्षिणी और मध्य में कहीं-कहीं गर्जन व आंधी चलने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से लगातार नमी आने और बंगलादेश में बने साइक्लोन के असर से झारखंड में मौसम बदला हुआ है। 14 अप्रैल से एक बार फिर तापमान बढ़ेगा। रांची का पारा 37 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है ।मौसम केंद्र के पूर्वानुमान के मुताबिक 12 व 13 अप्रैल को रांची व आसपास में बादल छाए रहेंगे। गर्जन के साथ बारिश की संभावना है। 14 अप्रैल को बारिश होने की संभावना है। 15 और 16 अप्रैल को आसमान मुख्यत- साफ रहेगा और मौसम शुष्क रहेगा।

### एम एस धोनी की शिकायत पर मिहिर दिवाकर जयपुर से गिरफ्तार, बचपन से थी दोस्ती



**रांची, एजेंसी।** भारत के सफलतम क्रिकेट कप्तानों में शुमार महेंद्र सिंह धोनी की शिकायत पर उनके बचपन के दोस्त मिहिर दिवाकर को जयपुर में मंगलवार की रात गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों ने एक ही समय में क्रिकेट खेलना शुरू किया था ।धोनी सफल क्रिकेटर बन गए तो मिहिर दिवाकर ने अरका स्पोर्ट्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के नाम से कंपनी खोल ली। धौनी उनके बिजनेस पार्टनर बन गए ।आरोप है कि इसी कंपनी से मिहिर दिवाकर ने महेंद्र सिंह धोनी के साथ 15 करोड़ की धोखाधड़ी की। धौनी ने जिला न्यायालय रांची में दिवाकर और उनकी पत्नी सौम्या दास पर – शिकायत दर्ज कराई थी। मिहिर दिवाकर की ओर से भी महेंद्र सिंह धौनी के खिलाफ मानहानि का केस ठोका गया था। अब आखिरकार जयपुर पुलिस ने मंगलवार को अरका स्पोर्ट्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक मिहिर दिवाकर को हिरासत में ले लिया। यह गिरफ्तारी क्रिकेट अकादमियों की स्थापना के लिए धौनी के नाम के अनधिकृत उपयोग के आरोपों के जवाब में हुई है।

### सिमडेगा में दो बाइक में टक्कर..तीन लोगों की मौत, मरने वालों में दो दोस्त

**सिमडेगा , एजेंसी।** सिमडेगा में गुरुवार की देर रात सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। हादसा हाटिंग होड़े के पास हुआ। तेज रफ्तार दो बाइक के टकराने से ये हादसा हुआ। हादसे में एक बाइक में सवार दो दोस्तों की मौत हो गई। दोनों ने हेलमेट नहीं पहन रखा था। दोनों चाईबासा के मनोहरपुर से सिमडेगा के बानो आ रहे थे ।वहीं दूसरा बाइक पर सवार इमानुएल तोपनो को बानो अस्पताल में ही मृत घोषित कर दिया जबकि दो युवकों को गंभीर हालत में सिमडेगा रेफर किया गया था, जहां दोनों की मौत हो गई ।पौलुस और सचिन चाईबासा के मनोहर पुर से सिमडेगा के बानो की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान हाटीगहोड़े के इमानुएल तोपनो की बाइक से इनकी बाइक की सीधी टक्कर हो गई। दोनों बाइक की रफ्तार तेज थी ।स्थानीय लोगों की मदद से तीनों बाइक सवार को पहले बानो अस्पताल ले जाया गया, जहां इमानुएल को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया गया। दो दोस्त सचिन और पौलुस को गंभीर हालत में सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर किया गया, यहां डॉक्टर ने पौलुस को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे दोस्त सचिन की मौत इलाज के दौरान हो गई ।दोनों दोस्तों ने अगर हेलमेट पहना होता तो जान बच सकती थी। दोनों को सिर में गंभीर चोट आई जिसकी वजह से उनकी जान चली गई। घटना के बाद परिजनों को इस हादसे की सूचना दी गई है। पुलिस भी मौके पर पहुंच कर घटना के संबंध में जांच कर रही है। हादसे के वक्त घटनास्थल के आसपास मौजूद लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

## चुनाव से पहले झारखंड पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# 15 नक्सलियों का सरेंडर, दो महिलाएं और नाबालिग भी शामिल




**रांची, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव से पहले झारखंड पुलिस ने नक्सलियों की कमर तोड़ने में एक और सफलता पाई है। सरकार की प्रत्यर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर 15 नक्सलियों ने गुरुवार को सरेंडर कर दिया। ये सभी नक्सली एक करोड़ के इनामी नक्सली नेता मिसिर बेसरा उर्फ सागर जी और पतिराम मांझी उर्फ अनल दा के मारक दस्ते में शामिल थे। चाईबासा पुलिस केंद्र में पुलिस अधिकारियों के समक्ष हथियार डालने वालों में दो महिला और एक नाबालिग नक्सली भी हैं।

कोल्हान डीआईजी मनोज रतन चोथे ने बताया कि सरेंडर करने वाले सभी नक्सली मिसिर बेसरा के दिशा-निर्देश पर विभिन्न घटनाओं को अंजाम देने में शामिल रहे हैं। इनपर टोंटो, गोईलकेरा, नोवामुंडी समेत विभिन्न थानों में विध्वंसक कार्रवाई और आर्म्स एक्ट के मामले चल रहे हैं। चोथे ने यह भी कहा कि चूंकि, ये सभी नक्सली पश्चिमी सिंहभूम के रहने वाले हैं। इसलिए कोल्हान एवं सारंडा के सुदूर जंगली और पहाड़ी इलाकों के चप्पे-चप्पे की जानकारी है। नक्सली सोनू चांपिया गुरिल्ला वार में माहिर है। इनके सरेंडर करने से जिले में माओवादी गतिविधियों पर अंकुश लगेगा।

कोल्हान पुलिस आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों से लंबे समय से संपर्क में थी। डीआईजी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान चेतावनी देते हुए कहा कि माओवादी आत्मसमर्पण करें, नहीं तो जंगलों में पुलिस और सुरक्षा बलों के अभियान के दौरान पकड़े जायेंगे या मारे जायेंगे। उन्होंने यह भी अपील कि माओवादी राज्य सरकार की नीतियों का लाभ उठाएं और एक बेहतर जिंदगी जीने की ओर अग्रसर हों। इस मौके पर मौजूद पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने भी नक्सलियों को मुख्यधारा से जुड़कर परिवार के साथ खुशहाल जिंदगी बिताने का आह्वान किया।

**कोल्हान से पूरे संगठन को चला रहा मिसिर बेसरा :** मिसिर बेसरा माओवादी संगठन की सेंट्रल कमेटी सह ईस्टर्न रीजनल ब्यूरो का प्रमुख है। वह मूल रूप से गिरिडीह के पीरटांड़ का रहने वाला है। इसे झारखंड, ओडिशा, प. बंगाल में हुई कई नक्सली घटनाओं का मास्टरमाइंड है। यही कारण है कि तीन राज्यों की पुलिस ने उस पर एक करोड़ रुपए का इनाम रखा है। अभी कोल्हान क्षेत्र में छिप संगठन का संचालन कर रहा है।

**मारक दस्ते के इन नक्सलियों ने किया सरेंडर :** टोंटो के रेंगड़ाहातू निवासी प्रधान कोड़ा उर्फ देवेन कोड़ा, जोगेन कोड़ा, बोयो कोड़ा, छोटा नागरा के बाहदा का सोनू चांपिया और उसकी पत्नी पैलोंग कोड़ा, टोंटो के तुम्बाहाका निवासी गंगाराम पूर्रित, सोहन सिंह हेम्ब्रम, रामजी पूर्ति, हुसीपी का पगला गोप, गोईलकेरा के सासंगसाल निवासी चंद्रमोहन, विजय बोयपाई, डोरन चांपिया, छोटा नागरा के तितली घाट का सुशील उर्फ मोगा चांपिया और उसकी पत्नी मनी चांपिया।

## हजारीबाग में महिला ने कर दी लिव इन पार्टनर की हत्या

**हजारीबाग , एजेंसी।** पूर्णिया का रहने वाला गुलजार एक विधवा महिला के साथ हजारीबाग में लिव-इन रिलेशनशिप में रहता था। गुलजार की गलत हरकतों से आजिज आकर उसकी लिव इन पार्टनर ने गला घोंटकर हत्या कर दी। डाटो करम पुलिया के पास से हत्या के बाद फेंके गए अज्ञात शव के मामले में कटकमसांडी पुलिस ने इस सनसनीखेज मर्डर केस को सुलझा लिया है।

इंस्पेक्टर विनोद कुमार के नेतृत्व में थाना प्रभारी देवदत्त कुमार सिंह, एसआई बिरजा कुजूर की टीम ने हत्याकांड में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना के बाबत पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बरामद अज्ञात शव बिहार के पूर्णिया जिले के मोहम्मद गुलजार का था।

### बहन की बेटियों को छेड़ता था...

हत्याकांड की मुख्य अभियुक्त ने पुलिस को बयान दिया कि मृतक एक विधवा के साथ आठ सालों से लिव इन रिलेशनशिप में रह रहा था। वह शादी का झांसा के देकर उसका यौन शोषण करता रहा। इस बीच वह विधवा की बहन की बेटियों के साथ भी छेड़छाड़ किया करता था। विधवा के साथ मारपीट कर उसके पैसे छीन लिया करता था।उसकी गलत हरकतों से परेशान होकर महिला ने उसे शराब के नशे में रस्सी से गला घोंट कर मारा डाला। मर्डर के बाद महिला ने अपने दो सहयोगी-दीपक कुमार और संतन कुमार की मदद से शव को 28 मार्च की रात करम बहवा पुलिया के पास फेंक दिया था। ग्रामीणों की सूचना के आधार पर पुलिस ने शव को बरामद किया था।

घटना के बाद तीनों को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापेमारी टीम में कटकमसांडी थाना प्रभारी देवदत्त कुमार सिंह, एसआई बिरजा कुजूर,चालक सुधांशु कुमार सिंह, कटकमसांडी थाना में तैनात जैप एवं जिला बल के जवान शामिल थे।

### पिस्तौल और देसी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक बिमल कुमार को मिली सूचना पर पतरातू पुलिस ने ग्राम डाडीडीह सरना स्कूल के पास एक व्यक्ति को हथियार के साथ पकड़ा है। बुधवार को धराए युवक के पास से एक पिस्टल, एक कट्टा, 3.9 एमएम की गोली और एक 315 बोर की गोली बरामद की गई। बुधवार को पुलिस उपाधीक्षक ने प्रेस वार्ता कर पूरे मामले की जानकारी साझा की।

## इस साल भी नीलामी के आसार नहीं, घाटों पर माफियाओं का कब्जा; धनबाद में धड़ल्ले से जारी है बालू तस्करी



**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद जिले में सालों से बालू घाटों पर माफियाओं का कब्जा है। इस साल भी माफियाओं की ही चलेगी। कारण 2024 में भी बालू घाटों की नीलामी के आसार नहीं हैं। विभागीय सूत्रों से मिले संकेत के अनुसार बालू घाटों की नीलामी नहीं होने के पीछे कई कारण हैं। यानी जब तक घाटों की नीलामी नहीं होगी। लोगों को रियायती दर पर बालू उपलब्ध नहीं हो पाएगा।

मालूम हो कि घाटों की नीलामी नहीं होने से तस्कर बालू का उठाव कर रहे हैं और ऊंची कीमत पर बेच रहे हैं। जिले में बालू तस्करों का सिंडिकेट मजबूत है। शासन-प्रशासन तक इनकी पहुंच है। आधिकारिक आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन धंधे से जुड़े लोग बताते हैं कि हर दिन धनबाद में ढाई से तीन सौ बालू लदे वाहन पहुंचते हैं। इसके अलावा धनबाद के पड़ोस के जिलों में भी अवैध तरीके से बालू की आपूर्ति की जाती है। कैटेगरी टू के सभी घाटों (जिनकी संख्या 16 से अधिक है) में बालू का अवैध खनन धड़ल्ले से चल रहा है।

बराकर नदी की कम-से-कम आठ से दस जगहों पर बालू का उठाव हो रहा है। कुछ जगह तो नदी के बीच से नाव से बालू का उठाव किया जा रहा है। कार्रवाई के नाम पर सिर्फ आईवॉश है। कुछ गाड़ियां पकड़ी जाती हैं, लेकिन उससे कोई फर्क नहीं पड़ता। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों तक बालू तस्करों का लिंक है, बेखौफ बालू का उठाव धड़ल्ले से किया जा रहा है।

**नीलामी का मामला लंबित :** चार जून तक लोकसभा चुनाव 2024 की प्रक्रिया पूर्ण होगी। चार जून तक आचार संहिता प्रभावी होने से बालू घाटों की नीलामी संभव नहीं है। धनबाद के बड़े बालू घाट यानी कैटेगरी टू के घाट की नीलामी का मामला अभी जिला स्तर पर ही लंबित है।

**मध्य जून से एनजीटी प्रतिबंध :** लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया संपन्न होने के साथ मध्य जून यानी 10 से 15 जून से बालू उठाव पर एनजीटी का प्रतिबंध लग जाएगा। मॉनसून सीजन में नदियों में जल प्रवाह तेज होने के कारण एनजीटी की ओर से नदियों की सुरक्षा व पर्यावरण संरक्षण के कारण से प्रतिबंध लगाया जाता है।

**रात में आपूर्ति, मनमानी कीमत वसूली :** तस्कर बालू की मनमानी कीमत वसूले रहे हैं। बालू की गुणवत्ता व वाहन के आधार पर कीमत में अंतर होता है। वैसे मौजूदा समय में एक ट्रैक्टर बालू की कीमत पांच हजार से अधिक लिए जा रहे हैं। वहीं 407 मिनी ट्रक बालू के लिए 6500 रुपए तक देने पड़ रहे हैं। लगभग डेढ़ से दो हजार तक ज्यादा कीमत वसूली जा रही है। बहुमंजिली इमारत या ज्यादा बालू की दरकार वालों को तस्कर हाइवा से भी आपूर्ति कर रहे हैं। बालू के धंधे से जुड़े एक व्यक्ति ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि वह बेजरा बालू घाट से उठाव करता है। वैसे जिले के सभी बालू घाटों से उठाव हो रहा है। स्थानीय लोग बालू का उठाव करते हैं। उन्हें मजदूरी के रूप में वाहन के अनुसार हजार से दो हजार में बालू उपलब्ध कराते हैं।

## रांची-वाराणसी ट्रेन में चिंगारी से मचा हड़कंप, यात्रियों में मची अफरा-तफरी




**रांची, एजेंसी।** रांची से गुरुवार रात 8:10 बजे रवाना हुई रांची-वाराणसी एक्सप्रेस में चिंगारी और धुआं निकलने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। जोन्हा-कीता स्टेशन के बीच हुई इस घटना के चलते कुछ देर के लिए ट्रेन को रोक दिया गया। रेलवे प्रशासन ने कहा कि ब्रेक बाइंडिंग जाम होने के कारण चिंगारी निकली थी। हालांकि ट्रेन स्टाफ ने इसे दुरुस्त कर दिया। इसके बाद ट्रेन को रवाना किया गया।

बीते नौ अप्रैल को भी वाराणसी-रांची वंदेभारत एक्सप्रेस के पेट्रो से चिंगारी निकली थी। चालक को एहसास होने पर इमरजेंसी ब्रेक लगाते हुए हजारीबाग रोड के पास रोक दी गई थी। इससे भी यात्रियों में अफरा-तफरा का माहौल बन गया था। हड़बड़ी में लोग ट्रेन के डिब्बों से उतर गए थे। बाद में पेट्रो ट्रेन के इंजन के ऊपरी हिस्से से निकली चिंगारी को 15 मिनट के बाद नियंत्रित किया जा सका था। सारा कुछ ठीक होने के बाद 15 मिनट विलंब से ट्रेन को रवाना किया गया। वहीं, 20 मार्च 2021 को रांची स्टेशन में कोयला लदी मालगाड़ी के ब्रेक बाइंडिंग से चिंगारी और धुआं निकलने की घटना हुई थी।

रांची-इस्लामपुर में आग लगने की उड़ी अफवाह

दूसरी ओर शाम सात बजकर 10 मिनट पर रवाना हुई हटिया-इस्लामपुर एक्सप्रेस ट्रेन सिल्ली स्टेशन पर घंटों रुकी रही। इसका कारण बताया गया कि किसी ने अफवाह फैला दी थी कि ट्रेन में आग लग गई है। इसी बीच किसी ने चेनपुलिंग कर दी। बाद में पता चला कि रेड सिंग्नल होने के कारण ट्रेन को रोका गया था।

## नींबू पहाड़ पर खदानों की जांच हुई तेज, तीन दिन से डटे हैं सीबीआई अधिकारी

**साहिबगंज, एजेंसी।** 1250 करोड़ के अवैध खनन की जांच कर रही सीबीआई की छह सदस्यीय टीम शुक्रवार की सुबह एक बार पुन- मंडरो अंचल के सिमरिया मौजा पहुंची। बुधवार और गुरुवार को भी टीम ने वहां जाकर जांच की थी।

गुरुवार की शाम सीबीआई ने डीएमओ से कुछ कागजात की मांग की थी जिसे उन्होंने उपलब्ध करा दिया था। इसे देखने के बाद सीबीआई शुक्रवार की सुबह पुन- सिमरिया मौजा पहुंची। सीबीआई वहां के अवैध पत्थर खदानों की दोबारा मापी करा रही है।

अब तक की जांच पड़ताल के दौरान यह बात सामने आई है कि 2016 से ही सिमरिया मौजा (नींबू पहाड़) में अवैध खनन जारी है। एक हिस्से में 2016 से अवैध रूप से खनन किया जा रहा था तो दूसरे हिस्से में जून 2021 से अवैध खनन शुरू किया गया। अब तक पांच लाख क्यूबिक घन मीटर पत्थर के अवैध रूप से खनन करने की बात सामने आयी है।

2016 में जहां अवैध खनन किया गया वर्तमान में वहां अभी पानी है। इसलिए मापी में परेशानी हो रही है। सूत्रों की मानें तो 2016 से पिंटू यादव उर्फ अभय यादव पर अवैध रूप से पत्थर खनन का आरोप है। जिरवाबाड़ी थाने में पूर्व में इस मामले में दो-दो प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी।

2021 से हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा व उनके करीबियों पर अवैध रूप से पत्थर खनन कराने का आरोप है। सूत्रों की मानें तो सीबीआई की जांच अब अंतिम चरण में है। इस मामले में जल्द ही कुछ लोगों को सीबीआई पूछताछ के लिए बुला सकती है।

## अधिकारियों के दबाव में बदली गई थी दर्ज प्राथमिकी, शिकायत में पहले था अंबा प्रसाद और योगेंद्र साव का नाम

**रांची, एजेंसी।** बड़कागांव से कांग्रेस की विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व मंत्री योगेंद्र साव व अन्य पर लिखित शिकायत को अधिकारियों ने बदलवा दिया। वरीय अधिकारियों के दबाव में पुराने आवेदन को रद करवाकर फिर से आवेदन लिखवाया गया और अज्ञात के विरुद्ध जमीन हड़पने के मामले में हजारीबाग के बड़ा बाजार थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसका खुलासा हजारीबाग के पूर्व अंचलाधिकारी शशिभूषण सिंह ने ईडी के सामने किया है। शशिभूषण सिंह वर्तमान में गोविंदपुर में अंचलाधिकारी हैं।

हजारीबाग में जमीन हड़पने की कोशिश मामले में ईडी ने 12 मार्च 2024 को विधायक अंबा प्रसाद, पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, तत्कालीन अंचलाधिकारी शशिभूषण सिंह व इनसे जुड़े ठिकानों पर छापामारी की थी। इस छापेमारी में ईडी को वह शिकायत पत्र भी मिल गया था, जिसमें हजारीबाग की एक सरकारी जमीन को हड़पने का आरोप विधायक अंबा प्रसाद, उनके पिता पूर्व मंत्री योगेंद्र साव व अन्य पर लगा था।उसी शिकायत पत्र को बदलवाकर दोनों का नाम हटाते हुए अज्ञात के विरुद्ध दूसरा शिकायत पत्र बना, जिसके आधार पर अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज हुई थी।



इस संदर्भ में ईडी ने तत्कालीन अंचलाधिकारी शशिभूषण सिंह का बयान लिया तो उन्होंने बताया कि उनके वरीय पदाधिकारियों ने विधायक व पूर्व मंत्री का नाम हटाने का आदेश दिया था और अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था, जिसके बाद ऐसा किया गया।अब ईडी उक्त जमीन से जुड़े वरीय पदाधिकारियों को समन कर पूछताछ के लिए बुलाएगी। तत्कालीन अंचलाधिकारी शशिभूषण, पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, विधायक अंबा प्रसाद सहित कइयों से ईडी की पूछताछ हो चुकी है। ईडी की जांच में विधायक अंबा प्रसाद व उनके पिता पूर्व मंत्री योगेंद्र साव की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं।हजारीबाग के हुरहुरू स्थित खासमहाल की सरकारी 25 डिसमिल जमीन को हड़पने के लिए उसपर चारदीवारी करवा दी गई थी। जांच में जमीन हड़पने का आरोप पूर्व मंत्री योगेंद्र साव व बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद पर लगा था।दरअसल 11 नवंबर, 2023 को उक्त जमीन पर मालिकाना हक को लेकर विवाद हो गया था। जांच के बाद तत्कालीन अंचलाधिकारी ने जमीन पर निर्माण कार्य पर रोक लगा दिया था और कागजातों की जांच के लिए 22 नवंबर की तिथि निर्धारित की थी।

# झारखंड के राजमहल सीट पर जब केवल 9 वोटों से हुआ था हार-जीत का फैसला

**राजमहल, एजेंसी।** झारखंड के राजमहल संसदीय सीट पर मुकाबला रोमांचक हो गया है। राजमहल संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत बोरिया विधानसभा के झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम ने निर्दलीय लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। वह राजमहल से ही लड़ेंगे। झामुमो से दो बार से मौजूदा सांसद विजय हांसदा और भाजपा से ताला मरांडी मैदान में हैं। चुनावी रण में लोबिन के उतरने के बाद राजमहल का मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है।

**जब केवल 9 वोटों से हुआ था हार-जीत का फैसला :** राजमहल संसदीय क्षेत्र शुरू से ही नजदीकी मुकाबलों के लिए जाना जाता रहा है। देश के संसदीय इतिहास में सबसे कम वोट यानि मात्र 9 वोटों से हार-जीत का फैसला संसदीय चुनाव में हुआ था। अविभाजित बिहार में 1998 के लोकसभा चुनाव में राजमहल सीट पर भाजपा प्रत्याशी सोम मरांडी को महज 9 वोट से जीत मिली थी। मजेदार बात यह है कि उन्होंने राजमहल के मौजूदा सांसद झामुमो के विजय हांसदा के पिता कांग्रेस प्रत्याशी थॉमस हांसदा को शिकस्त दी थी। सोम मरांडी को 198,889 वोट मिले थे, जबकि थॉमस हांसदा को 198,880 वोट हासिल हुआ था। दोनों का मत प्रतिशत 33.4 दर्ज हुआ। ताला मरांडी जो पूर्व में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष थे, लेकिन पूर्व सीएम रघुवर दास से विवाद के कारण कुछ समय के लिए भाजपा की सदस्यता भी छोड़ी थी। झामुमो के नेतृत्व से नाराज लोबिन हेंब्रम ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की है।

**लोबिन हेंब्रम निर्दलीय लड़ेंगे चुनाव :** इस संसदीय क्षेत्र में झामुमो के नेतृत्व से नाराज चल रहे विधायक लोबिन हेंब्रम ने भी निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की है। लोबिन के चुनावी मैदान में आने से चुनावी समर के त्रिकोणीय हो जाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।



संताल समाज से लोबिन हेंब्रम खुद बोरियो सीट से विधायक हैं। लोबिन की आदिवासी समाज में अच्छी-खासी पकड़ है। वे हमेशा से 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति और नियोजन नीति को लेकर मुखर रहे हैं।

राजमहल के आदिवासी का हेमंत सोरेन के पूर्व प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के खिलाफ काफी विरोध था। लोबिन विरोध में रहे हैं।

संताल परगना से सोरेन परिवार की बड़ी बहू सीता सोरेन बागी हो चुकीं हैं। वह खुद दुमका से भाजपा उम्मीदवार हैं। लोबिन का बड़ी बहू से भी नजदीकी संपर्क बताया जाता है। ऐसे में दोनों झामुमो के खिलाफ संथाली आदिवासियों को एकजुट कर सकते हैं।

ताला मरांडी संथाली समुदाय से आते हैं। वे बोरियो विधानसभा से विधायक रह चुके हैं। इस बार भाजपा के प्रत्याशी हैं।

राजमहल सीट मुस्लिम बहुल हैं। रुझान भाजपा के विपरीत झामुमो की तरफ ज्यादा रहेगा।

लोकसभा चुनाव 2019 में झामुमो के 36 वर्षीय विजय हांसदा लगातार दूसरी बार मोदी लहर में भी जीत सुनिश्चित करने में कामयाब रहे। उन्होंने भाजपा के हेमलाल मुर्मू को हराया था। हेमलाल अब झामुमो में शामिल हो चुके हैं। यानी संताली वोटर इससे दूरी बनाएंगे यह कहना मुश्किल है।

वह आदिवासी और मुस्लिम वोटरों के ध्रुवीकरण के माहिर खिलाड़ी हैं। इसी ध्रुवीकरण की राजनीति की बदौलत वह अप्रत्याशित जीत दर्ज करने में कामयाब हुए।

राजमहल सीट से एक राजमहल विस चुनाव क्षेत्र को छोड़ दिया जाए तो वह बोरियो, बरहेट, लिट्टीपाड़ा और महेशपुर विधानसभाओं में झामुमो के विधायक हैं, तो मुस्लिम बहुल पाकुड़ सीट से कांग्रेस के आलमगीर आलम विधायक हैं।



# नवरात्रि के 9 दिनों में क्या-क्या खरीदें, माता रानी हो जाए प्रसन्न

क्या आप जानते हैं कि नवरात्रि के पवित्र त्योहार पर ऐसी कौन-कौन-सी चीजें खरीदें जिससे सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाए। अगर नहीं तो आप भी जानिए और अवश्य खरीदें नवरात्रि में इन चीजों को.

- आरोग्य पाना चाहते हैं तो नवरात्रि के प्रथम दिन से लेकर अंतिम दिन तक कभी भी गाय का घी लाकर रखें।
- अपना घर चाहते हैं तो मिट्टी का छोटा सा घर लाकर पूजा स्थल में रखें।
- अगर विदेश यात्रा करना चाहते हैं तो 9 दिनों में कभी भी पताका (ध्वजा या परचम) खरीद कर नौ दिनों तक पूजा करें और नवमी के दिन किसी देवी मंदिर में अर्पित करें।
- आर्थिक कष्टों से मुक्ति के लिए चांदी की कोई भी शुभ सामग्री लाकर देवी को समर्पित करें।
- नौकरी में पदोन्नति चाहते हैं तो 3 नारियल लाकर पहले घर में रखें और नवमी के दिन मंदिर में चढ़ाएं।
- आकर्षण बढ़ाना चाहते हैं तो धूप, सुगंध, अगरबत्ती, रूई या चमकीली सफेद सामग्री खरीदें।
- नवरात्रि के दिन मौली खरीद कर उस पर नौ गांठ लगा कर देवी को समर्पित करें और फिर उसे सदा अपने पास रखने से हर कार्य में सफलता मिलती है।
- अपार धन संपत्ति के लिए इन नौ दिनों में किन्नर से पैसा लेकर तिजोरी या पर्स में रखें।
- सौभाग्य में वृद्धि के लिए समस्त सुहाग श्रृंगार सामग्री (कांच, काजल, कुमकुम, मंगलसूत्र, चूड़ी, कंघी, बिछिया, चुनरी) खरीदें और काली मां को नवमी के दिन चढ़ाएं।



# नवरात्रि में चढ़ाएं ये फूल

**नवरात्रि में मूर्ति स्थापना, घटस्थापना, कलश पूजा, व्रत, दुर्गा पूजा, हवन, कन्या भोज किया जाता है। इस दौरान यदि आप माता को प्रसन्न करने के लिए उनके मंदिर में जाकर उन्हें हर रोज एक फूल अर्पित करेंगे तो माता प्रसन्न होगी।**

- स्कंदमाता : मां को पीले रंग के फूल बहुत पसंद हैं। इस दिन माता को यह फूल अर्पित करने से मां प्रसन्न होकर सुख और समृद्धि का आशीर्वाद देती हैं।
- कात्यायनी : मां कात्यायनी को गेंदे का फूल और बेर के पेड़ का फूल पसंद है।
- कालरात्रि : सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा होती है। माता कालरात्रि को नीले रंग का कृष्ण कमल का फूल बहुत अधिक पसंद है। यदि ये फूल न मिले तो कोई भी नीले रंग का फूल भी अर्पित करेंगे तो माता प्रसन्न होगी।
- महागौरी : आठवें दिन महागौरी माता की पूजा की जाती है। माता महागौरी को मोगरे का फूल बेहद पसंद है। इस दिन मां के चरणों में यह फूल अर्पित करेंगे तो तो मां की कृपा हमेशा आपके घर-परिवार पर बनी रहेगी।
- सिद्धिदात्री : नौवें दिन माता सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। मां को चंपा और गुड़हल का फूल बेहद पसंद है। उनके चरणों में इस फूल को चढ़ाने से मां प्रसन्न होती हैं और अपने भक्तों को आशीर्वाद देती हैं।



# अकाल मृत्यु से रक्षा करती है मां कालरात्रि

**एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी।**

नवरात्रि की सप्तमी के दिन माँ कालरात्रि की आराधना का विधान है। इनकी पूजा-अर्चना करने से सभी पापों से मुक्ति मिलती है व दुश्मनों का नाश होता है, तेज बढ़ता है। प्रत्येक सर्वसाधारण के लिए आराधना योग्य यह श्लोक सरल और स्पष्ट है। शारदीय नवरात्रि का सातवां दिन मां कालरात्रि को समर्पित होता है। मां कालरात्रि की अराधना से आकस्मिक संकटों से मुक्ति मिलती है। मां ने दैत्य रक्तबीज का वध करने के लिए माता पार्वती ने लिया था कालरात्रि रूप। मान्यता है कि मां कालरात्रि भक्तों को अभय वरदान देने के साथ ग्रह बाधाएं भी दूर करती हैं। मां कालरात्रि का शरीर अंधकार की तरह काला है। मां के बाल लंबे और बिखरे हुए हैं। माता के गले में पड़ी माला बिजली की तरह चमकती है। मां कालरात्रि के चार हाथ हैं। एक हाथ में माता ने खड्ग (तलवार). दूसरे में लौह शस्त्र, तीसरे हाथ वरमुद्रा और चौथे हाथ अभय मुद्रा में है। माँ जगदम्बे की भक्ति पाने के लिए उपरोक्त मंत्र कंठस्थ कर नवरात्रि में सातवें दिन इसका जाप करना चाहिए।

मान्यता है कि नवरात्रि के सातवें दिन मां कालरात्रि की विधि-विधान से पूजा करने वाले भक्तों पर माता रानी अपनी कृपा बरसाती हैं। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, मां कालरात्रि अपने भक्तों को काल से बचाती हैं। मतलब जो भक्त मां के इस स्वरूप की अराधना करते हैं उनकी अकाल मृत्यु नहीं होती है। मान्यता है कि मां को गुड़ का भोग चढ़ाने और दान करने से वह प्रसन्न होती हैं और सभी विपदाओं का नाश करती हैं। मां कालरात्रि को लाल रंग प्रिय है।

मां कालरात्रि का सिद्ध मंत्र-
**ओम ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चै
ऊं कालरात्रि दैव्ये नमः।**

माँ दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गा पूजा के सातवें दिन माँ कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन 'सहस्रार' चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। देवी कालात्रि को व्यापक रूप से माता देवी – काली, महाकाली, भद्रकाली, भैरवी, मृत्यिू, रुद्रानी, चामुंडा, चंडी और दुर्गा के कई विनाशकारी रूपों में से एक माना जाता है। रौद्री और धुमोरना देवी कालात्री के अन्य कम प्रसिद्ध नामों में हैं। माना जाता है कि देवी के इस रूप में सभी राक्षस,भूत, प्रेत, पिसाच और नकारात्मक ऊर्जाओं का नाश होता है, जो उनके आगमन से पलायन करते हैं। सिल्प प्रकाश में संदर्भित एक प्राचीन तांत्रिक पाठ, सौधिकागम, देवी कालरात्रि का वर्णन रात्रि के नियंत्रा रूप में किया गया है। सहस्रार चक्र में स्थित साधक का मन पूर्णतः माँ कालरात्रि के स्वरूप में अवस्थित रहता है। उनके साक्षात्कार से मिलने वाले पुण्य (सिद्धियों और निधियों विशेष रूप से ज्ञान, शक्ति और धन) का वह भागी हो जाता है। उसके समस्त पापों-विघ्नों का नाश हो जाता है और अक्षय पुण्य-लोकों की प्राप्ति होती है।

## मां कालरात्रि की पूजा विधि

- पूजा शुरू करने के लिए मां कालरात्रि के परिवार के सदस्यों, नवग्रहों, दशदिक्पाल को प्रार्थना कर आमंत्रित कर लें।
- सबसे पहले कलश और उसमें उपस्थित देवी-देवता की पूजा करें।
- अब हाथों में फूल लेकर कालरात्रि को प्रणाम कर उनके मंत्र का ध्यान किया जाता है। मंत्र है- ''देव्या यया ततमिदं जगदात्मशक्तया, निश्शेषदेवगणशक्तिसमूहमूर्त्या ताममम्बिकामखिलदेवमहर्षिपूज्यां, भक्त नताः स्म विपादाधातु शुभानि सा नः''।
- पूजा के बाद कालरात्रि मां को गुड़ का भोग लगाना चाहिए।
- भोग लगाने के बाद दान करें और एक थाली ब्राह्मण के लिए भी निकाल कर रखनी चाहिए।

## महिमा

माँ कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत भयानक है, लेकिन ये सदैव शुभ फल ही देने वाली हैं। इसी कारण इनका एक नाम 'शुभंकारी' भी है। अतः इनसे भक्तों को किसी प्रकार भी भयभीत अथवा आतंकित होने की आवश्यकता नहीं है। माँ कालरात्रि दुष्टों का विनाश करने वाली हैं। दानव, दैत्य, राक्षस, भूत, प्रेत आदि इनके स्मरण मात्र से ही भयभीत होकर भाग जाते हैं। ये ग्रह-बाधाओं को भी दूर करने वाली हैं। इनके उपासकों को अग्नि-भय, जल-भय, जंतु-भय, शत्रु-भय, रात्रि-भय आदि कभी नहीं होते। इनकी कृपा से वह सर्वथा भय-मुक्त हो जाता है। माँ कालरात्रि के स्वरूप-विग्रह को अपने हृदय में अवस्थित करके मनुष्य को एकनिष्ठ भाव से उपासना करनी चाहिए। यम, नियम, संयम का उसे पूर्ण पालन करना चाहिए। मन, वचन, काया की पवित्रता रखनी चाहिए। वे शुभंकारी देवी हैं। उनकी उपासना से होने वाले शुभों की गणना नहीं की जा सकती। हमें निरंतर उनका स्मरण, ध्यान और पूजा करना चाहिए।



# नवदुर्गा की आठवीं शक्ति माँ महागौरी

भूमण्डल में दैत्यों का उत्पात जब इस कदर बढ़ गया कि मानव क्या? देवता भी अपने यज्ञ भाग नहीं पाते थे और उनके भी स्थान राक्षसों द्वारा छीन लिए गए। इस अनीत व उत्पात को समाप्त करने के लिए देव समूहों ने अपने परम तेज से माँ दुर्गा को इस जगत में प्रकट किया था। जो देवासुर संग्राम में नव दिनों तक महिषासुरादि राक्षसों को विविध रूपो में प्रकट होकर संहार करती रही। जिससे सभी भूमण्डल वासियों का कल्याण हुआ और देवताओं को उनका स्थान व यज्ञ भाग प्राप्त हुआ। माँ दुर्गा भवानी के आठवे विग्रह को माँ गौरी के रूप में जाना व पूजा जाता है। यह आठवें दिन यानी अष्टमी को महागौरी के रूप में प्रकट हुई हैं। यह चंद्र और कुन्द के फूल की तरह गौर रंग में प्रतीत होती हैं। इन्होंने महान तपस्या करके इस गौरवर्ण को प्राप्त किया था, जिसके कारण इन्हें महागौरी देवी कहा जाता है। माँ चार भुजी है जिसमें दाहिने तरफ के ऊपर वाले हाथ में त्रिशूल धारण किए हुए है तथा नीचे वाले हाथ में वरदायनी मुद्रा है। बांये तरफ वाले ऊपर के हाथ में अभय मुद्रा को धारण किए है। तथा नीचे वाले हाथ में डमरू को धारण किए है। यह वृषभारूढ़ है अर्थात इनका वाहन नन्दी बैल है जो अतिपराक्रमी और धर्म भी प्रतीक है। माँ गौरी ने कठिन तपस्या करके भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त किया था। जिससे इन्हें शिवा भवानी भी कहा जाता है। इनकी आराधना से भक्तों को मनोवांछित फल प्राप्त होते हैं। तथा रोग, भय,पीड़ा आदि का नाश हो जाता है। और श्रद्धालु भक्त का सतत कल्याण हो रहता है।

## महागौरी की पूजा का विधान

श्री माँ आदि शक्ति दुर्गा के इस आठवे विग्रह को महागौरी के नाम से इस जगत में जाना जाता है। इनकी माँ महागौरी की पूजा नवरात्रि के आठवें दिन करने का विधान होता है। इनकी पूजा अर्चना से पूर्व जन्म के संचित पाप भी धुल जाते हैं। अर्थात अपने कल्याण हेतु व्यक्ति को इनकी पूजा करनी चाहिए, पूजा का विधान पूर्ववत ही हैं। माँ महागौरी की पूजा में आठवें दिन महिलाएं अपने सुहाग की रक्षा अर्थात पति की कुशलता व परिवार की रक्षा के लिए चुनरी या साड़ी सहित विभिन्न प्रकार की सुहाग की वस्तुओं को चढ़ाती है। जिससे उन्हें सुहाग प्राप्ति की होती और जो सुगावती हैं उनके सुहाग की रक्षा होती रहती है। घर परिवार में सुख शांति होती है।

## महागौरी के मंत्र

माँ माहगौरी के अनेक मत्र हैं जिसमें प्रमुख रूप से यह मंत्र है जिससे माँ की कृपा प्राप्त होती है। और भय, दोष सामाप्त होते है। तथा आश्रय हीन को आश्रय व घर प्राप्त होता है। तथा सौभाग्यकांक्षी स्त्रियों को मनवांछित पति की प्राप्ति होती है। इस मंत्र को ऋषियों व विद्वानों द्वारा जपा जाता है।
सर्वमंगलमगंले शिवे सर्वार्थसाधिके।
शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोस्तुते।।

## महागौरी महात्म्य

माँ महागौरी का ध्यान, आवाहन, पूजन, स्मरण श्रद्धालु भक्तों का सभी तरह से कल्याण करता है। जिससे उन्हें जीवन पथ पर दु:ख व पीड़ाओं से मुक्ति प्राप्त होती है। जीवन धन्य हो जाता है। अतः प्रत्यन्न पूर्वक सभी स्त्री पुरूषों को माँ जगत जननी की आराधना करनी चाहिए। क्योकि यह व्यक्ति को सद्बुद्धि, ज्ञान, धन, पुत्र व यश को देने वाली हैं।




**एकवेणीजपाकर्णपुरानना खरास्थिता।
लम्बोष्ठीकर्णिकाकर्णीतैलाभ्यङ्गशरीरिणी॥
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनामूर्धजा कृष्णा कालरात्रिर्भयङ्करी ॥**

# माँ कालरात्रि
## नवरात्रि का सातवाँ दिन

माता कालरात्रि की पूजा नवरात्रि के सातवें दिन की जाती है। इन्हें देवी पार्वती के समतुल्य माना गया है। देवी के नाम का अर्थ- काल अर्थात मृत्यु/समय और रात्रि अर्थात रात है। देवी के नाम का शाब्दिक अर्थ अंधेरे को खत्म करने वाली है।

### माता कालरात्रि का स्वरूप

देवी कालरात्रि कृष्ण वर्ण की हैं। वे गधे की सवारी करती हैं। देवी की चार भुजाएँ हैं, दोनों दाहिने हाथ क्रमशः अभय और वर मुद्रा में हैं, जबकि बाएँ दोनों हाथ में क्रमशः तलवार और खडग हैं।

### पौराणिक मान्यताएँ

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार शुंभ और निशुंभ नामक दो दानव थे जिन्होंने देवलोक में तबाही मचा रखी थी। इस युद्ध में देवताओं के राजा इंद्रदेव की हार हो गई और देवलोक पर दानवों का राज हो गया। तब सभी देव अपने लोक को वापस पाने के लिए माँ पार्वती के पास गए। जिस समय देवताओं ने देवी को अपनी व्यथा सुनाई उस समय देवी अपने घर में स्नान कर रहीं थीं, इसलिए उन्होंने उनकी मदद के लिए चण्डी को भेजा। जब देवी चण्डी दानवों से युद्ध के लिए गईं तो दानवों ने उनसे लड़ने के लिए चण्ड-मुण्ड को भेजा। तब देवी ने माँ कालरात्रि को उत्पन्न किया। तब देवी ने उनका वध किया जिसके कारण उनका नाम चामुण्डा पड़ा। इसके बाद उनसे लड़ने के लिए रक्तबीज नामक राक्षस आया। वह अपने शरीर को विशालकाय बनाने में सक्षम था और उसके रक्त (खून) के गिरने से भी एक नया दानव (रक्तबीज) पैदा हो रहा था। तब देवी ने उसे मारकर उसका रक्त पीने का विचार किया, ताकि न उसका खून जमीन पर गिरे और न ही कोई दूसरा पैदा हो।
माता कालरात्रि को लेकर बहुत सारे संदर्भ मिलते हैं। आइए हम उनमें से एक बताते हैं कि देवी पार्वती दुर्गा में कैसे परिवर्तित हुईं? मान्यताओं के मुताबिक दुर्गासुर नामक राक्षस शिव-पार्वती के निवास स्थान कैलाश पर्वत पर देवी पार्वती की अनुपस्थिति में हमला करने की लगातार कोशिश कर रहा था। इसलिए देवी पार्वती ने उससे निपटने के लिए कालरात्रि को भेजा, लेकिन वह लगातार विशालकाय होता जा रहा था। तब देवी ने अपने आप को भी और शक्तिशाली बनाया और शस्त्रों से सुसज्जित हुईं। उसके बाद जैसे ही दुर्गासुर ने दोबारा कैलाश पर हमला करने की कोशिश की, देवी ने उसको मार गिराया। इसी कारण उन्हें दुर्गा कहा गया।

**नवरात्रि में सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा का विधान है। ऐसी मान्यता है कि मां के इस स्वरूप की अराधना करने से व्यक्ति को सभी पापों से मुक्ति मिलती है और शत्रुओं का भी नाश हो जाता है। माता का रंग काला होने के कारण इन्हें कालरात्रि कहा गया है। इनके तीन नेत्र हैं। इनके हाथों में खड्ग और कांटा है। साथ ही इनका वाहन गधा है। मां दुर्गा का यह रूप बेहद आक्रामक व भयभीत करने वाला होता है। कहा जाता है कि इनकी पूजा से नकारात्मक शक्तियां दूर होती हैं।**

### ज्योतिषीय संदर्भ

ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार देवी कालरात्रि शनि ग्रह को नियंत्रित करती हैं। देवी की पूजा से शनि के बुरे प्रभाव कम होते हैं।
मंत्र- ऊं देवी कालरात्र्यै नमः

### प्रार्थना मंत्र

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्त शरीरिणी।
वामपादोल्लसल्लोह लताकण्टकभूषणा।
वर्धन मूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयङ्करी।

### स्तुति

या देवी सर्वभूतेषु माँ कालरात्रि रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।

### स्त्रोत

हीं कालरात्रि श्रीं कराली च क्लीं कल्याणी कलावती।
कालमाता कलिदर्पध्नी कमदीश कुपान्विता।
कामबीजजपान्दा कमबीजस्वरूपिणी।
कुमतिघ्नी कुलीनर्तिनाशिनी कुल कामिनी।
क्लीं ह्रीं श्रीं मन्त्रर्वणेन कालकण्टकघातिनी।
कृपामयी कृपाधारा कृपापारा कृपागमा।



नवरात्रि के आठवें दिन माँ महागौरी की पूजा की जाती है। माँ महागौरी अपने भक्तों की सभी इच्छाओं को पूरा करने के लिए जानी जाती हैं। उनके नाम का अर्थ है: महा - महान / अपार और गौरी - श्वेत। चूंकि वह रंग में काफी गोरी है, इसलिए उन्हें 'महागौरी' नाम मिला।

# माँ महागौरी
## नवरात्रि का आठवाँ दिन

देवी महागौरी की चार भुजाएँ हैं और वे वृषभ की सवारी करती हैं। वे दाहिने एक हाथ से अभय मुद्रा धारण की हुई हैं, वहीं दूसरे दाहिने हाथ में त्रिशूल है और बाएँ एक हाथ में डमरू तथा दूसरे बाएँ हाथ से वे वर मुद्रा में है।
पौराणिक मान्याताओं के अनुसार देवी पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए गर्मी, सर्दी और बरसात का बिना परवाह किए कठोर तप किया था जिसके कारण उनका रंग काला हो गया था। जब शिव जी ने उन्हें स्वीकार किया, तो उन्होंने गंगा नदी में अपने शरीर से सभी धूल और अन्य अशुद्धियों को साफ किया। तब, उनका असली रंग बाहर आ गया, जो बेहद सफेद था। इसलिए, उन्हें यह नाम 'महागौरी' मिला।
एक और मान्यता के अनुसार एक भूखा सिंह भोजन की तलाश में वहां पहुंचा जहां देवी ऊमा तपस्या कर रही होती है। देवी को देखकर सिंह की भूख बढ़ गई, लेकिन वह देवी के तपस्या से उठने का प्रतीक्षा करते हुए वहीं बैठ गया। इस प्रतीक्षा में वह काफी कमजोर हो गया। देवी जब तप से उठी तो सिंह की दशा देखकर उन्हें उस पर बहुत दया आ गई। उन्होने द्याभाव और प्रसन्ता से उसे भी अपना वाहन बना लिया क्योंकि वह उनकी तपस्या पूरी होने के प्रतीक्षा में स्वंय भी तप कर बैठा। कहते है जो स्त्री मां की पूजा भक्ति भाव सहित करती हैं उनके सुहाग की रक्षा देवी स्वंय करती हैं।
**मंत्र- ऊँ देवी महागौर्यै नमः**

### प्रार्थना मंत्र

श्वेते वृषेसमारूढा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेव प्रमोददा।

### स्तुति

या देवी सर्वभूतेषु माँ महागौरी रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।

### ध्यान मंत्र

वन्दे वाञ्छित कामार्थे चन्द्रार्धकृतशेखराम।
सिंहारूढा चतुर्भुजा महागौरी यशस्विनीम।
पूर्णन्दु निभाम् गौरी सोमचक्रस्थिताम
अष्टमम महागौरी त्रिनेत्राम।
वराभीतिकरां त्रिशूल डमरूधरां महागौरी भजेम।
पटाम्बर परिधानां मृदुहास्या नानालङ्कार भूषिताम।
मञ्जीर, हार, केयूर, किङ्किणि, रत्नकुण्डल मण्डिताम।
प्रफुल्ल वन्दना पल्लवाधरां कान्त कपोलाम त्रैलोक्य मोहनम।
कमनीयां लावण्यां मृणालां चन्दन गन्धलिप्ताम।

### स्त्रोत

सर्वसङ्कट हन्त्री त्वंहि धन ऐश्वर्य प्रदायनीम।
ज्ञानदा चतुर्वेदमयी महागौरी प्रणमाम्यहम।
सुख शान्तिदात्री धन धान्य प्रदायनीम।
डमरूवाद्य प्रिया अद्या महागौरी प्रणमाम्यहम।
त्रैलोक्यमङ्गल त्वंहि तापत्रय हारिणीम।
वददम चैतन्यमयी महागौरी प्रणमाम्यहम।

### कवच मंत्र

ऊँकारः पातु शीर्षो माँ, हीं बीजम माँ, हृदयो।
क्लीं बीजम सदापातु नभो गृहो च पादयो।
ललाटम कर्णो हुं बीजम पातु महागौरी माँ नेत्रम घ्राणो।
कपोत चिबुको फट् पातु स्वाहा माँ सर्ववदनो।

## नवरात्रि की अष्टमी और नवमी को ये ना खाएं

तिथियों का ज्ञान हमें ज्योतिष शास्त्र और पुराणों में मिलता है। किस तिथि में क्या खाना चाहिए और क्या नहीं इस संबंध में आयुर्वेद में भी उल्लेख मिलता है। नवरात्रि में व्रत रखा है तो कई घरों में सप्तमी, अष्टमी या नवमी को व्रत का समापन करते हैं। समापन के दौरान कई तरह के व्यंजन बनाते हैं। व्यंजन बनाते वक्त निम्नलिखित भोजन का ग्रहण करने से बचें। वैसे यह नियम सभी सप्तमी, अष्टमी और नवमी पर लागू होते हैं।
**अष्टमी** : अष्टमी के दिन नारियल खाना निषेध है, क्योंकि इसके खाने से बुद्धि का नाश होता है। इसके आवला तिल का तेल, लाल रंग का साग तथा कांसे के पात्र में भोजन करना निषेध है।
**नवमी** : नवमी के दिन लौकी खाना निषेध है, क्योंकि इस दिन लौकी का सेवन गौ-मांस के समान माना गया है। इस दिन कड़ी, पूरणपौल, खीर, पूरी, साग, भजिये, हलवा, कद्दू या आलू की सब्जी बनाई जा सकती है। नवमी के दिन दुर्गा सप्तशती का पाठ करके विधिवत समापन करें और कन्याओं को भोज कराएं।

## संक्षिप्त समाचार

### हॉस्टल के कमरे में लटका पाया गया आईआईटी गुवाहाटी का छात्र

**गुवाहाटी , एजेंसी।** आईआईटी-गुवाहाटी के दूसरे सेमेस्टर का एक छात्र अपने होटल के कमरे में मृत पाया गया। पुलिस ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। कामरूप के पुलिस अधीक्षक रंजन भुइयां ने कहा कि शव बुधवार को दिहिंग छात्रावास में उनके कमरे के अंदर लटका हुआ पाया गया। वहां से एक सुसाइड नोट भी मिला है। पुलिस अधीक्षक ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया, उन्होंने नोट में लिखा है कि उनकी मौत के लिए कोई जिम्मेदार नहीं है। प्रथम दृष्टया से ऐसा नहीं लगता कि इसमें कोई गड़बड़ी शामिल है। हालांकि, हम अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए अपनी जांच जारी रख रहे हैं। एसपी ने कहा कि पोस्टमार्टम और उचित कानूनी औपचारिकताओं के बाद शव को उसके माता-पिता के साथ उसके गृहनगर बिहार के समस्तीपुर भेज दिया गया है। मृतक छात्र की पहचान कंप्यूटर साइंस विभाग में पढ़ने वाले सौरभ के रूप में हुई है।

### वायनाड के मूलांकवु में लगी भीषण आग, चपेट में आए आसपास के इलाके



**वायनाड, एजेंसी।** केरल में वायनाड जिले के मूलांकवु में भीषण आग लगने की घटना सामने आई है। आग मूलांकवु के पास सुथान बाथरी के एक वन क्षेत्र में लगी है। समाचार एजेंसी एएनआई ने यह जानकारी दी है।

एएनआई के मुताबिक, आग बांस के पेड़ों में लगी, जिसके बाद आसपास के इलाकों में फैल गई। वहीं, आग लगने से कितने लोग हताहत हुए हैं, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। वहीं, आग बुझाने की कोशिश की जा रही है।

### चुनाव आयोग ने कश्मीरी प्रवासी मतदाताओं के लिए मतदान प्रक्रिया में संशोधन किया

**जम्मू, एजेंसी।** चुनाव आयोग ने गुरुवार को कश्मीरी प्रवासी मतदाताओं के विभिन्न संगठनों से फॉर्म-एम दाखिल करने में आ रही कठिनाइयों के बारे में ज्ञापन मिलने के बाद प्रवासी मतदाताओं के लिए मतदान प्रक्रिया में संशोधन किया है। चुनाव आयोग द्वारा गुरुवार को जारी एक आदेश में कहा गया है : सभी 22 मतदान केंद्रों (जम्मू में 21 और उधमपुर में 1) को शिविरों/क्षेत्रों में मैप किया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर क्षेत्र में कम से कम एक विशेष मतदान केंद्र हो। आदेश में कहा गया है, यदि प्रत्येक क्षेत्र में कई मतदान केंद्र हैं, तो जोनल अधिकारी मतदाताओं के प्रत्येक समूह के लिए दूरी/पहुंच की आसानी को ध्यान में रखते हुए ऐसे प्रत्येक मतदान केंद्र का इंट्रा-जोनल क्षेत्राधिकार निर्धारित करेंगे।आदेश में आगे उल्लेख किया गया है : फॉर्म-एम के साथ संलग्न प्रमाणपत्र को सत्यापित करने के लिए राजपत्रित अधिकारी की तलाश की परेशानी दूर करने के लिए इन फॉर्मों का स्व-सत्यापन पर्याप्त हो सकता है।

### बहुजन समाज को अपने बीच छिपे बहरूपियों से सावधान रहना होगा : आकाश आनंद

**मथुरा, एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद ने बहुजन समाज को अपने बीच छिपे बहरूपियों से सावधान रहने की सलाह दी है। बसपा मुखिया मायावती के भतीजे और पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद गुरुवार को मथुरा पहुंचे। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज को अपने ही बीच छिपे बहरूपियों से सावधान रहना होगा। ये आपके दुश्मन हैं, लेकिन, आप पर सीधा वार नहीं करेंगे। ये बहुत समझदार हैं, जो आपके बीच में रहते हुए बहनजी का विरोध करते हैं और दूसरी पार्टी के नेताओं की प्रशंसा करते हैं, ऐसे बहरूपियों को पहचानने की जरुरत है। ऐसे लोग कहेंगे कि बहनजी तो उम्र में बढ़ चुकी हैं, अपने लोगों से दूर हो गई हैं।

# दिल्ली में लगने जा रहा राष्ट्रपति शासन, आप का बड़ा दावा

**बताए 5 संकेत**

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
अरविंद केजरीवाल के कथित शराब घोटाले में जेल जाने के बाद सबसे बड़ी मुश्किलों से घिरी आम आदमी पार्टी ने बड़ा दावा किया है। आम आदमी पार्टी ने शुक्रवार को दावा किया कि दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगने जा रहा है। केजरीवाल सरकार की मंत्री और पार्टी की बड़ी नेता आतिशी ने कहा है कि उन्हें विश्वसनीय सूत्रों से यह जानकारी मिली है। आतिशी ने 5 ऐसे संकेत भी गिनाए जिन्हें वह राष्ट्रपति शासन के लक्षण के रूप में देख रही हैं। उन्होंने कहा है कि दिल्ली की सरकार को गिराने के लिए यह दिखाने का प्रयास किया जा रहा है कि संवैधानिक संकट उत्पन्न हो गया है।

शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दिल्ली सरकार की ताकतवर मंत्री आतिशी ने दावा किया कि केजरीवाल सरकार को गिराने और राष्ट्रपति शासन लगाने की की बहुत बड़ी साजिश हो रही है। उन्होंने कहा, दिल्ली की चुनी हुई सरकार के खिलाफ एक बहुत बड़ा राजनीतिक साजिश रचा जा रहा है। हमें विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि आने वाले कुछ दिनों में केंद्र सरकार दिल्ली में राष्ट्रपति



शासन लगाने वाली है। इसके कई संकेत पिछले कुछ दिनों से दिख रहे हैं। दिल्ली में अफसरों की पोस्टिंग नहीं की ज रही है। दूसरी बात दिल्ली के अंदर कई विभाग में पद खाली है, लेकिन वहां पर किसी अफसर की तैनाती नहीं की जा रही है। तीसरी बात, एलजी साहब पिछले एक सप्ताह से गृहमंत्रालय को बिना किसी कारण बार-बार चिट्ठी लिख रहे हैं। कहते हैं कि मंत्री मीटिंग में नहीं आ रहे हैं। चौथा, दिल्ली सरकार में तैनात अफसरों ने आदर्श आचार संहिता का हवाला देकर बैठकों में शामिल होने बंद कर दिया है। आखिरी चीज, एक 20 साल पुराने केस का बहाना बनाकर दिल्ली के मुख्यमंत्री के निजी सचिव को बर्खास्त कर दिया गया।

उन्होंने कहा कि भाजपा दिल्ली में चुनाव नहीं जीत सकती है, इसलिए साजिश के तहत केजरीवाल की सरकार गिराने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने केजरीवाल सरकार की लोकप्रियता और कामकाज का हवाला देते हुए कहा ,केजरीवाल को झूठे आरोपों के तहत केंद्र सरकार ने गिरफ्तार किया है। क्योंकि भाजपा यह जानती है कि दिल्ली के लोग केजरीवाल को पसंद करते हैं और आम आदमी पार्टी को ही वोट देते हैं। भाजपा को पता चल गया है कि दिल्ली में चुनाव नहीं जीत सकते हैं, इसलिए चुनी हुई सरकार को गिराने की कोशिश में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार के कामकाज की वजह से उनकी सरकार गिराने की साजिश रची जा रही है।

गैर कानूनी होगा, गैर संवैधानिक होगा। दिल्ली की जनता के जनादेश के खिलाफ होगा। दिल्ली की जनता ने केजरीवाल को स्पष्ट जनादेश दिया है। 17 फरवरी को कॉन्फिडेंस मोशन लाकर अरविंद केजरीवाल सरकार ने अपना बहुमत साबित किया है। यह साफ है कि संविधान के तहत किसी सरकार को बहुमत होते हुए राष्ट्रपति शासन नहीं लगाया जा सकता है। 2016 नें जब उत्तराषंड में राष्ट्रपति शासन लगाया गया तो हाई कोर्ट ने फ्लोर टेस्ट का आदेश दिया था और बहुमत साबित होने के बाद राष्ट्रपति शासन के आदेश को खारिज कर दिया था। केजरीवाल सरकार के पास प्रचंड बहुमत है। यदि भाजपा राजनीतिक साजिश की कोशिश करती है तो वह गैर कानूनी और जनता के जनादेश के खिलाफ होगा।

## हवन करने को लेकर भिड़े दो नेता, जमकर हुई तू-तू मैं-मैं; पुलिस के आने पर शांत हुआ मामला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गाजियाबाद की विजय मंडी कॉलोनी के पास भाजपा प्रत्याशी के कार्यालय का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। इस दौरान हवन करने को लेकर दो नेताओं में तू-तू, मैं-मैं हो गई। वहां पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने दोनों पक्षों को शांत कराया। सूचना पर थानाप्रभारी भी पुलिस फोर्स के साथ पहुंच गए थे। बताया जा रहा है कि भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के कार्यालय में हवन चल रहा था। वहां भाजपा से बागी होकर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष का चुनाव लड़ने वाली रेखा अरोड़ा के पति राधेकिशन आहुति दे रहे थे। इसी बीच महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल पहुंच गए। बताया जा रहा है कि गोपाल अग्रवाल ने हवन में राधेश्याम किशन अरोड़ा के बैठने पर आपत्ति जताई। इसको लेकर दोनों के बीच बहस हो गई। काफी देर तक दोनों एक-दूसरे को उलझे रहे। एसीपी का कहना है कि जब पुलिस पहुंची तो मामला शांत हो चुका था। तहरीर नहीं आई है। समाजसेवी राधेकिशन अरोड़ा ने कहा, मैं दिल से भाजपा कार्यकर्ता हूं। बुलावे पर कार्यालय पहुंचा था। वहां मुझे हवन में बैठाया गया। एक व्यक्ति ने उल्टा सीधा कहा। ऐसी बात होती रहती है। महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल ने कहा, भाजपा के सीनियर नेता पीछे बैठे थे। बागी होकर चुनाव लड़ने वाले हवन में बैठे थे। मैंने उन्हें पीछे बैठने को कहा। इस पर वह भड़क गए। कोई बड़ी बात नहीं हुई है। वहीं भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा, मंडल अध्यक्ष को पीछ बैठाने को लेकर मामूली कहासुनी हुई थी। दोनों को समझा-बुझाकर शांत कराकर गला लगवा दिया। इस बात को अन्य लोग हवा दे रहे हैं। कार्यकर्ताओं के बीच कोई मनमुटाव नहीं है। गाजियाबाद सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। इसके लिए नगर निगम बूथ तैयार करने में जुट गया है, ताकि मतदान वाले दिन मतदाताओं को किसी तरह की कोई परेशानी न हो। गाजियाबाद सीट पर प्रत्याशियों के नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

## हमीरपुर में भाजपा को बड़ा झटका, कई नेताओं ने कांग्रेस का दामन थामा

**हमीरपुर, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में भाजपा को गुरुवार को उस वक्त बड़ा झटका लगा, जब यहां की नगर परिषद के अध्यक्ष मनोज मिन्हास, उनकी पत्नी निशा मिन्हास और वार्ड नंबर-2 से पार्षद राजकुमार ने कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया। मिन्हास काफी समय से भाजपा से नाराज चल रहे थे। उन्हें राज्य के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पटका पहनाकर कांग्रेस की सदस्यता दिलाई।

मुख्यमंत्री ने दिलवाई कांग्रेस की सदस्यता

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मनोज, उनकी पत्नी निशा और राजकुमार को सेरा रेस्ट हाउस में कांग्रेस की सदस्यता दिलवाई और तीनों का पार्टी में स्वागत किया। सीएम ने कहा कि उन्हें पार्टी में उचित स्थान दिया जाएगा। इस मौके पर मिन्हास ने मुख्यमंत्री के 15 महीने के कार्यकाल को सराहनीय बताया।

कांग्रेस में शामिल होने के बाद मिन्हास ने कहा कि सरकार जनहित में काम कर रही है। कांग्रेस के छह बिकाऊ विधायक जनता का नहीं, निजी विकास चाहते थे। उन्होंने प्रदेश के विकास को सर्वोपरि नहीं माना। जनता ने उन्हें पांच साल के लिए चुनकर भेजा था, लेकिन वह 14 महीनों में ही लोगों से दगा कर गए। उनकी वजह से हो रहे उपचुनाव से करोड़ों रुपए का अतिरिक्त बोझ जनता पर पड़ेगा।


मनोज मिन्हास ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हमीरपुर शहर के विकास को गति देंगे। वर्षों से रुके कामों को तेज गति से सिरे चढ़ाया जाएगा।

उधर सीएम सुक्खू ने कहा कि हमीरपुर शहर के विकास को मुख्य प्राथमिकता दें। शहर का स्वरूप बदलने के लिए कार्य करें। प्रदेश सरकार ने शहर के सौंदर्यीकरण एवं बिजली की तारों को भूमिगत करने के लिए करोड़ों रुपए का बजट जारी किया है, उसका पूरा सदुपयोग करें। शहर के लोगों को कांग्रेस सरकार के कार्यों से अवगत करवाएं। साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि हमीरपुर जिले में विकास के नए आयाम स्थापित करने के लिए दिन-रात कार्य किए जाएंगे।

# गौर चौक पर बनेगा अंडरपास; हजारों लोगों को मिलेगा फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सबसे बड़े चौराहे गौर चौक (किसान चौक) पर अंडरपास का निर्माण जल्द शुरू होने की उम्मीद है। इसके लिए प्राधिकरण ने सर्वेक्षण पूरा करा लिया है। अब रूट डायवर्जन का चार्ट तैयार किया जा रहा है। जल्द ही प्राधिकरण की टीम यातायात डीसीपी के साथ बैठक कर रूट डायवर्जन की रिपोर्ट तैयार करेगी। इस अंडरपास को बनाने में 93 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में आबादी तेजी से बढ़ रही है। यहां के सबसे व्यस्त चौराहे पर यातायात का दबाव भी बढ़ रहा है। जाम की समस्या न हो, इसके लिए अस्थायी विकल्प के तौर पर चौराहे के दोनों तरफ दो यूटर्न बने हैं। गौर सिटी की तरफ से सूरजपुर या नोएडा को जाने वाले वाहन 130 मीटर रोड पर बने यूटर्न से होकर गुजरते हैं। इसी तरह 130 मीटर रोड या सूरजपुर की तरफ से गौर सिटी और प्रताप विहार को जाने वाले वाहन नोएडा की तरफ बने यूटर्न



से होकर जाते हैं। इसके स्थायी समाधान कराने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सरकारी सलाहकार एजेंसी राइट्स से इस चौराहे का सर्वेक्षण कराया है।

कंपनी ने अंडरपास निर्माण से पहले वहां पर आईजीएल लाइन, पेड़, फुटपाथ समेत अन्य बिंदुओं पर रिपोर्ट तैयार कर प्राधिकरण को सौंपकर यहां अंडरपास बनाने का सुझाव दिया। यह अंडरपास चौराहे पर 130 मीटर रोड को क्रॉस करते हुए 60 मीटर रोड के समानांतर बनेगा, यानी प्रताप विहार से सूरजपुर, ग्रेटर नोएडा के बीच वाहन अंडरपास से होकर गुजरेंगे। यूटर्न तक जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे समय और ईंधन दोनों की ही बचत होगी। इसके निर्माण में करीब दो साल लगने का अनुमान है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कुल आठ जगहों पर फुटओवर ब्रिज बनवा रहा है, जिसमें से एक मूर्ति गोलचक्कर पर बनकर तैयार हो गया है। बाकी सात फुटओवर ब्रिज सूरजपुर-कासना रोड पर कैलाश अस्पताल के सामने, गामा शापिंग कॉम्पलेक्स के सामने, ओमेगा शापिंग कॉम्पलेक्स, दुर्गा टॉकीज जंक्शन, कलेक्ट्रेट के सामने, निराला एस्टेट टाउनशिप के सामने और सुपरटेक इकोविलेज के सामने बनने हैं। इनको पीपीपी मॉडल पर बनाया जाएगा।

लोगों ने प्राधिकरण को ग्रेनो वेस्ट में तीन स्थानों पर एफओबी बनाने का सुझाव दिया है। प्राधिकरण इसको लेकर विचार कर रहा है। ये एफओबी गौर सिटी, शाहबेरी और ऐस सिटी हनुमान मंदिर के पास बनेंगे। इनके बनने से पैदयात्रियों को राहत मिलेगी। इसको लेकर बीते दिनों नफोवा के सदस्यों ने प्राधिकरण पहुंचकर धरना-प्रदर्शन भी किया था। इसके बाद इस सुझाव पर प्राधिकरण ने काम करना शुरू कर दिया है।

## भारतीय वायु सेना बनी देवदूत, घायल जवान का हाथ बचाने के लिए चलाया एयरलिफ्ट ऑपरेशन

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
एक भारतीय सेना के जवान ने मशीन चलाते समय अपना हाथ गंवा दिया। जवान के साथ यह हादसा लद्दाख में एक फॉरवर्ड यूनिट स्थान पर मशीनरी का संचालन करते समय हुआ। इस हादसे के बाद भारतीय वायु सेना देवदूत बनकर सामने आई और समय रहते हुए जवान को एयरलिफ्ट ऑपरेशन कर बचा लिया। एयरलिफ्ट ऑपरेशन कर घायल जवान की राष्ट्रीय राजधानी में



चिकित्सा कर्मियों की एक टीम द्वारा सफल सर्जरी की गई है। अब जवान का हाथ ठीक है और स्वस्थ हो रहा है। वायुसेना ने इस हादसे की जानकारी सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर दी। वायुसेना ने कहा, एक भारतीय सेना के जवान ने फॉरवर्ड यूनिट क्षेत्र में स्थित एक इकाई में मशीन चलाते समय अपना हाथ काट लिया। उसके उपांग को बचाने के लिए आपातकालीन सर्जरी के लिए 6 से 8 घंटे का समय दिया गया था। विमान को एक घंटे के भीतर भेजा गया और जवान को सर्जरी के लिए दिल्ली के आर एंड आर अस्पताल में ले भर्ती कराया गया। पोस्ट में आगे लिखा है, भारतीय वायुसेना द्वारा लद्दाख सेक्टर से एनवीजी पर अंधेरी रात में एयरलिफ्ट के कारण घायल कर्मियों को तुरंत चिकित्सा सहायता मिली। चिकित्सा कर्मियों की एक समर्पित टीम ने सफल सर्जरी की और जवान अब ठीक होने की राह पर है।

## आरटीआई के अधीन सभी स्कूलों का पाठ्यक्रम हो समान, एनसीपीसीआर ने सभी प्रमुख सचिवों को लिखा पत्र

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने कहा कि शिक्षा का अधिकार (आरटीई) कानून के तहत आने वाले सभी विद्यालयों में पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तकों और मूल्यांकन विधियों में एकरूपता सुनिश्चित की जानी चाहिए। इस संबंध में एनसीपीसीआर ने सभी प्रमुख सचिवों और स्कूली शिक्षा के सचिवों को पत्र लिखा है।

आयोग ने अपने पत्र में आरटीई अधिनियम, 2009 की धारा 29 के अनुपालन का महत्व बताया और कहा कि यह धारा विशेष रूप से प्रारंभिक शिक्षा के लिए पाठ्यक्रम और मूल्यांकन प्रक्रियाओं की रूपरेखा तैयार करती है। आयोग ने नौ अप्रैल को लिखे पत्र में विस्तृत सिफारिशों में अकादमिक अधिकारियों, विशेष रूप से केंद्रीय स्तर पर राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) और राज्य स्तर पर संबंधित राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषदों (एससीईआरटी) द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम



दिशानिर्देशों को सख्ती से लागू करने की आवश्यकता पर जोर दिया। आयोग ने आरटीई के तहत आने वाले सभी केंद्रीय विद्यालयों और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से संबद्ध संस्थानों सहित सभी स्कूलों में पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तकों और मूल्यांकन विधियों में एकरूपता सुनिश्चित करने को कहा है। एनसीपीसीआर ने इन सिफारिशों को अमल में लाने को स्कूलों के लिए 30 दिन की समय सीमा निर्धारित की है।

# भूमाफियाओं का कारनामा, हिंडन के डूब क्षेत्र में काटी कॉलोनी; अवैध प्लॉटों की रजिस्ट्री भी कराई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा में भूमाफिया ने तहसील के उपनिबंधक (डिप्टी रजिस्ट्रार) की मिलीभगत से हिंडन नदी के डूब क्षेत्र के अवैध प्लॉटों की रजिस्ट्री कर दी। इस मामले में निवेशकों ने छह नामजद और कुछ अज्ञात के खिलाफ सेक्टर ईकोटेक-3 थाने में केस दर्ज कराया है। इनमें भूमाफिया, उपनिबंधक और अधिवक्ता भी शामिल है।

सेक्टर ईकोटेक-3 कोतवाली प्रभारी के मुताबिक निशा रानी, ललिता देवी, रामजी सिंह, मीना देवी, प्रमिला कुमारी, राम कैलाश सिंह और अवधेश कुमार को करीब दस वर्ष पहले पता चला कि जलपुरा गांव की जमीन पर अक्षरधाम पार्ट-2 के नाम से कॉलोनी बसाई जा रही है। सभी ने कॉलोनी में प्लाटिंग करने वाले श्याम चरण मिश्रा से संपर्क किया। उसने सभी को सस्ती दरों पर प्लॉट मुहैया कराने का झांसा दिया। पीड़ितों ने कॉलोनी में अपने प्लॉट



बुक कर दिए और इसके लिए भुगतान कर दिया। इसके बाद सभी निवेशकों को दादरी तहसील में रजिस्ट्री के लिए बुलाया गया। निवेशकों के पक्ष में अधिवक्ता संदीप शर्मा द्वारा बैनामा कर दिया गया। इसके बाद पीड़ितों से कहा गया कि वह उनके प्लॉट पर चारदीवारी और मिट्टी का भराव करके देंगे। इसके लिए उनसे दो-दो लाख रुपये लिए गए। करीब डेढ़ साल बाद पीड़ित निवेशक अपने प्लॉट देखने पहुंचे तो वहां खाली जमीन थी।

पीड़ितों ने बताया कि वहां उन्हें दो लोग मिले, जिन्होंने खुद को जमीन का मालिक बताया। उन्होंने कहा कि श्याम चरण मिश्रा द्वारा उन्हें जमीन का पूरा भुगतान नहीं दिया गया है। इसकी शिकायत लेकर पीड़ित दादरी तहसील पहुंचे और एसडीएम से भी मुलाकात की। एसडीएम ने बताया कि जलपुरा का खसरा संख्या 585 डूब क्षेत्र का भाग है, जिसकी रजिस्ट्री पर रोक लगी है।

पुलिस ने पीड़ित निवेशकों की शिकायत पर श्यामा चरण मिश्रा, जगदेव गिरी, प्रमोद गिरी, मुकेश मिश्रा, संदीप शर्मा, तहसील के तत्कालीन उपनिबंधक ओपी सिंह समेत अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ितों के मुताबिक इस गिरोह ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा में सस्ती दरों पर प्लॉट दिलाने के नाम पर 100 से अधिक लोगों से करोड़ों की ठगी की है। ठगी में तत्कालीन उपनिबंधकों ने आरोपियों का पूरा साथ दिया और फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराई।

इस भूमाफिया गैंग के खिलाफ ठगी का शिकार बने 17 लोगों ने पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह को शिकायत पत्र दिया था। जांच के बाद पुलिस ने सरगना श्याम चरण मिश्रा, दलवीर, मुकेश मिश्रा, सरिता मिश्रा, धर्मेंद्र, अंजू, अधिवक्ता संदीप शर्मा, नोएडा मध्य के तत्कालीन उपनिबंधक-2 जेएन सिंह, तहसील दादरी के तत्कालीन उपनिबंधक ओपी सिंह, उपनिबंधक नरेंद्र कुमार जैसल, उपनिबंधक प्रदीप जैन, खलील और उस्मान पर केस दर्ज किया था।

## कर्नाटक में अब तक 146 करोड़ की शराब, 45.67 करोड़ की नकदी जब्त

**बेंगलुरु , एजेंसी।** चुनाव आयोग स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए सख्ती बरत रहा है। आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन कराने के लिए आयोग के निर्देश पर नकदी, शराब और मतदाताओं को प्रलोभित करने वाले साधनों पर शिकंजा कसा जा रहा है। कर्नाटक में 16 मार्च को आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 146 करोड़ मूल्य की शराब और 45.67 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की जा चुकी है। 26 अप्रैल और सात मई को आम चुनाव होना है। कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने बताया कि उड़नदस्तों, निगरानी दलों और पुलिस की टीमों ने 45.67 करोड़ की नकदी, 9.70 करोड़ मूल्य के मादक पदार्थ, 10.81 करोड़ का सोना और 7.73 करोड़ रुपये की मुफ्त में बांटे जाने वाला सामान जब्त किया है।

# यह ऐसा दिन था जब सभी चीजें मेरे पक्ष में रहीं: बुमराह



**मुंबई, एजेंसी।** एक ऐसे मैच में, जिसमें सभी 12 गेंदबाजों का इकॉनमी रेट 7.00 से अधिक था और उनमें से 10 का इकॉनोमी रेट 10 से भी अधिक था, वहीं मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने मात्र 5.25 रन प्रति ओवर की दर से रन दिए। गुरुवार रात को वानखेड़े स्टेडियम में आईपीएल 2024 के 25वें मैच में बुमराह के 5-21 के शानदार आंकड़े के साथ, मुंबई इंडियंस ने आरसीबी को 27 गेंद शेष रहते हुए सात विकेट से हरा दिया। इस मुकाबले में बुमराह की सफलता अधिक प्रशंसनीय थी।

आईपीएल 2022 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ (5-10 ) के बाद गुरुवार का (5-21) बुमराह का टूर्नामेंट में दूसरा सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रयास था, जिसने इस सीज़न उनके नाम पांच मैचों में कुल 10 विकेट हो चुके हैं, जिससे 30 वर्षीय को पर्पल कैप मिली। अपनी दमदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए बुमराह ने कहा कि उनकी सफलता का कारण यह है कि वह गेंदबाजी करते समय सिर्फ एक ट्रिक या किसी एक चीज पर फोकस नहीं करते हैं। यह दावा करते हुए कि खेल के सबसे छोटे प्रारूप में गेंदबाजी करना बहुत कठिन है, तेज गेंदबाज ने कहा कि वह पिछले मैच में अपने प्रदर्शन को देखने के बाद नियमित रूप से अपनी विविधताओं की योजना बनाते हैं, अपनी गेंदों को बेहतर बनाने पर काम करते हैं।

बुमराह ने कहा, मैं कभी नहीं कहूंगा कि मैं पांच विकेट लेना चाहता था। विकेट मुश्किल थी और मैं योगदान से बहुत खुश हूं। इस प्रारूप में, यह गेंदबाजों के लिए बहुत कठिन है। मैं किसी एक चीज या ट्रिक पर फोकस नहीं करता। मैं अलग-अलग कौशल चाहता हूं। बुमराह के शानदार स्पैल का अंत छक्के के साथ हुआ। 3.5 ओवर में केवल 15 रन देकर पांच विकेट ले चुके बुमराह को दिनेश कार्तिक ने छक्का लगाया और उनके आंकड़े चार ओवर में 21 रन देकर पांच विकेट हो गए। कोई भी गेंदबाज़ टी20 क्रिकेट में और एक ऐसी पारी में जहां 196 रन बने हों इस आंकड़े को खुशी-खुशी स्वीकार करेगा, लेकिन बुमराह इससे भी निराश थे। बुमराह ने कहा, अच्छा दिन था।

ये उन दिनों में से एक था जब मैं जो कुछ भी आजमा रहा था वो सब काम कर रहा था। अपनी अंतिम गेंद से थोड़ा निराश हूं, लेकिन टी20 क्रिकेट तो ऐसे ही चलता है। बुमराह ने अपने प्लान के बारे में कहा, पहला ओवर होने के बाद मैंने देखा कि नबी भाई की गेंद ग्रिप कर रही थी तो मुझे लगा कि शुरुआत में यह सपाट पिच नहीं होने वाली है। ओस पड़ने के बाद मुझे लगा था कि लेंथ गेंद अच्छी साबित होगी। उसको दिमाग़ में रखते हुए मैं अपनी ताकत पर अड़े रहना चाहता था। मैं अच्छी हार्ड लेंथ फेंकना चाहता था और आज वह काम आया। पारी के तीसरे और अपने पहले ओवर में ही बुमराह ने विराट कोहली को इशान किशन के हाथों कैच कराया था। इसके बाद बुमराह को सीधे 11वें ओवर में लाया गया क्योंकि फ़ाफ़ डुप्लेसी और रजत पाटीदार दोनों अर्धशतक की ओर बढ़ रहे थे।

उस ओवर में बुमराह ने केवल चार रन दिए और फिर उन्हें सीधे 17वें ओवर में बुलाया गया। इस ओवर में डुप्लेसी को कैच आउट कराने के साथ अगली गेंद पर महिपाल लोमरोर को यॉर्कर पर पगबाधा आउट करते हुए बुमराह ने फिर केवल चार रन खर्च किए। लंबे समय के लिए आक्रमण से हटाए जाने और वापस आकर विकेट लेने के सवाल पर बुमराह ने कहा, मैं 11 सालों से यही कर रहा हूं तो अब आदत हो चुकी है कि परिस्थिति के हिसाब से तैयार रहूं। आप अपने अनुभव का इस्तेमाल करते हैं और निगाह रखते हैं कि मैच किधर जा रहा है। ओस पड़ने के बाद विकेट सेट हो गया और गेंद स्किड करने लगी। आप मैच में शामिल होना और दूसरों की मदद करना चाहते हैं।

## कप्तान ने हार के लिए सिराज एंड कंपनी को ठहराया कसूरवार, हार्दिक ने बुमराह-सूर्या की तारीफ की

**मुंबई, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसिस को लगता है कि उनकी टीम के गेंदबाजी विभाग में ज्यादा आक्रामकता नहीं है और इसलिए बल्लेबाजों को आईपीएल में आगे बढ़ने के लिए इस कमजोरी की भरपाई करनी होगी। आरसीबी को गुरुवार को छह मैचों में पांचवीं हार का सामना करना पड़ा। यह उनकी लगातार चौथी हार रही। डुप्लेसिस ने मैच के बाद कहा, बल्लेबाजी के नजरिए से मुझे लगता है कि हमें 200 रन बनाने होंगे। हमारी गेंदबाजी में उतनी धार नहीं है, तो पूरी जिम्मेदारी बल्लेबाजों पर आ जाती है।

उन्होंने कहा, गेंदबाजी के लिहाज से देखा जाए तो हमारे पास उतनी



मजबूती नहीं है। हमें पावरप्ले में दो या तीन विकेट गिराने होंगे। डुप्लेसिस ने मुंबई इंडियंस से सात विकेट की हार के बाद कहा, हमें लगता है कि पहले चार ओवर के बाद हम बैकफुट पर ही रहते हैं. डुप्लेसिस का मानना है कि आरसीबी जीत के स्कोर से कुछ रन दूर था क्योंकि ओस ने दूसरी पारी में बड़ी भूमिका निभाई।

हमारी गेंदबाजी अच्छी नहीं हुई

डुप्लेसिस ने कहा- इस हार को पचाना बेहद मुश्किल है। मैदान गीला था। किसी भी तरह टॉस जीतना अच्छा होगा। मुंबई इंडियंस को श्रेय जाता है कि उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया और हमारे गेंदबाजों ने काफी गलतियां कीं। मुंबई से जो भी बल्लेबाजी के लिए आया, उसने काफी अच्छे शॉट्स लगाए। हमने इसके बारे में (ओस) बात की। हमें पता था कि ओस बड़ी भूमिका निभाएगी। हमें 215-220 रन चाहिए थे। 190 रन काफी नहीं थे।

## बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध से हटाए जाने और रणजी ट्रॉफी विवाद पर ईशान किशन ने तोड़ी चुप्पी, कही यह बात

**मुंबई , एजेंसी।** आईपीएल 2024 के 25वें मैच में मुंबई इंडियंस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को सात विकेट से हरा दिया। ईशान ने 34 गेंद में 69 रन बनाकर मुंबई को 197 रनों के लक्ष्य का पीछा करने में मदद की। मैच के बाद मीडिया से बात करते हुए ईशान ने आईपीएल शुरू होने से कुछ हफ्ते पहले हुए विवादों पर से पर्दा हटाया। दरअसल, ईशान को बीसीसीआई ने केंद्रीय अनुबंध से हटा दिया था।

साथ ही बीसीसीआई की चेतावनी के बावजूद वह रणजी ट्रॉफी नहीं खेले थे। ऐसे में भारतीय टीम में उनका भविष्य सवालों के घेरे में था। ईशान मानसिक थकान के कारण दक्षिण अफ्रीका सीरीज बीच में छोड़कर वापस लौट गए थे। इसके बाद न तो अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज और न ही इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए खुद को उपलब्ध बताया था। ऐसे में मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने ईशान को भारतीय टीम में वापसी के लिए रणजी ट्रॉफी खेलने की सलाह दी थी। हालांकि, ईशान ने इसकी अनदेखी की और कप्तान हार्दिक पांड्या के साथ आईपीएल की तैयारी करने



का फैसला किया। बीसीसीआई ने फिर ईशान के साथ-साथ श्रेयस अय्यर को बीसीसीआई के वार्षिक अनुबंध से बाहर कर दिया था। अब इस पूरे विवाद पर ईशान किशन ने बयान दिया है। उन्होंने कहा, मैं अभ्यास कर रहा था। जब मैंने खेल से थोड़ा खुद के लिए समय निकाला तो लोग काफी बातें कर रहे थे। सोशल मीडिया पर कई बातें आईं, लेकिन आपको यह भी महसूस करना चाहिए कि कई चीजें खिलाड़ियों के हाथ में नहीं होती हैं। ब्रेक के दौरान ईशान की मानसिकता में बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने खेल के प्रति अपने दृष्टिकोण में बदलाव किया है। इसमें खास तौर पर करियर में सबकुछ बिगड़ जाने पर खुद को कैसे संभाला जाए, वह भी सीखा है। ईशान ने कहा, केवल एक चीज जो आप कर सकते हैं, वह है समय का सही उपयोग।

साथ ही यह कि इस खास स्थिति में अगर पिछला वाला ईशान किशन होता तो उसकी मानसिकता क्या होती। मैं पहले दो ओवरों में कभी भी गेंद नहीं छोड़ता था।

### एक टीम के रूप में कैसे खेलना है, यह मैंने सीखा

ईशान ने कहा- अब समय के साथ मैंने सीखा है कि 20 ओवर भी बड़ा मैच है। आप अपना समय ले सकते हो और आप आगे बढ़ सकते हो। भले ही हम मैच हार गए हों, लेकिन हम एक टीम के रूप में मिलकर काम करना चाहते हैं। मेरे अंदर बदलाव आए हैं जैसे कि अगर मैं प्रदर्शन नहीं कर रहा हूं और अगर मुझे पता है कि कोई और प्रदर्शन नहीं कर रहा है, तो मैं उनसे बात करता हूं।

17 गेंदों में अर्धशतक जड़ने के बाद सूर्या ने कहा...

## चीजे ट्रैक पर थी बस थोड़ा समय लगा

**मुंबई, एजेंसी।** रोहित शर्मा और इशान किशन ने वानखेड़े स्टेडियम में आरसीबी के खिलाफ 101 रनों की शुरुआती साझेदारी के साथ मुंबई इंडियंस के लिए घरेलू दर्शकों के सामने जीत आसान कर दी। ओपनिंग साझेदारी के बाद सूर्यकुमार यादव ने 17 गेंदों में तूफानी अर्धशतक बनाकर एमएआई फैंस का रोमांच डबल कर दिया। इन पारियों के दम पर मेजबान टीम को 197 रन का लक्ष्य केवल 15.3 ओवर में हासिल करने में मदद मिली।

सूर्यकुमार ने अपने आईपीएल इतिहास में एमआई के लिए संयुक्त रूप से दूसरी सबसे तेज फिफ्टी लगाई है, टखने की चोट और स्पोर्ट्स हर्निया सर्जरी के कारण लंबी छुट्टी के बाद फॉर्म में वापसी पर संदेह को खारिज करते हुए, बल्लेबाज ने कहा कि वह हमेशा अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए ट्रैक पर थे, जिसमें थोड़ा समय जरूर लगा। सूर्या ने कहा, मैं पहले से ही उन शॉट्स के बारे में सोचता हूं जो मैं खेलता हूं, क्योंकि मैंने नेट के दौरान उन सभी का अभ्यास किया है। मैं यह सुनिश्चित करने की कोशिश करता हूं कि मैं खेल की स्थिति के अनुसार बल्लेबाजी करूं। जब भी मैं बल्लेबाजी करने जाता हूं, मैं हमेशा यह देखने की कोशिश करता हूं कि मैं खेल को कैसे बदल सकता हूं और अपनी क्षमताओं से इसे कैसे नियंत्रित कर सकता हूं। अगर मैं सफल होता हूं, तो बहुत अच्छा, अगर मैं नहीं करता हूं, तो मैं अगले मैच में फिर से कोशिश करूंगा। मुझे लगता है कि ट्रेन हमेशा पटरी पर थी, बस चलने में थोड़ा समय लगा। सूर्यकुमार ने जियोसिनेमा से कहा, यह ठीक है, हम वापस आ रहे हैं और हमने अपनी लय हासिल कर ली है। वानखेड़े में लगातार दो मैच जीतकर बहुत अच्छा लग रहा है। इससे हमें काफी आत्मविश्वास मिला है और टीम का माहौल भी बेहतर हुआ है। लगातार दो घरेलू जीत के साथ, एमआई रविवार शाम को वानखेड़े स्टेडियम में गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स की मेजबानी करेगा।



भारतीय कुश्ती में फिर बखेड़ा

## विनेश फोगाट ने डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष पर लगाए संगीन आरोप

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रेसलर विनेश फोगाट एक बार फिर सुर्खियों में है. विनेश ने आरोप लगाया है कि कि भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह उन्हें हर हालत में पेरिस ओलंपिक 2024 में खेलने से रोकना चाहते हैं. विनेश को अपने खिलाफ डोपिंग की साजिश रचे जाने का भी डर है.

विनेश को डर सता रहा है कि मैच के दौरान उन्हें पानी में कुछ मिला कर पिलाया जा सकता है. पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से लेकर 11 अगस्त तक खेला जाना है. 29 वर्षीय विनेश फोगाट ने 2019 और 2022 की वर्ल्ड चैम्पियनशिप के दौरान 53 किलो में कांस्य और एशियाई खेलों (2018) में 50 किलो

डोपिंग की साजिश का सताया डर



में स्वर्ण पदक जीता था. विनेश अगले सप्ताह किर्गिस्तान के बिश्केक में होने वाले एशियाई क्वालिफाइंग टूर्नामेंट के जरिए 50 किलो भारवर्ग में ओलंपिक कोटा हासिल करना चाहती हैं.

विनेश ने हाल ही में पटियाला में आयोजित चयन ट्रायल के दौरान 50 के अलावा 53 किलो भारवर्ग में भी भाग लिया था. 53 किलो भारवर्ग के सेमीफाइनल में वह हार गई थीं. मगर 50 किग्रा वेट कैटेगरी में जीत के चलते विनेश को एशियन ओलंपिक क्वालिफायर के लिए एंट्री मिल गई थी. उन्होंने 50 किग्रा वेट कैटेगरी के फाइनल में शिवानी को हराया था.

## स्वर्ण विजेता को... विश्व एथलेटिक्स के 41 लाख रुपये देने की घोषणा पर नीरज चोपड़ा की प्रतिक्रिया

**पेरिस, एजेंसी।** स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने विश्व एथलेटिक्स के पेरिस ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले सभी एथलीट को 50,000 डॉलर (करीब 41.60 लाख रुपये) का पुरस्कार देने के फैसले की प्रशंसा की। उन्होंने यह भी कहा कि वह चाहेंगे कि अन्य वैश्विक प्रतियोगिताओं में भी इसी तरह का प्रोत्साहन मिले।

यह पहली बार होगा कि जब इस साल पेरिस ओलंपिक की 48 एथलेटिक्स स्पर्धाओं के स्वर्ण पदक विजेताओं को विश्व एथलेटिक्स द्वारा भारी राशि दी जाएगी। विश्व एथलेटिक्स ने अपने इस दायरे को बढ़ाने का वादा किया है कि 2028 लास एंजिलिस चरण में सभी तीनों पदक विजेताओं को शामिल किया जाएगा।

### टेनिस या फुटबॉल से नहीं की जा सकती तुलना

नीरज ने कहा, पैसे के मामले में एथलेटिक्स में उस तरह की राशि नहीं है जैसे टेनिस या फुटबॉल और अन्य खेलों में है। विश्व एथलेटिक्स का पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता एथलीट के लिए पुरस्कार राशि की घोषणा करने का फैसला अच्छी शुरुआत है। यह अच्छा फैसला है।विश्व एथलेटिक्स बहुत सक्रिय होता जा रहा है। आने वाले समय में मुझे लगता है कि वे डायमंड लीग जैसी प्रतियोगिताओं में भी वित्तीय प्रोत्साहन देंगे, जो अच्छा होगा।

चोपड़ा ने खिलाड़ियों के लिए




वित्तीय सुरक्षा की जरूरत पर बात करते हुए कहा, 'हम जो कमाई करते हैं, वो खिलाड़ियों के लिए पर्याप्त है। इससे हमें आराम की जिंदगी जीने में मदद मिल रही है, हमारे परिवार को आराम की जिंदगी मिल रही है।'

### ट्रैक एवं फील्ड एथलीट का मुख्य योगदान

विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन को ने कहा कि ओलंपिक पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि देना लंबे समय से लंबित था क्योंकि ओलंपिक खेलों में जो भारी राजस्व मिलता है, उसमें ट्रैक एवं फील्ड एथलीट का मुख्य योगदान होता है। उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) से फैसले पर चर्चा नहीं की जिसके अंतर्गत ओलंपिक खेल आयोजित होते हैं।

### 90 मीटर फेंक सकता हूं भाला

नीरज चोपड़ा पेरिस ओलंपिक से पहले 90 मीटर दूर भाला फेंकने का लक्ष्य बनाए हैं और उनका कहना है कि जिस तरह से उनकी तैयारी चल रही है, यह किसी भी समय हो सकता है।

चोपड़ा ने अपना 89.94 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 2022 स्टॉकहोम डायमंड लीग के दौरान फेंका था। ट्रेनिंग में वह 90 मीटर दूर भाला फेंक चुके हैं, लेकिन प्रतियोगिता में वह अभी तक इसकी बराबरी नहीं कर पाए हैं।

## संक्षिप्त समाचार



### मोंटे कार्लो मास्टर्स में विश्व नंबर सात से कड़े संघर्ष में हारे सुमित नागल, दो घंटे तक चला मैच

**मोंटे कार्लो (फ्रांस)।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में विश्व नंबर सात डेनमार्क के होल्गर रूने से तीन सेटों के संघर्ष में हार गए। उन्हें दो घंटे 11 मिनट में 3-6, 6-3, 2-6 से हार मिली। बुधवार को दोनों के बीच मुकाबला रुक गया था। उस वक्त रूने 6-3, 3-5 से आगे थे।

गुरुवार को सुमित ने अपनी सर्विस बरकरार रखते हुए दूसरा सेट अपने नाम कर लिया। तीसरे सेट में दोनों 2-2 से बराबर थे, लेकिन यहां से रूने ने जबरदस्त खेल का प्रदर्शन करते हुए बाकी चार गेम जीतकर मैच अपने नाम कर लिया।

टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंचने के साथ सुमित का एटीपी रैंकिंग में करियर की श्रेष्ठ 80वीं रैंकिंग पर पहुंचना तय हो गया है। वह अभी 93वीं रैंकिंग पर हैं। यही नहीं सुमित को फ्रेंच ओपन के मुख्य ड्रॉ में भी प्रवेश मिल गया है। इससे पहले 2019 में प्रजनेश गुणेश्वरन फ्रेंच ओपन के मुख्य ड्रॉ में खेलने वाले अंतिम भारतीय थे।



एशिया बैडमिंटन चैंपियनशिप

### सिंधू-प्रणय हारे, टूर्नामेंट में भारत की चुनौती समाप्त, ओलंपिक की तैयारियों को झटका

**निंगबो (चीन)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और एचएस प्रणय के यहां अपने प्री-क्वार्टर फाइनल में बाहर होने से एशिया बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गई। पेरिस ओलंपिक से पहले फॉर्म में लौटने की कोशिश में जुटी सिंधू ने एक घंटे और नौ मिनट तक कड़ी चुनौती पेश की, लेकिन अंत में छठी वरीयता प्राप्त चीन की हान युए से 18-21, 21-13 17-21, से हार गईं।

सातवीं वरीयता प्राप्त प्रणय को चीनी ताइपे के गैर वरीय लिन चुन यि से महज 43 मिनट में 18-21, 11-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। भारतीयों के एक अन्य नतीजे में तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की युगल जोड़ी प्री-क्वार्टर फाइनल में जापान की नामी मातसुयामा और चिहारू शिडा की तीसरी वरीय जोड़ी से 17-21, 12-21 से पराजित हो गईं।

निर्णायक गेम में युए 17-10 से आगे हो गईं। सिंधू ने हालांकि कुछ अंक जुटाकर अंतर 20-17 किया। सिंधू ने दो गेम प्वाइंट बचाए, लेकिन अंत में उनकी प्रतिद्वंद्वी ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।



एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप

### उदित को रजत, फाइनल में जापान के पहलवान से हारे, अभिमन्यु और विक्की को कांस्य

**बिश्केक (किर्गिस्तान)।** भारत के उदीयमान पहलवान उदित को पुरुष फ्रीस्टाइल 57 किग्रा के फाइनल में जापान के केंटो यूमिया के हाथों 4-5 से पराजय के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। अभिमन्यु ने 70 किग्रा के फ्रीस्टाइल में उज्बेकिस्तान के बेजिजोन कुल्दाशेव को 6-5 से हराकर कांस्य पदक जीता। वहीं, विक्की ने 97 किग्रा में किर्गिस्तान के आंद्रेइ रोमानोविच अरोनोव को 10-1 से मात दी।

ट्रायल में बजरंग पूनिया को हराने वाले रोहित कुमार 65 किग्रा में जापान के मासानोसुके ओनो से 3-5 से हार गए। परविंदर सिंह एकमात्र भारतीय पहलवान थे जो पदक दौर में नहीं पहुंच सके। वह 79 किग्रा स्पर्धा में क्वालीफिकेशन में जापान के रियुनोसुके कामिया से 0-3 से हारकर बाहर हो गए।

यह सीनियर स्तर पर उदित का दूसरा पदक है। उन्होंने 2022 में ट्यूनीशिया में यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरीज में रजत पदक जीता था। उदित के लिए पहले दौर का यह मुश्किल मुकाबला रहा जिसमें उन्होंने ईरान के प्रतिद्वंद्वी इब्राहिम माहदी खरी को 10-8 से शिकस्त दी।

## संक्षिप्त समाचार

### हिंदू नववर्ष के स्वागत में कार्यक्रम आयोजित

**आरा।** हिंदू नववर्ष २०८१ के स्वागत में राष्ट्रीय हिन्दू न्यायिक सुरक्षा मंच की ओर से तीन दिवसीय कार्यक्रम हुआ। आरा के ब्रह्मर्षि स्वामी सहजानंद सरस्वती स्मारक पुस्तकालय वाचनालय समिति के स्मारक भवन में नेतृत्व मंच के सचिव व हाईकोर्ट पटना के अधिवक्ता तारकेश्वर नाथ ठाकुर ने किया। मौजूद लोगों को तिलक कर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। उदवंतनगर से मंगाये गये गुड़ का खुरमा वितरीत किया गया। श्री ठाकुर ने नववर्ष मनाने की कारणों को बताया। विक्रमादित्य का राज्यारोहण दिवस,बिक्रम संवत की शुरुआत, आर्यसमाज की स्थापना, आर एस एस के संस्थापक डा केशव बलिराम हेडगेवार का जन्म,हिंदुओं के मांगलिक कार्यों को इसी वर्ष पद्धति द्वारा किया या जाता है।

### बगवां गुमटी के पास गिट्टी उखड़ने से होती दुर्घटनाएं

**गड़हनी।** आरा-सासाराम रेलवे लाइन पर बगवां गांव के रेलवे गुमटी के पास ट्रैक पर उखड़ा गिट्टी रेलवे पटरी को ऐसे ही छोड़ दिया गया है। बताया जा रहा कि आरा -सासाराम रेलवे लाईन पर ठेकेदार द्वारा पटरी को बदलने का काम किया गया है। जिससे गुमटी के पास गिट्टी को छोड़ दिया गया हैं। गिट्टी के वजह से मोटरसाइकिल सवार असंतुलित होकर गिर जाते हैन। गड़हनी निवासी निक्कू कुमार ने बताया कि वहां ट्रैक के पास बदले गए रेलवे पटरी को भी बगल में छोड़ दिया गया है।जिसके वजह से ठोकर बन गया है। उसके वजह से भी मोटरसाइकिल सवार गिर जाते है। बगवां निवासी प्रेम प्रदीप कुमार ने भी कहा कि वहां सही से पार नहीं करने पर गिरना तय है। वहां ट्रैक के पास गिट्टी को हटवा कर मरम्मत करना चाहिए।

### ज्योतिबा फुले की मनाई गई जयंती

**आरा।** समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती को भाजपा ने जिले में कई जगह मनाया। भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष दुर्गा राज की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। कहा कि ज्योतिबा फुले ने सबसे पहले अपनी पत्नी साबित्री बाई फुले को शिक्षित किया और देश का पहली महिला अध्यापक बनाया। इन्होंने समाज मे फैले कुरीतियों और छुआ-छुट को समाप्त करने के लिए सत्य शोधक संस्थान का स्थापना कर सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने मे सफलता पाया। कार्यक्रम में ई. धीरेन्द्र सिंह, संतोष चंद्रवंशी, रमेश कुमार कर्ण, विभु जैन,राहुल सिंह, हरेन्द्र चंद्रवंशी, निशांत सिंह सेंगर, रवि रंजन, प्रतीक चंद्रवंशी, दल के जिला मीडिया प्रबंधक संजय कुमार सिंह थे।

### जीएम आज आरा और बिहिया स्टेशन का करेंगे निरीक्षण

**आरा।** पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर जोन के जीएम तरूण प्रकाश आज आरा और बिहिया स्टेशन का निरीक्षण करेंगे। जी एम तरुण प्रकाश के आगमन की सूचना मिलने के बाद । रेल प्रशासन ने पुरी तैयारी कर ली है। इसको लेकर आरा और बिहिया रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को पूरे दिन बुकिंग, पैनल, फाइल अप टू डेट, सिग्नल, इंजीनियरिंग, सहित सभी सेफ्टी विभाग फाइल अप टू डेट करते नजर आये। बताया जा रहा है जीएम पटना से विशेष ट्रेन से आरा जंक्शन पर आयेंगे । जहां निरीक्षण करने के बाद बिहिया स्टेशन पर पहुंचेंगे। जीएम द्वारा हर विभाग के निरीक्षण के साथ अमृत भारत योजना के तहत गति शक्ति विभाग द्वारा करायें जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया जायेगा।

### गड़हनी के 100 से ज्यादा उम्र के 18 मतदाता करेंगे मतदान

**गड़हनी।** गड़हनी लोकसभा व अगिआंव विधानसभा के उपचुनाव में गड़हनी प्रखंड के 100 से ऊपर उम्र के 18 और 85 से ऊपर उम्र के 654 मतदाता अपना विधायक व सांसद चुनने में भाग लेंगे।इस संबंध में सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह गड़हनी बीडीओ बीरेन्द्र कुमार ने बताया 100 और 85 के ज्यादा उम्र के मतदाता को मतदान करने के लिए बीएलओ मतदाता के घर जाकर उनकी सहमति लेंगे की आप वोट डालने मतदान केंद्र पर जाएंगे या नही। वही मतदाता अपनी असमर्थता जताते हैं तो बीएलओ के अनुसार सेक्टर पदाधिकारी मतदाता के घर जाकर बैलेट पेपर के माध्यम से उनको मतदान कराएंगे।वही ऐसे मतदाता मतदान केंद्र पर आते है तो उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पहले मतदान करने का प्रावधान किया गया हैं।

### सक्षमता परीक्षा में शामिल शिक्षकों का 13 अप्रैल को होगा थंब इंप्रेशन

**आरा।** सक्षमता परीक्षा में शामिल होने वाले वैसे शिक्षक जिनका अब तक किसी कारण वश थंब इंप्रेशन नहीं हो सका है। उनको फिर से मौका दिया गया है। 13 अप्रैल को जिला शिक्षा कार्यालय में थंब इंप्रेशन का कार्य होगा। शिक्षा विभाग ने पत्र जारी करते हुए सभी प्रखंड के लेखापाल को निर्देश दिया है कि स्वयं अपने प्रखण्ड के संबंधित शिक्षक के साथ उपस्थित होकर थंब इंप्रेशन कराना सुनिश्चित करेंगे।

### वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में 64 अतिथि शिक्षकों का सेवा विस्तार

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने भोजुपर, बक्सर, रोहतास और कैमूर जिले में कार्यरत 64 अतिथि शिक्षकों का सेवा विस्तार कर दिया है। विश्वविद्यालय ने अधिसूचना भी जारी कर दी है। कुलसचिव डॉ रणविजय कुमार ने बताया कि महाविद्यालयों के प्राचार्यों द्वारा उपलब्ध कराए गए संतोषजनक रिपोर्ट के आधार पर अतिथि शिक्षकों का सेवा विस्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि एसबी कॉलेज के भौतिकी विभाग के अतिथि शिक्षक डॉ हरेंद्र सिंह का वेतन भुगतान करने के लिए भी अधिसूचना जारी की गई है।

### टेंपो के तहखाने में छुपाकर लाई जा रही शराब बरामद, 2 पकड़ाए

**धनसोई।** धनसोई थाने की पुलिस ने धनसोई थाना क्षेत्र के कैथहर खुर्द पीपरा टोला से गुप्त सूचना के आधार पर एक टेंपो से शराब बरामद किया है। जबकि मौके से दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि शराब तस्कर टेंपो के माध्यम से शराब की डिलीवरी करने के लिए दिनारा की ओर जा रहे हैं। उसके पीछे 2 बाइक सवार रैकी कर रहे थे। तभी पुलिस ने कैथहर खुर्द पीपरा टोला की ओर लाईट जलाकर आ रही एक टेंपो को रोका तो टेंपो चालक व बाइक सवार वाहन छोड़कर भागने लगे। पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ लिया। इसके बाद टेंपों को जांच किया तो पहले कुछ नहीं मिला। हालांकि जब टेंपो के ऊपर चढ़कर देखा गया तो तहखाना बनाकर उसमें शराब रखा गया था। कुल अलग-अलग कंपनियों की 220 पीस शराब बरामद किया गया। मौके से पुलिस ने दो बाइक तथा टेंपो को जब्त कर लिया। वहीं पुलिस ने राजपुर थाना के देवढिया गांव निवासी अभिषेक कुमार राम व सूरज कुमार राम को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करके दोनों से पूछताछ किया गया, तो बताया कि यूपी के दिलदार नगर से शराब ला रहे थे। तत्पश्चात उसे जेल भेज दिया गया। 1 फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

### एक लाख रुपए के लिए विवाहिता के साथ मारपीट

**बक्सर।** दहेज को लेकर एक लाख रुपए के लिए विवाहिता के साथ मारपीट कर घर से निकाल देने का मामला सामने आया है। विवाहिता ने मामले को लेकर महिला थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। महिला थाना पुलिस मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई करने में जुट गई हैं। जानकारी के मुताबिक औद्योगिक थाना क्षेत्र के भटवलिया गांव के रामजी शर्मा के पुत्री दुर्गा की शादी 13 मई 2017 को यूपी के गाजीपुर जिला के भांवरकोल थाना क्षेत्र के बढ़नपुरा गांव के बबन शर्मा के पुत्र विक्की शर्मा के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले छोटी-छोटी बातों को लेकर उसके साथ मारपीट करते थे। मारपीट के दौरान पिछले वर्ष मार्च महीने में मारपीट कर घर से निकाल दिया। मामले को लेकर विवाहिता के मायके वालों के द्वारा समझौता करने का प्रयास किया गया। मामले में समझौता नहीं होने पर विवाहिता ने महिला थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। महिला थानाध्यक्ष सुजाता कुमारी ने बताया कि मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# दो बाइक की टक्कर में चार लोग जख्मी, घायलों में दो की स्थिति गंभीर

◆ **बीहिया स्टेशन से लौटने के दौरान हुआ हादसा, पटना रेफर**

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के बिहिया थाना क्षेत्र के चकरही गांव के समीप गुरुवार को दो बाइक की सीधी भिड़ंत में दो दोस्त समेत चार लोग जख्मी हो गए। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से जख्मियों को इलाज के लिए बिहिया पीएससी ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद आरा रेफर कर दिया गया। जबकि दूसरी बाइक पर सवार दो जख्मियों का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा।

**ये लोग हुए जख्मीः** जख्मियों में तीयर थाना क्षेत्र के उत्तरदहां गांव निवासी श्याम बिहारी के 16 वर्षीय पुत्र मंटू कुमार और सुरेश सिंह का 16 वर्षीय पुत्र रंजन कुमार समेत चार लोग जख्मी है। इधर, जख्मी रंजन कुमार ने बताया कि वह अपने गांव से बाइक पर सवार होकर मंटू कुमार और एक अन्य दोस्त के साथ बिहिया स्टेशन दोस्त को छोड़ने आया था।

**गंभीर हालत में पटना रेफर कियाः** जख्मी रंजन ने कहा कि जब वापस गांव मंटू कुमार के साथ लौट रहा था, तभी उत्तरदहां गांव की ओर से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों बुरी तरह जख्मी हो गए, जबकि सामने बाइक पर सवार महिला समेत दो जख्मी है। आरा सदर अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद मंटू कुमार और रंजन कुमार को गंभीर हालत में पटना रेफर कर दिया गया है। चिकित्सक ने बताया कि मंटू कुमार के सिर में काफी गंभीर चोट आई है। जिससे उसकी हालत काफी गंभीर बनी हुई है। दोनों का प्राथमिक उपचार कर दिया गया है।



# शराब और 96 हजार कैश के साथ तीन गिरफ्तार



निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के चौसा चेकपोस्ट पर उत्पाद पुलिस ने नगद रूपए और शराब के साथ तीन लोग को गिरफ्तार किया है। उत्पाद अधीक्षक दिलीप पाठक ने बताया कि उत्पाद निरीक्षक दिलीप सिंह की ओर से जांच अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान कार संख्या UP 54 AU 7229 को रोक कर जब जांच की गई तो कार में 7.5 लीटर विदेशी शराब पाई गई। इसके साथ ही इन लोगों के पास से 20,100 और 500 रुपए के नोट में कुल 96 हजार कैश भी बरामद किया गया। मामले में चालक समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन लोगों ने बताया कि यूपी के गाजीपुर से कर्मनाशा पुल होते हुए बिहार आ रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों में दानपुर निवासी मुकेश कुमार, यूपी के रायपुर निवासी आकाश कुमार और यूपी के गाजीपुर निवासी शक्ति पांडेय शामिल है। वहीं कार किसी डॉक्टर की बताई जा रही है और आरोपी इसे मांग कर लाए थे।

# जिले के 263 प्लस टू विद्यालयों में होगा इंटर का नामांकन, खुला पोर्टल

निज संवाददाता। आरा

आरा जिले के 263 प्लस टू विद्यालयों में इंटर सत्र, 2024-26 का नामांकन होगा। शिक्षा विभाग ने विद्यालयों में 11वीं में नामांकन की प्रक्रिया गुरुवार से शुरू कर दी है। ऑनलाइन आवेदन के लिए ओएफएसएस का पोर्टल गुरुवार से खुल गया है। पोर्टल पर 20 अप्रैल तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी अहसन ने बताया कि बिहार बोर्ड ने नामांकन से संबंधित सारी जानकारी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। अभ्यर्थी नामांकन से संबंधित गाइडलाइन का अध्ययन करने के बाद ही सही तरीके से आवेदन करेंगे। जिलेवार सीटों की संख्या से संबंधित सूची ओएफएसएस वेबसाइट पर उपलब्ध है। भोजपुर जिले के 263 प्लस टू विद्यालयों में इंटर का नामांकन होगा। यह नामांकन कला, विज्ञान और वाणिज्य तीनों संकाय में होगा। इस बार डिग्री कॉलेजों में इंटर में नामांकन नहीं होगा। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इस बार डिग्री कॉलेजों को इस सूची से हटा दिया है। ओएफएसएस के पोर्टल पर वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अधीनस्थ कॉलेजों की सूची अब नहीं मिलेगी। अभ्यर्थियों को केवल विद्यालयों में ही नामांकन के लिए आवेदन करना होगा। गौरतलब हो कि पिछले सत्र इंटर में नामांकन के लिए अभ्यर्थियों के पास प्लस टू विद्यालयों के अलावा कॉलेजों में भी नामांकन लेने का विकल्प था। इसके बावजूद मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके कई अभ्यर्थी इंटर नामांकन से वंचित हो गए थे। अब इस बार मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले कितने अभ्यर्थी इंटर नामांकन से वंचित होते है। यह आने वाला समय बताएगा।




# नवविवाहिता की हत्या मामले में पति गिरफ्तार, सास-ससुर, ननद समेत चार नामजद

**दहेज के लिए ससुराल वाले करते थे प्रताड़ित**

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के भैरोडीह गांव में नवविवाहिता की हत्या मामले में नामजद प्राथमिकी कराई गई है। मृतका के पिता अशोक ठाकुर के बयान पर हुई प्राथमिकी में पति समेत चार को नामजद आरोपित किया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपित पति सोनू ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया है। वह भैरोडीह गांव का निवासी है। जबकि ससुर योगेंद्र ठाकुर,सास अनीता देवी, ननद बेबी देवी को नामजद आरोपित किया गया है।

**27 फरवरी को हुई थी शादीः** मृतका के पिता ने दहेज में चेन व बाइक के लिए प्रताड़ित करने और हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने बताया है कि 27 फरवरी 2023 को हिंदू–रीति रिवाज के साथ रोहतास जिले के बिक्रमगंज स्थित स्कामनी मां मंदिर में बड़ी धूमधाम से शादी की थी। नामजद आरोपी एक लाख रुपए व बाइक दहेज में मायके वालों से मांग रहे थे। नहीं देने पर अक्सर मारपीट करते थे। जिसकी जानकारी बेटी मोबाइल से हमें देती थी।

**बाइक और रुपए की डिमांड के लिए की थी पिटाईः** 9 अप्रैल को सोनू ठाकुर शराब के नशे में धुत्त होकर रुपए और बाइक मांगने के लिए बेटी से मारपीट करते हुए उसका दाहिना हाथ तोड़ दिया था। तब बेटी की सूचना पर हम सब परिवार उसके ससुराल भैरोडीह गांव पहुंचे थे। इलाज का खर्च देकर व ससुराल वालों को समझा बूझाकर वापस चले आए। सभी से हाथ जोड़कर बोले कि मैं गरीब हूं मेहनत मजदूरी कर कमाई होने के बाद धीरे-धीरे आपकी मांग को पूरी कर देंगे। लेकिन इसी बीच पति सोनू ठाकुर, ससुर योगेंद्र ठाकुर, सास अनीता देवी और ननद बेबी देवी ने मिलकर साजिश के तहत मेरी पुत्री सपना कुमारी की हत्या कर दी है। वहीं प्राथमिकी में नामजद आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए चरपोखरी थाना पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।





# सरकारी स्तर पर अब तक गेहूं की खरीदारी अभी तक शुरू नहीं, 158 समितियों का हुआ है चयन

निज संवाददाता। आरा

सरकार द्वारा किसानों से गेहूं खरीद करने के निर्देश के बावजूद भी जिला में गेहूं खरीद का कार्य कई प्रखंड में शुरू भी नहीं किए गए हैं। जगदीशपुर को छोड़कर अन्य प्रखंडों में बनाए गए पैक्स व व्यापार मंडल के खरीदारी का आंकड़ा शुन्य है। गेहूं खरीदारी के लिए बार-बार निर्देश दिए जा रहे हैं। व्यापार मंडल एवं पैक्स पर सहकारिता विभाग दबाव बना रहा है। लेकिन इसके बावजूद भी गेहूं खरीदारी में कोई रुचि नहीं दिख रही है। निर्देश के एक माह होने को है। लेकिन अभी तक एक किलो भी गेहूं खरीदारी नहीं किया गया है। तत्कालीन जिलाधिकारी राज कुमार के नेतृत्व में 12 मार्च को गेहूं अधिप्राप्ति टास्क फोर्स की बैठक कर 15 मार्च से खरीदारी शुरू करने के निर्देश दिए गए थे। जिला में गेहूँ अधिप्राप्ति के लिए 158 समितियों का चयन किया गया है। जिसमें व्यापार मंडल और पैक्स शामिल हैं। सभी के लिए अलग-अलग लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य रुपये 2275/- प्रति क्विंटल निर्धारित है। जबकि बाजार में करीब यही भाव है। जिला का समेकित सांकेतिक लक्ष्य 40000 मिट्रिक टन निर्धारित किया गया था। चरपोखरी प्रखंड में आठ पैक्स एवं व्यापार मंडल गेहूं खरीदारी के लिए चिन्हित किया गया है। जिला में मात्र 35 किसानों ने ही गेहूं बेचने के लिए आवेदन किए हैं गेहूं बेचने के लिए किसानों को भी रुचि नहीं देखी जा रही है। सरकार का पोर्टल पर पूरे जिले से अब तक मात्र 35 किसानों ने गेहूं बेचने के लिए आवेदन किया है। जिसमें चरपोखरी प्रखंड के कोयल एवं सेमरांव पैक्स से एक-एक किसानों ने आवेदन कर रखा है। आवेदन नहीं करने का मुख्य कारण बताया जाता है कि सरकारी समर्थन मूल्य एवं बाजार मूल्य में कोई ज्यादा अंतर नहीं है। जबकि किसानों को सरकारी केंद्रों पर गेहूं बेचने के लिए कई जटिल प्रक्रियाओं से गुजरना होता है। जिसके कारण किसान सरकारी केंद्रों पर गेहूं बेचना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं। गेहूं की कटनी दूर से शुरू होने के कारण खरीदारी शुरू नहीं हो पाई है। कटनी शुरू हो गई है। एक-दो दिन में खरीदारी में तेजी आएगी। - अजय कुमार, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी




### नामांकन में खराब प्रदर्शन करने वाले कुशल युवा केंद्र संचालकों से डीएम ने मांगा स्पष्टीकरण




निज संवाददाता। आरा

डीएम अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में कुशल युवा केंद्र संचालकों के साथ समीक्षात्मक बैठक कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सभाकक्ष में की गई। डीएम ने बैठक में सभी केंद्रों पर बिहार कौशल विकास मिशन के मानकों के अनुरूप उपकरण की उपलब्ध, केंद्रों में गुणवत्ता पूर्ण प्रशिक्षण एवं केंद्रों में इंटेक यूटिलाइजेशन के संबंध में समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में निराशाजनक प्रदर्शन करने वाले केंद्रों से इंटेक की अपेक्षा कम छात्रों का नामांकन के संबंध में कारण पूछा गया। डीएम ने सभी केंद्र संचालकों को निर्देशित किया कि केंद्रों पर बिहार कौशल विकास मिशन के मानकों में अनुरूप उपकरण की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। साथ ही केंद्रों पर गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण हेतु अच्छी क्वालिटी के लर्निंग फैसिलिटेटर नियुक्त करने का निदेश सभी केंद्रों को दिया गया।डीएम ने जिला नियोजन पदाधिकारी को वैसे सभी केंद्र जिनकी पिछले 3 माह में नामांकन काफ़ी कम है, यदि अप्रैल माह में भी नामांकन इंटेक की अपेक्षा में कम रहता है तो उनके खिलाफ अग्रेतर कार्रवाई के लिए बिहार कौशल विकास मिशन को रिपोर्ट करेंगे। बता दें कि कुशल युवा कार्यक्रम के तहत मैट्रिक व इंटरमीडिएट पास सभी युवाओं को मुफ्त कंप्यूटर की शिक्षा दी जाती है।

# दानापुर से पुणे के लिए 2 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेन, मुंबई के लिए भी चलेगी एक जोड़ी गाड़ी, जून तक रेल यात्रियों को मिलेगी सुविधा

निज संवाददाता। आरा

गर्मियों की छुट्टी के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उनकी सुविधा के लिए रेलवे कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन कर रहा है। इसी क्रम में दानापुर और समस्तीपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनस, मुंबई के लिए 01-01 जोड़ी और दानापुर से पुणे के लिए 02 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएगी। जिसकी जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने दी है। गाड़ी सं. 01409-01410 लोकमान्य तिलक-दानापुर-लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट स्पेशल (पं.दीनदयाल उपाध्याय जं.-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-भुसावल के रास्ते) - गाड़ी संख्या 01409 लोकमान्य तिलक-दानापुर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन लोकमान्य तिलक से 29 जून तक हर सोमवार और शनिवार को 12.15 बजे खुलकर अगले दिन 17.00 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 01410 दानापुर-लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन दानापुर से 30 जून तक हर मंगलवार और रविवार को 18.15 बजे खुलकर अगले दिन 23.55 बजे लोकमान्य तिलक पहुंचेगी। यह स्पेशल दानापुर और लोकमान्य तिलक के बीच आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज छिवकी, मनिकपुर, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, पिपरिया, इटारसी, खण्डवा, भुसावल, नासिक रोड, इगतपुरी एवं कल्याण स्टेशनों पर रुकेगी। इस स्पेशल में प्रथम वातानुकूलित श्रेणी का 01, द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 02, तृतीय इकॉनामी वातानुकूलित श्रेणी के 06, शयनयान श्रेणी के 08 तथा साधरण श्रेणी के 03 कोच होंगे। गाड़ी सं. 01043/01044 लोकमान्य तिलक-समस्तीपुर-लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट स्पेशल (मुजफ्फरपुर-हाजीपुर-पाटलिपुत्र-पं.दीन दयाल उपाध्याय जं.-प्रयागराज छिवकी के रास्ते) - गाड़ी संख्या 01043 लोकमान्य तिलक-समस्तीपुर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन लोकमान्य तिलक से 27 जून तक हर गुरुवार को 12.15 बजे खुलकर शुक्रवार को 21.15 बजे समस्तीपुर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 01044 समस्तीपुर-लोकमान्य तिलक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन समस्तीपुर से 28 जून तक प्रत्येक शुक्रवार को 23.20 बजे खुलकर रविवार को 07.40 बजे लोकमान्य तिलक पहुंचेगी। यह स्पेशल समस्तीपुर और लोकमान्य तिलक के बीच मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, पाटलिपुत्र, दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.,प्रयागराज छिवकी, मनिकपुर, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, पिपरिया, इटारसी, खण्डवा, भुसावल, नासिक रोड, इगतपुरी एवं कल्याण स्टेशनों पर रुकेगी। इस स्पेशल में प्रथम वातानुकूलित श्रेणी का 01, द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 02, तृतीय इकॉनामी वातानुकूलित श्रेणी के 06, शयनयान श्रेणी के 08 तथा साधरण श्रेणी के 03 कोच होंगे। गाड़ी सं. 01105/01106 पुणे-दानापुर-पुणे स्पेशल (पं.दीनदयाल उपाध्याय जं.-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-भुसावल के रास्ते) - गाड़ी संख्या 01105 पुणे-दानापुर स्पेशल ट्रेन पुणे से 24.06.2024 तक प्रत्येक सोमवार को 19.55 बजे खुलकर बुधवार को 04.30 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 01106 दानापुर-पुणे स्पेशल ट्रेन दानापुर से 26 जून तक प्रत्येक बुधवार को 06.30 बजे खुलकर गुरुवार को 17.35 बजे पुणे पहुंचेगी। यह स्पेशल दानापुर और पुणे के बीच आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज छिवकी, मनिकपुर, जबलपुर, इटारसी, खण्डवा, भुसावल, मनमाड, कोपरगांव, अहमदनगर एवं दौण्ड स्टेशनों पर रिकेगी। इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 16 और साधरण श्रेणी के 02 कोच होंगे। गाड़ी सं. 01471/01472 पुणे-दानापुर-पुणे सुपरफास्ट स्पेशल (पं.दीनदयाल उपाध्याय जं.-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर-भुसावल के रास्ते) - गाड़ी संख्या 01471 पुणे-दानापुर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन पुणे से 11-14 अप्रैल और 02-05 मई को 06.30 बजे खुलकर अगले दिन 12.00 बजे दानापुर पहुंचेगी।

